द्विभाषी राष्ट्रसेवक

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal

❖ वर्ष : 73 ❖ अंक : 4/5 ❖ जुलाई/अगस्त, 2023



ख्वाहिश नहीं मुझे मशहूर होने की

हरिवंश राय बच्चन
(27 नवंबर, 1909 – 18 जनवरी, 2003)

ख्वाहिश नहीं मुझे
मशहूर होने की,
आप मुझे पहचानते हो
बस इतना ही काफी है।
अच्छे ने अच्छा और
बुरे ने बुरा जाना मुझे,
जिसकी जितनी जरूरत थी
उसने उतना ही पहचाना मुझे!
जिन्दगी का फलसफा भी
कितना अजीब है,
शामें कटती नहीं और
साल गुजरते चले जा रहे हैं!
एक अजीब सी
'दौड़' है ये जिन्दगी,
–जीत जाओ तो कई
अपने पीछे छूट जाते हैं और
हार जाओ तो
अपने ही पीछे छोड़ जाते हैं!
बैठ जाता हूँ
मिट्टी पे अक्सर,
मुझे अपनी
औकात अच्छी लगती है।
मैंने समंदर से
सीखा है जीने का तरीका,
चुपचाप से बहना और
अपनी मौज में रहना।
ऐसा नहीं कि मुझमें
कोई ऐब नहीं है,
पर सच कहता हूँ
मुझमें कोई फरेब नहीं है।
जल जाते हैं मेरे अंदाज से
मेरे दुश्मन,
एक मुद्दत से मैंने
न तो मोहब्बत बदली
और न ही दोस्त बदले हैं।
एक घड़ी खरीदकर
हाथ में क्या बाँध ली,
वक्त पीछे ही
पड़ गया मेरे!

सोचा था घर बनाकर
बैठूँगा सुकून से,
पर घर की जरूरतों ने
मुसाफिर बना डाला मुझे!
सुकून की बात मत कर
बचपन वाला इतवार अब नहीं आता!
जीवन की भागदौड़ में
क्यूँ वक्त के साथ रंगत खो जाती है?
हँसती–खेलती जिन्दगी भी
आम हो जाती है!
एक सबेरा था
जब हँसकर उठते थे हम,
और आज कई बार बिना मुस्कुराए
ही शाम हो जाती है!
कितने दूर निकल गए
रिश्तों को निभाते–निभाते,
खुद को खो दिया हमने
अपनों को पाते–पाते।
लोग कहते हैं
हम मुस्कुराते बहुत हैं,
और हम थक गए
दर्द छुपाते–छुपाते!
खुश हूँ और सबको
खुश रखता हूँ,
लापरवाह हूँ खुद के लिए
मगर सबकी परवाह करता हूँ।
मालूम है
कोई मोल नहीं है मेरा फिर भी
कुछ अनमोल लोगों से
रिश्ते रखता हूँ। ❑

RNI NO. ASSBIL/2009/31008 ISSN : 2321-4945

एक हृदय हो भारत जननी

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

(भाषा, साहित्य, समाज, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका)

UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 73 अंक : 4-5 जुलाई-अगस्त, 2023

परामर्श मंडल

श्री भारतभूषण महंत
कार्याध्यक्ष, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी (असम)

प्रो. आर.एस. सर्राजु
सम कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय
तेलंगाना-500046

प्रो. प्रदीप के शर्मा
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक, सिक्किम - 737101

डॉ. दीपक प्रकाश त्यागी
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

डॉ. दिलीप कुमार मेधि
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अमूल्य चंद्र बर्मन
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अच्युत शर्मा
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

प्रधान संपादक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

संपादक

प्रो. मोहन
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-1

कार्यकारी संपादक

रामनाथ प्रसाद
प्रभारी साहित्य सचिव
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

DWIBHASHI RASTRASEWAK : A Bilingual (Hindi & Assamese) Monthly Research Journal, Focused on Language, Literature Society, Art and Culture, Partially funded by Central Hindi Directorate, Govt. of India and Published by Asom Rastrabhasha Prachar Samiti, Rupnagar, Guwahati-781032.

प्रकाशक :
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी-32

संपादकीय कार्यालय :
प्रधान संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
सेवा मंदिर पथ, रूपनगर, गुवाहाटी-32
फोन : 9101541395, 9101541380
ई-मेल : rastrasewak51@gmail.com

सहयोग राशि : 100/- (प्रति अंक)

शब्द संयोजन : रतिकांत कलिता

आवरण पृष्ठ : इंटरनेट से साभार

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया द्वारा सराइघाट फोटो टाइप्स प्रा.लि., इंडस्ट्रियल इस्टेट, गुवाहाटी-781021 में मुद्रित, प्रकाशित एवं प्रसारित।

सर्वाधिकार : **असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32**

'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' में प्रकाशित रचनाओं के विचारों से असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग हेतु प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

विषय सूची

क्रम	विषय	लेखक	पृष्ठ
	हिंदी विभाग		
	संपादकीय (प्रेमचंद की सादगी)		4
1.	मुंशी प्रेमचंद का उपन्यास साहित्य	✍ डॉ. मजीद शेख	5
2.	निरालाकृत 'तुलसीदास' की सांस्कृतिक चेतना	✍ डॉ. मालविका शर्मा	16
3.	महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव के बरगीतों में राम-वंदना	✍ डॉ. निबेदिता नाथ	24
4.	समकालीन कविता का मानवीय चेहरा	✍ प्रो. प्रमोद कोवप्रत	30
5.	राभा लोकगीत : एक अध्ययन	✍ डॉ. चंदना शर्मा	34
6.	श्री अरविंद की विचारधारा का अंतर्राष्ट्रीयकरण	✍ प्रभाकर पाण्डेय	38
7.	फणीश्वरनाथ रेणु और महिम बोरा के उपन्यासों में चित्रित कृषक जीवन	✍ अंचल कुमारी राय	46
8.	भारत का स्वतंत्रता संग्राम और पत्रकारिता	✍ सीमा ✍ डॉ. सुनीता सिरोही	51
9.	कमल कुमार की कहानियों में सामाजिक समस्या	✍ रेखा गुप्ता	57
10.	आदिवासी संस्कृति के महासागर : समकालीन हिंदी उपन्यास	✍ सीमा कुमारी मीना	62
	অসমীয়া বিভাগ		
11.	প্রেমচন্দৰ অমৰ সৃষ্টি 'কফন'	✍ ড° নৱকান্ত শর্মা	71
12.	প্রেমচন্দৰ 'নির্মলা' উপন্যাসখনৰ মাজেৰে ফুটি উঠা পুৰুষতাত্ত্বিক সমাজখনৰ মানসিকতা	✍ অর্ণৱ শর্মা	76
13.	কাৰবি ভাষা ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন	✍ বনজিৎ শর্মা	82
14.	অসমৰ মহিলা পৰিচালিত নাট্যগোষ্ঠী ঃ এটি অধ্যয়ন	✍ বিটুমণি মালীয়া	88
15.	উত্তৰ-পূব ভাৰতৰ লোকজীৱনৰ ওপৰত বিশ্বায়নৰ প্রভাৱ ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন	✍ দিপ্তী সিতলা ✍ ড° স্মৃতিশিখা চৌধুৰী	95
16.	য়েছে দৰজে ঠংচিৰ উপন্যাস 'লিঙাঝিক'ত অৰুণাচল প্রদেশৰ চেৰদুকপেন লোকসমাজৰ লোকাচাৰ আৰু লোক-সাংস্কৃতিক সমল	✍ ড° পূণ্য লতা গোঁহাঞি	103
17.	হেমচন্দ্র বৰুৱাৰ সাহিত্যৰ ভাষা ঃ এক সংক্ষিপ্ত মূল্যায়ন	✍ চুচুংফা বৰগোঁহাঞি	115
18.	অসমৰ চাহ জনগোষ্ঠীয় মহিলাসকলৰ জীৱনশৈলী আৰু আর্থ-সামাজিক অৱস্থা ঃ এক আলোচনা	✍ কৃশাংগী শইকীয়া	124
19.	স্বৰাজ আন্দোলনৰ অক্লান্ত চিপাহী কবি অম্বিকাগিৰি ৰায়চৌধুৰী	✍ ড° বিনীতা নাথ	129

संपादकीय

प्रेमचंद की सादगी

'जो व्यक्ति धन-सम्पदा में विभोर और मगन हो, उसके महान पुरुष होने की मैं कल्पना भी नहीं कर सकता। जैसे ही मैं किसी आदमी को धनी पाता हूँ, वैसे ही मुझ पर उसकी कला और बुद्धिमत्ता की बातों का प्रभाव काफूर हो जाता है। मुझे जान पड़ता है कि इस शख्स ने मौजूदा सामाजिक व्यवस्था को, उस सामाजिक व्यवस्था को, जो अमीरों द्वारा गरीबों के दोहन पर अवलम्बित है - स्वीकार कर लिया है। इस प्रकार किसी भी बड़े आदमी का नाम, जो लक्ष्मी का कृपापात्र भी हो, मुझे आकर्षित नहीं करता। बहुत मुमकिन है कि मेरे मन के इन भावों का कारण जीवन में मेरी निजी असफलता ही हो। बैंक में अपने नाम में मोटी रकम जमा देखकर शायद मैं भी वैसा ही होता, जैसे दूसरे हैं - मैं भी प्रलोभन का सामना न कर सकता, लेकिन मुझे प्रसन्नता है कि स्वभाव और किस्मत ने मेरी मदद की है और मेरा भाग्य दरिद्रों के साथ सम्बद्ध है। इससे मुझे आध्यात्मिक सांत्वना मिलती है।'

ये बातें महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद ने 1 दिसंबर, 1935 को प्रसिद्ध लेखक बनारसी दास चतुर्वेदी को एक खत के जरिए कही थी। प्रेमचंद और बनारसी दास चतुर्वेदी में गहरी दोस्ती थी। दोनों के बीच अक्सर खत जो किताबी हुआ करती थी। इस सिलसिले में बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रेमचंद के इंतकाल के बाद उनके संस्मरणों पर आधारित एक किताब लिखी, जिसका नाम था - 'स्वर्गीय प्रेमचंद जी'।

इस किताब में उन्होंने इस ख़त को भी शामिल किया है। इस ख़त को पढ़कर प्रेमचंद जी के व्यक्तित्व का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। यह खत प्रेमचंद की सादा मिज़ाजी, उनका देशप्रेम और फकीराना अंदाज़ को दर्शाता है।

आधुनिक भारत के शीर्षस्थ साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की रचनादृष्टि साहित्य के विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त हुई है। उपन्यास, कहानी, नाटक, समीक्षा, संस्मरण, निबंध आदि अनेक विधाओं में उन्होंने साहित्य सृजन किया। उनका जीवन जितनी गहनता लिए हुए है, साहित्य के फलक पर उतना ही व्यापक है। उन्होंने कुल 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियाँ, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें तथा हजारों की संख्या में लेख आदि की रचना की।

प्रेमचंद अपनी हर कृति को इतने समर्पित भाव से रचते कि पात्र जीवंत होकर पाठक के हृदय में धड़कने लगते थे। यहां तक कि पात्र यदि व्यथित हैं तो पाठक की पलक की कोर भी नम हो उठती। पात्र यदि किसी समस्या का शिकार है तब उसकी मनोवैज्ञानिक प्रस्तुति इतनी प्रभावी होती है कि पाठक भी समाधान मिलने तक बेताबी का अनुभव करता है।

वे स्वयं आजीवन जमीन से जुड़े रहे और अपने पात्रों का चयन भी हमेशा परिवेश के अनुसार ही किया। उनके द्वारा रचित पात्र होरी किसानों का प्रतिनिधि चरित्र बन गया।

अगर एक वाक्य में कहा जाए तो प्रेमचंद एक सच्चे भारतीय थे। एक सामान्य भारतीय की तरह उनकी आवश्यकताएं भी सीमित थीं। उनके कथाकार पुत्र अमृतराय ने एक जगह लिखा है 'क्या तो उनका हुलिया था, घुटनों से जरा नीचे तक पहुँचने वाली मिल की धोती, उसके ऊपर कुर्ता और पैरों में बन्ददार जूते। आप शायद उन्हें प्रेमचंद मानने से इनकार कर दें लेकिन तब भी वही प्रेमचंद थे, क्योंकि वही हिन्दुस्तान हैं।'

प्रेमचंद हिन्दी के पहले साहित्यकार थे, जिन्होंने पश्चिमी पूंजीवादी एवं औद्योगिक सभ्यता के संकट को पहचाना और देश की मूल कृषि संस्कृति तथा भारतीय जीवन दृष्टि की रक्षा की।

सुमित्रानन्दन पंत के शब्दों में -प्रेमचंद ने नवीन भारतीयता एवं नवीन राष्ट्रीयता का समुज्ज्वल आदर्श प्रस्तुत कर गांधी जी के समान ही देश का पथ प्रदर्शन किया।

ऐसे संवेदनशील लेखक, यथार्थवादी साहित्यकार, उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर राष्ट्रसेवक परिवार की ओर से उन्हें शत्-शत् नमन। ❑

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

मुंशी प्रेमचंद का उपन्यास साहित्य

डॉ. मजीद शेख

सहयोगी प्राध्यापक एवं शोध निर्देशक
हिंदी विभाग, प्रतिष्ठान महाविद्यालय,
पैठण, जिला : औरंगाबाद-431107
(महाराष्ट्र), मो. : 09765944586
ई-मेल : majidmshaikh@gmail.com

भूमिका :

साहित्यकार मनुष्यता का रक्षक और उसका प्रवक्ता एवं संस्थापक भी होता है। इसमें करुणा का भाव होता है और वह अशक्त एवं सशक्त सभी के प्रति संवेदनशील रहता है। इस समाज में एक-दूसरे का शोषण भी मनुष्य ही करता है। परंतु साहित्यकार इस शोषित-पीड़ित मनुष्य के साथ खड़ा होता है। प्रेमचंद ने कहा था - साहित्यकार दुर्बल, शोषित एवं दमित व्यक्ति का वकील होता है और उसकी पीड़ा को समाज के सम्मुख प्रस्तुत करता है। प्रेमचंद का साहित्य ऐसे कई उदाहरणों से लबरेज हैं, जहां वे समाज के सबसे अशक्त मनुष्य के पक्ष में खड़े हैं। प्रेमचंद-साहित्य में युग की समस्याओं को बड़ी व्यापकता के साथ स्थान मिला है, जिसमें व्यक्ति, परिवार, समाज, देश आदि सभी समस्याएं विद्यमान हैं। वे समस्याओं का चित्रण तो करते ही हैं, पर उनके समाधान का रास्ता भी खोलते हैं।

'मुंशी' और 'प्रेमचंद' दो अलग-अलग लोग थे। 'हंस' पत्रिका के संपादक 'प्रेमचंद' और सह-संपादक 'कन्हैयालाल मुंशी' थे। संपादकों की जगह 'मुंशी, प्रेमचंद' लिखा जाता था। कभी-कभार टंकन की गलती से 'मुंशी प्रेमचंद' लिखा गया। भूलवश या गलती से स्वीकृत वही नाम भविष्य में 'मुंशी प्रेमचंद' हुआ। मजे की बात यह है कि केवल विराम चिह्न हटने से ये सब घटित हुआ था।

व्यक्तित्व :

प्रेमचंद के लेखन की शुरुआत उर्दू-उपन्यास, कहानियों के लेखन से हुई। सन् 1907 ई. को उनका 'सोजे वतन' उर्दू कहानियों का संग्रह प्रकाशित हुआ, जो अगले वर्ष जब्त कर लिया गया। अभी तक प्रेमचंद (घर का नाम धनपतराय) 'नवाबराय' के नाम से लिखा करते थे, किंतु 'सोज़े वतन' की जब्ती के बाद से 'प्रेमचंद' नाम से लिखने लगे। अर्थात्

उन्होंने 'नवाबराय' नाम छोड़कर 'प्रेमचंद' नाम से लिखना शुरू किया। मुंशी दयानारायण निगम उर्दू के प्रसिद्ध पत्रकार और समाज सुधारक थे। वे बीसवीं शताब्दी के आरंभ में कानपुर से प्रकाशित होनेवाली उर्दू पत्रिका 'ज़माना' के संपादक थे। प्रेमचंद प्रारंभ में 'नवाबराय' नाम से कहानियां लिखते थे और उनकी कई कहानियां 'ज़माना' में प्रकाशित हुई थीं, परंतु जब अंग्रेज सरकार ने उनकी कहानियों पर आपत्ति करनी शुरू की तो उन्होंने नाम बदलने का निर्णय लिया। दयानारायण निगम ने उन्हें 'प्रेमचंद' नाम दिया। 'ज़माना' के दिसंबर, 1910 ई. के अंक में एक कहानी 'बड़े घर की बेटी' शीर्षक से छपी। इस पर पहली बार 'प्रेमचंद' का नाम छपा। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है, **'जो लोग उर्दू को विदेशी भाषा समझते हैं, उन्हें यह सुनकर दुःख होगा कि 'प्रेमचंद', यह प्यारा नाम, उन्हें एक उर्दू लेखक और संपादक दयानारायण निगम ने दिया था।'**[1] प्रेमचंद और नवाबराय, इन नामों को लेकर सुदर्शन जी से उनकी बातचीत इस तरह हुई – **'आपने नवाबराय नाम क्यों छोड़ दिया ?' वे इस प्रश्न का उत्तर देते हैं, 'नवाब वह होता है, जिसके पास कोई मुल्क भी हो। हमारे पास मुल्क कहां ? बे-मुल्क नवाब भी होते हैं। यह कहानी का नाम हो जाए तो बुरा नहीं, मगर अपने लिए यह नाम घमंडपूर्ण है। चार पैसे पास नहीं और नाम नवाबराय। इस नवाबी से प्रेम भला, जिसमें ठंडक भी है, संतोष भी है।'**[2]

'साधारण बुद्धि' और 'साधारण जन' प्रेमचंद के लिए कोई जुमला नहीं था। यह उनकी छाती फाड़कर देखा जा सकता है। लोग उन्हें 'उपन्यास सम्राट' कहते थे। इस सामंती उपाधि से वे बेहद झुंझलाते थे। 'समालोचक' में लिखते हुए उन्होंने इस पर खुलेआम आपत्ति की थी, 'इस उपाधि से मुझसे अधिक घृणा शायद ही कोई करता होगा।' **'वे लेखक और मनुष्य के रूप में जनता के (या 'कलम' के) सिपाही रहना पसंद करते थे, सम्राट नहीं।'**[3]

प्रेमचंद लिखने में वह एक मजदूर की तरह परिश्रम करते थे और जो लोग लिखना बंद कर देते थे, उन्हें



फटकारते भी थे। डॉ. रामविलास शर्मा लिखते हैं, **'इस दृढ़ निश्चय से प्रेमचंद ने साहित्य-रचना की थी, इसलिए कि वह जानते थे कि भले ही धन और यश न मिले, उनके साहित्य से जनता का हित अवश्य होगा।'**[4] वे बड़े ही स्वाभिमानी व्यक्ति थे, लेकिन अपने सम्मान से ज्यादा उन्हें देश के सम्मान का ध्यान रहता था। डॉ. रामविलास शर्मा के शब्दों में, **'प्रेमचंद के लिए देश-भक्ति और जनतंत्र दो विरोधी चीजें नहीं थीं। वह राष्ट्रीय और जनवादी भावनाओं के समर्थक थे। निर्भीकता से वह अपने विचार दूसरों के सामने रखते थे और उनके लिए लड़ते थे।'**[5]

प्रेमचंद का साहित्य अपने समय के भारतवर्ष और उसके स्वाधीनता-आंदोलन का प्रतिबिंब है। उसमें उस समय के सामाजिक जीवन और स्वाधीनता-आंदोलन की असंगतियां भी झलकती हैं। डॉ. कमल किशोर गोयनका लिखते हैं, **'वे भारतीयता के कथाकार थे**

और उनकी भारतीयता बहुलतावादी और समावेशी थी और उसमें भारतीय समाज का बृहद रूप समाया था। उन्होंने समाज की विषमता, भेदभाव,विसंगति और अमानवीयता पर गहरी चोट की और जीवन के आदर्श रूप की स्थापना की। उन्होंने गांधीवाद को साहित्य में समुचित स्थान दिया और स्वाधीनता-संग्राम के महागाथाकार बने। वे कृषि संस्कृति के उपासक और रक्षक थे और पश्चिमी सभ्यता एवं औद्योगिकरण को भारतीयता के शत्रु मानते थे। वे मनुष्य में देवत्व के अन्वेषी रचनाकार थे और भारतीय आत्मा के सर्जक कथाकार।'[6]

प्रेमचंद का उपन्यास साहित्य :

प्रेमचंद आरंभ में 'उर्दू' में लेखन करते थे, फिर हिंदी में लेखन किया। उनका पहला उर्दू उपन्यास 'असरारे मुआ विद' उर्फ 'देवस्थान रहस्य' रहा है। प्रस्तुत उपन्यास में ईश्ववर का नाम लेकर मठों में चलनेवाले अनाचारों का चित्रण है। दूसरा उपन्यास 'हमखुरमा वा हमशबाब' है। इसका हिंदी में रूपांतर 'प्रेमा' शीर्षक से हैं। इनके समग्र उपन्यास साहित्य पर दृष्टि डालने पर स्पष्ट होता है कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से प्रेमचंद का सर्वप्रथम उपन्यास 'रूठी रानी' है। इसके बाद 'कृष्णा', 'वरदान', 'प्रेमा' और 'श्यामा' आदि का क्रम आता है। प्रेमचंद की 'सेवासदन' पहली प्रौढ़ औपन्यासिक कृति है, जहां से उनके नये औपन्यासिक जीवन का ही नहीं अपितु हिंदी-उपन्यास के नये युग का भी प्रादुर्भाव हुआ। 'सेवासदन' (1918 ई.) के बाद 'वरदान' (1921 ई.) 'प्रेमाश्रम' (1922 ई.), 'रंगभूमि' (1925 ई.), 'कायाकल्प' (1926 ई.), 'निर्मला' (1927 ई.), 'प्रतिज्ञा' (1929 ई.) 'ग़बन' (1931 ई.), 'कर्मभूमि' (1933 ई.), 'गोदान' (1936 ई.) यह उनकी मौलिक उपन्यास कृतियां हैं। प्रेमचंद का 'मंगलसूत्र' (अपूर्ण) उपन्यास है। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है, **'करोड़ों मनुष्यों का संहार करनेवाले दो महायुद्धों के बीच प्रेमचंद की वाणी अपने भविष्य में अटल विश्वास रखनेवाली भारतीय जनता की वाणी है।'**[7] उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर बांग्ला भाषा के सुप्रसिद्ध उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट कहकर संबोधित किया था।

प्रेमचंद का साहित्य बीसवीं शताब्दी के भारतवर्ष का सही इतिहास है। हमारी जनता की सहृदयता, सहनशीलता और वीरता उनकी रचनाओं में फूल की तरह खिली हुई हैं। अंग्रेजों का बर्बर पुलिस-राज, खूनी आतंक और उनके मित्रों का जनता से विश्वासघात उनकी रचनाओं में काले कुहरे की तरह छाया हुआ है। भारत के लोग एक भरा-पूरा, सुखी, सुसंस्कृत, समृद्ध जीवन बिताना चाहते हैं-यह साध उनकी रचनाओं में निरंतर झलकती है। इस साध को पूरा करने के लिए वे कैसा पराक्रम दिखाते हैं, इसका समग्र ब्यौरा प्रेमचंद का साहित्य हैं। डॉ. रामविलास शर्मा लिखते हैं, **'विराट मानव-संस्कृति की धारा में भारतीय जन-संस्कृति की गंगा ने जो कुछ दिया, उसके प्रमाण प्रेमचंद के लगभग एक दर्जन उपन्यास और उनकी सैकड़ों कहानियां हैं।'**[8]

प्रेमचंद के साहित्य-जगत् में प्रवेश के साथ ही हिंदी उपन्यास में एक नया मोड़ आता है। अभी तक हिंदी पाठक जासूसी का चमत्कार और तिलस्म के आश्चर्यजनक करिश्मे देख रहे थे। ऐतिहासिक रोमांसों की स्थिति भी इससे भिन्न नहीं थी। उनमें सनातनधर्मी प्रतिक्रियावादी मनोवृत्तियां, पर्दा प्रथा का समर्थन, थोथे पातिव्रत्य का अनुमोदन, सहशिक्षा तथा विधवा-विवाह का विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। प्रेमचंद ने हिंदी उपन्यासों को इस भूल-भुलैया और प्रतिक्रियावादी स्थितियों से बाहर निकाल कर वास्तविकता की ज़मीन पर खड़ा किया।

1. सेवासदन (1918 ई.) :

'सेवासदन' इनकी प्रारंभिक कृतियों में सबसे महत्वपूर्ण उपन्यास है। यह उपन्यास प्रेमचंद के उर्दू उपन्यास 'बाजार-ए-हुस्न' का हिंदी रूपांतर है। 'बाजार-ए-हुस्न' उर्दू भाषा में यही उपन्यास 1919 ई. में छपा था। प्रेमचंद का हिंदी में प्रकाशित होने वाला 'सेवासदन' पहला उपन्यास था। इस उपन्यास ने हिंदी तथा कथा साहित्य के क्षेत्र में एक युगांतर उपस्थित किया। प्रेमचंद

ने इस उपन्यास में मध्यवर्गीय सामाजिक जीवन की दहेज प्रथा, अनमेल विवाह तथा वेश्या समस्या जैसी ज्वलंत समस्याओं पर प्रहार किया है। **'प्रेम, भक्ति और क्षमा का कैसा मनोहर, कैसा दिव्य, कैसा आनंदमय दृश्य है। माता-पिता का हृदय प्रेम से पुलकित हो रहा है और पुत्र के हृदय सागर में भक्ति की तरंगे उठ रही है। इसी प्रेम और भक्ति की निर्मल ज्योति से हृदय की अंधेरी कोठरियां प्रकाशपूर्ण हो गई हैं। मिथ्याभिमान और लोक लज्जा या भयरूपी कीट पतंग वहां से निकल गये हैं। अब वहां न्याय, प्रेम और सद्व्यवहार का निवास है।'** [9] इसके अतिरिक्त परिवार में किसी के नैतिक पतन के कारण पूरे परिवार को जो तिरस्कार और अपमान सहना पड़ता है, उसका मार्मिक चित्रण इस उपन्यास में देखने को मिलता है। इस उपन्यास में वेश्या प्रथा के उन्मूलन हेतु 'सेवासदन' की स्थापना कराके आदर्शवादी समाधान उपस्थित करने का सराहनीय प्रयास किया गया है। 'सेवासदन' यह उपन्यास लोगों को सस्ती शिक्षा देने के लिए नहीं लिखा गया था। वास्तव में वेश्या-जीवन उसका मुख्य विषय है भी नहीं, 'सुमन' कथा पर छाई हुई है, इसलिए ऐसा आभास हो सकता है कि उपन्यास वेश्या-जीवन पर है। 'सुमन' एक अच्छे स्वभाव की सुंदर-सी लड़की है। उसमें यदि कोई विशेषता है तो यह कि वह अन्याय के सामने झुकना नहीं जानती। प्रेमचंद ने 'सुमन' को एक सांचे में ढली हुई सुंदर मूर्ति की तरह पाठक के सामने नहीं रख दिया। उसके चरित्र-चित्रण में एक मौलिकता है, जो उनकी कला की सबसे बड़ी विशेषता है। डॉ.रामविलास शर्मा ने 'सुमन' का बड़ा सटीक विश्लेषण किया है, **'हिंदी-कथा साहित्य की वह पहली नारी है, जो आत्म-सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष की डगर पर पांव उठाती है। बचपन में वह साधी और निस्सहाय है। उसकी इच्छाओं को आसानी से कुचलकर उसे एक अवांछित पुरुष के हवाले किया जा सकता है, लेकिन उसके भीतर कहीं वीर नारी का दर्प सो रहा था, वह दर्प जो भारतीय नारी की विशेषता है, और ठोकर खाकर वह जाग उठता है।'** [10]

2. वरदान (1921 ई.) :

'सेवासदन' के पश्चात 'वरदान' उपन्यास लिखा गया। देशभक्ति एवं समाज सेवा को दृष्टि में रखकर प्रेमचंद ने इस उपन्यास को लिखा। इस उपन्यास की मूल कथा प्रेम और कर्तव्य के द्वंद्व पर आधारित है। प्रस्तुत उपन्यास में देशभक्ति, समाज सेवा, सच्चा प्रेम तथा सच्चरित्र आदि पर सम्यक रूप से प्रकाश डाला गया है। आदर्श नारी 'सुवामा' बीस वर्ष तक अष्टभूजा देवी की आराधना करके उसे अपने देश का उद्धार करने वाले पुत्र को जन्म देने का वर मांगती है। देश-भक्त पुत्र को वह कुबेर का धन, इंद्र के बल, सरस्वती की विद्या से भी उत्कृष्ट मानती है। देवी की कृपा से उसको पुत्र पैदा होता है। 'सुवामा' ने उस पुत्र का नाम 'प्रतापचंद्र' रखा था। 'प्रतापचंद्र' अत्यंत सुंदर तथा प्रतिभा संपन्न था। **'सुवामा को अपने होनहार पुत्र पर अभिमान था। उसके जीवन की गति देखकर उसे विश्वास हो गया था कि मन में जो अभिलाषा रखकर मैंने पुत्र मांगा था, वह अवश्य पूर्ण होगी'** [11]

'वरदान' उपन्यास की रचना किसी राजनीतिक अथवा आर्थिक समस्या को ध्यान में रखकर नहीं की थी, बावजूद अपनी इस छोटी-सी प्रारंभिक रचना में भी प्रेमचंद ने किसानों की दशा का वर्णन प्रस्तुत करने के लिए अवसर ढूंढ़ निकाला है। उपन्यास की अधिकांश कथा में क्रमश: कृत्रिमता बढ़ती चली गई है और कल्पना की अतिशयता ने मूल कथानक को ही गड़बड़ कर दिया है। अपितु प्रेमचंद की 'वरदान' एक दुर्बल कृति है।

3. प्रेमाश्रम (1922 ई.) :

'प्रेमाश्रम' इस उपन्यास में ग्रामीण जीवन की प्रधानता है। इसमें मुख्यत: किसान और जमींदारों के प्रश्नों को उठाकर जमींदारी प्रथा के विरुद्ध मुखर आवाज उठाई गई है। पुरानी सामंती और जमींदारी सभ्यता किस प्रकार खोखली हो चुकी है और किस प्रकार वह अपने अंतिम दिनों में भी किसानों के शोषण में व्यस्त है, इन सबका बड़ा सजीव तथा सटीक मार्मिक चित्रण किया हैं। **'मानव-चरित्र न बिल्कुल श्यामल होता है, न बिल्कुल श्वेत। उसमें दोनों ही रंगों का विचित्र**

सम्मिश्रण होता है। स्थिति अनुकूल हुई तो वह ऋषितुल्य हो जाता है, प्रतिकूल हुई तो नराधम। वह अपनी परिस्थितियों का खिलौना मात्र है।' [12] उन्होंने किसान जीवन को आधार बनाकर इस औपन्यासिक कृति का निर्माण किया है। वास्तव में किसान जीवन पर यह हिंदी का पहला उपन्यास है। अपितु इसमें जमींदार तथा किसानों के संघर्ष को दिखाया गया है। 'प्रेमाश्रम' को 'महाकाव्यात्मक उपन्यास' घोषित करने में असुविधा नहीं होनी चाहिए। कमल किशोर गोयनका लिखते हैं, **'अपनी कुछ दुर्बलताओं के होने पर भी 'प्रेमाश्रम' का प्रकाशन हिंदी उपन्यास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक घटना है। युग के सांस्कृतिक बहाव को चित्रित करनेवाला उपन्यास, महाकाव्य की गरिमा से मंडित है और वह हिंदी का प्रथम महाकाव्यीय-उपन्यास है।'** [13] हिंदी में इस तरह का उपन्यास किसी ने पहले न लिखा था। किसानों पर लिखना साधारण काम नहीं था। उस पर भी किसी ख़ास आदमी को नायक न बनाना और भी अनोखा प्रयोग था। प्रेमचंद ने पाप और पुण्य के राक्षस और देवता नहीं रचे। उन्होंने उस धड़कन को सुना जो करोड़ों किसानों के दिल में हो रही थी। डॉ. रामविलास शर्मा के शब्दों में, **'प्रेमाश्रम' लिखना एक अद्भुत साहस का काम था। साहित्य का झंडा लिए हुए प्रेमचंद ऐसे मार्ग पर चल पड़े, जिसे पहले किसी ने तय न किया था। उनकी प्रतिभा का यह प्रमाण है कि उन्होंने जो साहस किया, वह दुस्साहस साबित नहीं हुआ। 'प्रेमाश्रम' एक अत्यंत लोकप्रिय उपन्यास के रूप में आज भी जीवित है।'** [14]

4. रंगभूमि (1925 ई.) :

'रंगभूमि' उनका यह आकार की दृष्टि से सबसे बड़ा उपन्यास है। यह उपन्यास असहयोग आंदोलन के दौरान लिखा गया था, इसका प्रभाव उपन्यास में सर्वत्र दिखाई देता है। गांधीवाद का व्यापक प्रभाव भी इस उपन्यास पर रहा है। इस उपन्यास में दलितों एवं गरीबों का विस्तार से चित्रण हुआ है। इस उपन्यास का नायक 'सूरदास' दलित है। उसमें गजब का जीवट है। वह बाधाओं से मुंह नहीं मोड़ता अपितु संघर्ष करता रहता है। इस उपन्यास में पूंजीपति एवं सामंतों के शोषण, अन्याय-अत्याचार के वास्तविक चित्र को उकेरा गया है। इसमें ग्रामीण जीवन की सरलता, आत्मीयता के स्थान पर औद्योगिक सभ्यता की विद्रुपता और जटिलता का भी उल्लेख देखने को मिलता हैं। औद्योगिक शोषण, राजनीतिक पराधीनता और वर्ग-संघर्ष से ओत-प्रोत इस उपन्यास में भारतीय जन-जीवन के अनेक पक्ष दिखाए गए हैं।

बनारस के पास पांडेपुर नामक गांव 'रंगभूमि' का घटना स्थल है। अंधा 'सूरदास' भीख मांगता हुआ अपना जीवन निर्वाह करता है। भीख मांगने में भी वह सदा दूसरों की भलाई चाहता है। यात्रियों की जान की खैर मानते हुए वह कहता है, 'दाता'! भगवान तुम्हारा कल्याण करें-यही उसकी टेक थी।' [15] इस उपन्यास की विशेषता यह है कि भारतीय समाज के निम्नतम चमार जाति के एक अंधे एवं दुबले-पतले भिखारी 'सूरदास' को अपने उपन्यास का प्रधान पात्र बनाकर प्रेमचंद हिंदी साहित्य में ही नहीं, अपितु भारतीय साहित्य एवं विश्व-साहित्य के पटल पर अमर स्थान प्राप्त कर लेते हैं। **'साहब, वैरागी होने के लिए भभूत लगाने और भीख मांगने की जरूरत नहीं। हमारे महात्माओं ने तो भभूत लगाने और जटा बढ़ाने को पाखंड बताया है। वैराग तो मन से होता है। संसार में रहे, पर संसार का होकर न रहे। इसी को वैराग कहते है।'** [16] प्रेमचंद गांधीजी के दर्शन से प्रभावित होने के कारण एक चमार 'सूरदास' को गांधीजी की विचारधारा का सच्चा प्रतिनिधि बनाते हैं।

5. कायाकल्प (1926 ई.) :

'कायाकल्प' उपन्यास का मूल उद्देश्य भारतवर्ष के हिंदू समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और परंपराओं को दिखाना रहा हैं। इस उपन्यास की प्रमुख समस्या हिंदू-मुस्लिम वैमनस्य है, जो उस समय भारत की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई थी। अर्थात् यह उपन्यास उस समय लिखा गया जब देश सांप्रदायिक हिंसा की चपेट में आ गया था। इस उपन्यास का कथानक दो रूपों में सामने आता है। एक भौतिक और दूसरा आध्यात्मिक। भौतिक पक्ष में सांप्रदायिक समस्या को

उठाया गया है। प्रेमचंद ने इस उपन्यास में उन तथ्यों की ओर संकेत किया है, जो सांप्रदायिकता को जन्म देते हैं तथा उसका पोषण करते हैं। आध्यात्मिक पक्ष में आध्यात्मिक चेतना, लोक-परलोक की बात तथा अलौकिक चमत्कार आदि दिखाया गया है। इस उपन्यास में गरीबों की दयनीय दशा, दुख, विवशता तथा उन पर होनेवाले अत्याचारों का भी चित्रण किया गया है।

'कायाकल्प' में अलौकिक कथा का समावेश है। इसमें रानी देवप्रिया की अतृप्त वासना को चित्रित किया है। रियासतों के जीवन को यथार्थ रूप में चित्रित किया गया है। इस उपन्यास में प्रेमचंद ने आध्यात्मिक पृष्ठभूमि पर ही रानी देवप्रिया तथा उसके पति के चरित्र के माध्यम से जन्म-मरण के कुछ रहस्यों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया है। **'उसे कुछ-कुछ संदेह हो रहा था कि मैं सो तो नहीं रही हूं। कोई मनुष्य माया के दुर्भेद्य अंधकार को चीर सकता है? जीवन और मृत्यु के मध्यवर्ती अपार विस्मृत सागर को पार कर सकता है? जिसमें यह सामर्थ्यय हो, वह मनुष्य नहीं, प्रेत योनि का जीव है।'**[17] आध्यात्मिक वातावरण से पृथक इस उपन्यास में सांप्रदायिकता उन्मूलन का उद्देश्य भी विद्यमान है।

6. निर्मला (1927 ई.) :

'निर्मला' इस उपन्यास का कथ्य अनमेल-विवाह, दहेज समस्या पर आधारित है। अपने कतिपय बृहत उपन्यासों में देश की कई महत्त्वपूर्ण समस्याओं का विश्लेषण करने के पश्चात् प्रेमचंद ने इस छोटे-से उपन्यास में भारतीय नारी की समस्या की ओर संकेत किया है। उपन्यास के प्रमुख पात्र निर्मला, तोताराम, मंसाराम आदि हैं। इसमें मुख्य कहानी निर्मला की है, उसके पिता की मृत्यु के बाद उसके विवाह में बहुत-सी कठिनाइयां आती हैं। दहेज देने में असमर्थ होने के कारण फूल-सी सुकुमारी कन्या का विवाह करीब चालीस वर्ष की आयुवाला वकील दुहाजू तोताराम के साथ किया जाता है। पहली पत्नी के तीन लड़के हैं- मंसाराम, जियाराम और सियाराम। घर में तोताराम की एक बहन रूक्मिनी भी रहती है। ऐसे परिवार में निर्मला वधू बनकर आती है। इस स्थिति में वह तोताराम से प्रेम नहीं कर पाती। चूंकि तोताराम की आयु उसके पिता के समान थी। वह उनके सामने सिर झुकाकर देह चुराकर निकलती थी। वह उससे प्रेम नहीं करती अपितु उनका सम्मान करती है। तोताराम काम विज्ञान के ग्रंथों को पढ़कर निर्मला को प्रसन्न करने का प्रयत्न करते हैं, पर दयनीय रूप में पराजित होते हैं। इस विवाह के कारण दो-दो परिवार कैसे बर्बाद होते हैं, इसका मार्मिक चित्रण ही 'निर्मला' में हुआ है।

तोताराम निर्मला और बड़े पुत्र मंसाराम के स्नेहह पर शंकालु होकर मंसाराम को बोर्डिंग में भेज देता है। बोर्डिंग में भेजने का कारण स्पष्ट नहीं करते। तब से मंसाराम तथा निर्मला की आंतरिक मनोदशा का वर्णन कथाकार ने बड़े ही मनोवैज्ञानिक रूप में किया है। अंत में मरनासन्न मंसाराम निर्मला के चरणों पर गिरकर अपनी पवित्रता का निरूपण करके प्राण छोड़ देता है। 'मंसाराम जो चारपाई से हिल भी न सकता था, उठकर खड़ा हो गया और निर्मला के पैरों पर गिरकर रोते हुए बोला-**अम्माजी, इस अभागे के लिए आपको व्यर्थ इतना कष्ट हुआ। मैं आपका स्नेह कभी-भी न भूलूंगा। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि मेरा पुनर्जन्म आपके गर्भ से हो, जिससे मैं आपके ऋण से अऋण हो सकूं। ईश्वर जानता है, मैंने आपको विमाता नहीं समझा। मैं आपको अपनी माता समझता रहा।'**[18] निर्मला का विवाह, मंसाराम की मृत्यु, तोताराम के परिवार का सर्वनाश होना, निर्मला की करुणापूर्ण मृत्यु, डॉ. सिन्हा की मृत्यु होने से सुधा का विधवा होना आदि सभी दृश्य अत्यंत करुणापूर्ण होकर मानवीय गुणों को जागृत करते हैं। इस उपन्यास में भी प्रेमचंद के मानवतावादी दृष्टिकोण का परिचय प्राप्त होता है।

7. प्रतिज्ञा (1929 ई.) :

'प्रतिज्ञा' प्रेमचंद का विधवा समस्या के समाधान हेतु लिखित एक सामाजिक उपन्यास है। इस उपन्यास में विधवा समस्या को रूढ़िगत एवं आध्यात्मिक दृष्टि से न देखकर वास्तविक जीवन की समस्या को हल करने का प्रयास किया गया है। उन दिनों में आर्य समाज के द्वारा विधवा पुनर्विवाह का तीव्र प्रचार हो

रहा था। उस प्रचार का प्रभाव प्रेमचंद पर अच्छी तरह पडा। अपितु स्वयं उन्होंने एक विधवा के साथ अपना दूसरा विवाह कर लिया। उन्हीं दिनों में यह उपन्यास लिखा गया था। लाला बदरीप्रसाद अपनी पुत्री प्रेमा का विवाह दाननाथ से कर देना चाहता है। दाननाथ एक सुंदर और बड़ा सज्जन युवक है। वह अपने काम से काम रखनेवाला सरल स्वभाव का युवक है। वह एक कॉलेज में प्राध्यापक भी है।

दाननाथ अमृतराय का प्रिय मित्र है। वह भी प्रेमा से प्यार करता है। इस दरमियान अमृतराय की पत्नी तथा प्रेमा की बहन का देहावसान हो जाता है। बदरीप्रसाद अपना पूर्व निर्णय बदलकर प्रेमा का विवाह अमृतराय के साथ कर देने का निश्चय कर लेते हैं। और अमृतराय भी प्रेमा से प्यार करता है। इस निर्णय से दाननाथ को बड़ा सदमा पहुंचता है। वह संसार से विरक्त-सा हो जाता है। वह बहुत दु:ख से जीवन व्यतीत करने लगता है। एक दिन काशी के आर्य मंदिर में आर्य समाज का व्याख्यानकर्ता अमरनाथ विधवा पुनर्विवाह का समर्थन करते हुए जोरदार भाषण देता है। संयोग से अमृतराय और दाननाथ भी उस व्याख्यान को सुनने जाते हैं। अमरनाथ के इस व्याख्यान का गहरा प्रभाव अमृतराय पर पड़ता है और वह मन में विधवाओं के उद्धार करने की 'प्रतिज्ञा' करके अपना हाथ उठाता है।

बदरीप्रसाद की बेटी प्रेमा का विवाह दाननाथ के साथ हो जाता है। प्रेमा अपने पति के घर जाती है और आनंद से जीवन व्यतीत करने लगती है, परंतु दाननाथ को भी यही शंका बनी रहती हैं कि प्रेमा को अमृतराय से प्रेम है। प्रेमा को यह बात मन-ही-मन चुभती है, पर त्याग एवं प्रतीक्षा का दामन वह नहीं छोड़ती। एक दिन जब दाननाथ उसे आ कर कहते हैं, 'न जाने मेरी बुद्धि पर क्यों ऐसा पर्दा पड़ गया कि अपने अनन्य मित्र पर ऐसे संदेह करने लगा तो प्रेमा का मनोमालिन्य बह जाता है।' **'आज मुझे मालूम हुआ है कि संसार में मेरा कोई सच्चा मित्र है तो यही है। मैंने इसके साथ बड़ा अन्याय किया। आज क्षमा मांगूंगा, सच्चे दिल से क्षमा मांगूंगा।'** [19]

अमृतराय विधवाओं की सेवा करने के लिए एक विधवा आश्रम खोलता है। अनेक आश्रयहीन विधवाएं उस आश्रम में आश्रय पाती है। उस आश्रम को चलाने के लिए आवश्यक धन अमृतराय चंदाओं के रूप में वसूल करने लगता है। इस प्रकार के आश्रम स्थापित कर समाज की कर्तव्य भावना के सहारे समस्या का समाधान करना ही प्रेमचंद युग की विशेषता रही है।

8. बन (1931 ई.) :

'बन' प्रेमचंद का सामाजिक उपन्यास है। इसमें स्त्रियों के आभूषण प्रेम का उल्लेख किया है। और नारी के आभूषण लगाव से कितने प्रश्न निर्माण होते हैं, इसका सटीक चित्रण देखने को मिलता है। उपन्यास के आरंभिक हिस्से में सामाजिक जीवन प्रमुख है तो अंतिम हिस्से में राजनीतिक उपन्यास हो जाता है। इस उपन्यास में प्रेमचंद ने गांधीवादी विचारधारा की व्यंजना की है।

प्रेमचंद को भारतीय समाज की गहरी समझ थी। मध्यवर्ग भी उनसे छूटा नहीं था। वे अच्छी तरह जानते थे कि आमदनी अधिक न होने पर भी यह वर्ग दिखावे के लिए खर्च करता है और अनेक विपत्तियों को स्वयं निमंत्रण देता है। उपन्यास में दयानाथ अपने बेटे रमानाथ के विवाह में अपनी हैसियत से अधिक खर्च करता है। रमानाथ भी अपने पिता से कम नहीं है, अपितु इस कार्य में अपने पिता से पांच कदम आगे ही हैं। उसकी पत्नी जालपा में भी आभूषणों के प्रति स्वाभाविक लगाव है। रमानाथ अपनी पत्नी को प्रसन्न रखने के लिए भ्रष्टाचार का सहारा लेता है। परिणामस्वरूप घोर संकट में फंस जाता है। इस उपन्यास की घटनाओं का मूल कारण रमानाथ ही है। यदि रमानाथ वास्तविक विषयों का परिचय जालपा से करा देता, तो वह चंद्रहार के लिए कभी हठ नहीं करती। इसी प्रकार कई परिवारों में लोग वास्तविक परिस्थिति से अनभिज्ञ होने के कारण कई प्रकार के कष्ट झेलते हैं।

प्रस्तुत उपन्यास में प्रेमचंद ने वेश्या जोहरा का चरित्र-चित्रण भी बहुत ही उदार एवं मानवतावादी गुणों से किया है। जोहरा कहती है, **'इतना मैं जानती हूं कि**

हम में जितनी बेचारियां मर्दों की बेवफाई से निराश होकर अपना आराम-चैन खो बैठती है, उनका पता अगर दुनिया को चले, तो आंखें खुल जाएं। यह हमारी भूल है कि तमाशबीनों से वफा चाहते हैं, चील के घोंसले में मांस ढूंढ़ते हैं, पर प्यासा आदमी अंधे कुएं की तरफ भी दौड़े तो मेरे खयाल में उसका कोई कसूर नहीं।' [20] प्रेमचंद अपने साहित्य में मनुष्य की दुर्बलता का चित्रण करते हैं, पर उसे ऊपर उठने के लिए संघर्ष का अवसर देते हैं। उनके पात्रों में परिवर्तन उनके भीतरी जगत् से होता है, इसीलिए वे स्थायी होते हैं। आगे फिर वे लिखते हैं कि, **'जोहरा ने अपनी सेवा, आत्मत्याग और सरल स्वभाव से सभी को मुग्ध कर लिया था। अपने अतीत को मिटाने के लिए अपने पिछले दागों को धो डालने के लिए, उसके पास इसके सिवा और क्या साधन था। उसकी सारी कामनाएं, सारी वासनाएं सेवा में लीन हो गई।'** [21] अंत में इसी सेवा कार्य में वह प्राण तक समर्पित करती है। अर्थात् प्रेमचंद ने सेवा को सर्वोच्च माना है-सारा प्रायश्चित सेवा में है। जोहरा के चरित्र में जो आध्यात्मिक परिवर्तन हुए, वे मानव के पतन-उत्थान की पुष्टि करते हैं। मनुष्य की अदम्य इच्छाशक्ति, उसके आत्मविश्वास की यह जीत है। अपितु 'बन' ब्रिटिश कालीन भारतीय परिवेश को उजागर करनेवाली एक उत्कृष्ट औपन्यासिक कृति है।

9. कर्मभूमि (1933 ई.) :

'कर्मभूमि' इस उपन्यास में प्रेमचंद ने तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक समस्याओं पर समग्र रूप से प्रकाश डालने का प्रयास किया है। सन् 1930 ई. में गांधीजी का नमक सत्याग्रह, किसान आंदोलन, अछूतोद्धार, हरिजनों का मंदिर प्रवेश, अस्पृश्यों में शिक्षा का प्रचार आदि समस्याओं पर प्रेमचंद ने इस उपन्यास के माध्यम से विचार किया है। इस उपन्यास का प्रमुख पात्र अमरकांत बनारस के एक बड़े स्वार्थी एवं लोभी सेठ समरकांत का पुत्र है। समरकांत शिक्षा पर अर्थ व्यय करना व्यर्थ समझता है। वह कभी-कभार अमरकांत को स्कूल की फीस भी नहीं देता है। ऐसे समय में अमरकांत का एक मुस्लिम मित्र सलीम उसकी फीस भरने में मदद किया करता है। 'अमरकांत की आंखें फिर भर आईं। लाख यत्न करने पर भी आंसू न रूक सके। सलीम समझ गया। उसका हाथ पकड़कर बोला-**क्या फीस के लिए रो रहे हो - भले आदमी, मुझसे क्यों न कह दिया-तुम मुझे भी गैर समझते हो। कसम खुदा की, बड़े नालायक आदमी हो तुम। ऐसे आदमी को गोली मार देनी चाहिए दोस्तों से भी यह गैरियत चलो क्लास में, मैं फीस दिए देता हूं।'** [22] अमरकांत बचपन में ही मातृप्रेम से वंचित हो जाता है। पहली पत्नी की मृत्यु के बाद समरकांत फिर दूसरा विवाह कर लेते हैं। दूसरी पत्नी की पुत्री का नाम नैना है। विमाता की पुत्री होने पर भी अमरकांत और नैना आपस में बहुत प्यार करते हैं। छात्र अवस्था में ही अमरकांत का विवाह सुखदा से होता है और इसी समय अमरकांत पर गांधीजी के सिध्दांतों का प्रभाव पड़ता है। वह हमेशा खादी पहनता है, चरखा भी चलाता है। निरंतर सार्वजनिक कार्यों में सहभागिता से जनता की सेवा करने में अधिक समय व्यतीत करने लगता है। पहले सुखदा इन सेवा कार्य से नाराज रहती और पति को निरंतर सलाह देती रहती कि आप अनावश्यक कार्य न करें, अपितु अपने पिता के व्यापार में सहयोग करते रहे।

प्रेमचंद ने इस उपन्यास में संघर्षमय जीवन का यथार्थ चित्रण कराके पात्रों को कर्तव्यशील बनाया है। वे समाज के सच्चे चितेरे होकर तत्कालीन समाज का चित्रण बड़े मार्मिक ढंग से करते हैं। 'कर्मभूमि' हिंदुस्तान के स्वाधीनता-आंदोलन की गहराई और प्रसार का उपन्यास है। इस उपन्यास में भारतीय जनता के उन स्तरों को रंगमंच पर ला खड़ा करती है, जिनके दर्शन पहले हिंदी-कथा-साहित्य में कम हुए थे। ये शहर और गांवों के गरीब अछूत हैं। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा हैं, **'कर्मभूमि' में वह सबसे ज्यादा जोर जमीन की समस्या, लगान कम करने की समस्या, खेत-मजदूरों और गरीब किसानों के लिए जमीन की समस्या पर देते हैं।'** [23]

10. गोदान (1936 ई.) :

'गोदान' प्रेमचंद का यह अंतिम और सर्वश्रेष्ठ उपन्यास है। समीक्षकों ने 'गोदान' को ग्रामीण जीवन का गद्यात्मक महाकाव्य कहा है। इस उपन्यास में दो स्वतंत्र कथाएं हैं।

पहली कथा का संबंध ग्रामीण जीवन से है, तो दूसरी कथा का संबंध शहर से है। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा हैं, **'प्रेमचंद ने जब 'गोदान' लिखा था, तब वह खुद भी कर्ज के बोझ से दबे हुए थे। 'गोदान' की मूल समस्या ऋण की समस्या है। इस उपन्यास में किसानों के साथ मानो वह आपबीती भी कह रहे थे।'**[24]

'गोदान' उपन्यास का आरंभ किसान जीवन के लंबे ऐतिहासिक आकलन पर आधारित है। 'गोदान' सेमरी और बेलारी नामक अवध प्रांत के दो गांवों की कहानी है। जमींदार रायसाहब सेमरी में रहते हैं और होरी बेलारी में रहता है। इस उपन्यास में होरी और धनिया की कहानी है। धनिया कर्तव्य परायण कर्मठ और अन्याय का विरोध करनेवाली साहसी नारी है। होरी के परिवार में बेटा गोबर तथा बिटियां सोना और रूपा है। होरी के हीरा और शोभा नामक दो भाई हैं। तीन वर्ष पूर्व अपने संयुक्त परिवार से अलग होकर खेती करते हुए होरी अपना निर्वाह करता है। होरी बड़ा व्यवहार-कुशल है। वह अपने इलाके के जमींदार रायसाहब अमरपाल सिंह की खुशामद और सलाम करने प्राय: जाया करता है। वह सोचता है कि इस तरह खुशामद करने से वे लगान के लिए तंग नहीं करेंगे, परंतु होरी के पुत्र गोबर को यह खुशामद अच्छी नहीं लगती और वह बार-बार इस विषय को लेकर अपने पिता से विरोध करता है। होरी निरंतर कडी मेहनत एवं मशक्कत करने के बावजूद भी अपने जीवन से दरिद्रता को मिटा नहीं पाता है।

प्रेमचंद ने 'गोदान' उपन्यास में होरी के माध्यम से महाजनी सभ्यता द्वारा किए गए शोषण को संपूर्णता में चित्रित किया है। होरी आजीवन कर्ज और अत्याचार को सहन करता है और अंत में किसान से मजदूर हो जाता है। भाई, पुत्र-पुत्री आदि संबंधियों से वह केवल पत्नी धनिया का सहारा पाता है। अंत में मजदूरी के बीस आने पैसे से गोदान की रस्म अदा कर स्वर्ग की इच्छा लिए मर जाता है।

'गोदान' में शहर की कथा को ग्रामीण कथा से जोड़ने के सूत्र अत्यंत क्षीण हैं। वह शहरी जीवन को भी पूरी तरह चित्रित नहीं कर पाती है। प्रेमचंद ने इस उपन्यास में अपने पूर्ववर्ती उपन्यासों की तरह किसी आदर्श की स्थापना नहीं की है। यहां पर वे पूरी तरह यथार्थवादी हुए हैं। 'गोदान' में ऐसा क्या है, जो इसे हिंदी का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास बनाता है? अन्य उपन्यासों की भांति इसमें भी किसान की कथा है, जो समसामयिक है। परंतु 'गोदान' उपन्यास में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना की अनुभूति ही उसे महत्त्वपूर्ण बनाती है। विघटित होते हुए परिवार का गहरा दर्द जो 'गोदान' में है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। 'झुनिया' को सारी मर्यादा के विरुद्ध अपने घर में जगह देने से बढ़कर मानवता क्या हो सकती है। अपने बेटे को, जो होरी से तना हुआ था, अपना पैर छूते देखकर भावुक हो जाता है।

होरी एक दिन रायसाहब अमरपाल सिंह के दर्शन करने जाता है। रास्ते में भोला नामक एक ग्वाले से उसकी मुलाकात होती है। भोला के पास बहुत गायें हैं। भोला की पत्नी की मृत्यु हुई है, वह होरी को अपने विधुर जीवन की दु:खद कथा सुनाता है। होरी मौका पाकर भोला को कई सगाई करने की लालसा दिखाकर उससे एक गाय उधार मांगता है। भोला अस्सी रुपये के दाम पर उसे एक गाय उधार में देता है। गांव के सभी लोग गाय को देखने आते हैं। केवल होरी के भाई हीरा और शोभा ईर्ष्यावश गाय को देखने नहीं आते।

एक दिन हीरा ईर्ष्या भाव के कारण गाय को विष खिला देता है। विष खाने से गाय मर जाती है। गाय के मरने से पूर्व होरी हीरा को गाय के नांद के पास खड़ा देखता है। अत: होरी अपने भाई को गाय का हत्यारा समझता है। भेद खुल जाने के डर से हीरा घर छोड़कर भाग जाता है। दारोगा गांव में पहुंच जाता है। होरी को दारोगा पूछता है कि तुझे किस पर संदेह है? होरी जानता है कि अपना ही भाई हत्यारा है। उसका भ्रातृभाव जाग उठता है। वह अपने भाई की रक्षा करता है और झूठ बोलता है कि गाय अपनी मौत से मरी है।

'गोदान' में धनिया बहुत ही साहसी, मुंहतोड़ जवाब देनेवाली औरत है। उसके लिए मानवता, समाज तथा

बिरादरी से बढ़कर है। धनिया के मानवता के कारण ही झुनिया और सिलिया उसके घर में आश्रय पाती हैं। होरी की अपेक्षा धनिया में धैर्य और व्यवहार ज्ञान अधिक है।

होरी 'गोदान' उपन्यास की आत्मा है। **'होरी प्रसन्न था। जीवन के सारे संकट, सारी निराशाएं मानो उसके चरणों पर लौट रही थी। कौन कहता है, जीवन-संग्राम में वह हारा है। यह उल्लास, यह गर्व, यह पुलक क्या हार के लक्षण हैं? इन्हीं हारों में उसकी विजय है। उसके टूटे-फूटे अस्त्र उसकी विजय-पताकाएं हैं। उसकी छाती फूल उठी है, मुख पर तेज आ गया है।'** [25] होरी का चरित्र भारतीय कृषक का प्रतीक है। 'गोदान' की कथा समाप्त होकर भी होरी की शोक-कथा समाप्त नहीं होती है। **'उसकी आंखें बंद हो गईं और जीवन की सारी स्मृतियां सजीव हो-होकर हृदय-पट पर आने लगीं, लेकिन बे-क्रम, आगे की पीछे, पीछे की आगे, स्वप्न-चित्रों की भांति बेमेल, विकृत और असम्बद्ध।'** [26] 'गोदान' हिंदी का ऐसा उपन्यास है, जिसमें समग्र उत्तर-भारत का चित्रण मिलता है।

'गोदान' उपन्यास के अंत में करुण-प्रसंग केवल होरी की मौत ही नहीं है, अपितु उसकी मौत की करुणा का अहसास तब होता है, जब धनिया गिर पड़ती है। **'धनिया यंत्र की भांति उठी, आज जो सुतली बेची थी, उसके बीस आने पैसे लाई और पति के ठंडे हाथ में रखकर सामने खडे दातादीन से बोली-महराज! घर में न गाय है, न बछिया, न पैसा। यही पैसे हैं, यही इनका गोदान है। और पछाड़ खाकर गिर पड़ी।'** [27] वह धनिया, जो किसी को कुछ नहीं समझती थी, आखिर उसकी शक्ति का स्रोत यह ढीला-ढाला गमखोर होरी ही था। धनिया की शक्ति में होरी की उपस्थिति का तेज निहित है।

'गोदान' भारतीय ग्रामीण जीवन का महाकाव्य है। इसमें गांव और किसान अपनी सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आदि परिस्थितियों के साथ जीवित है। इस उपन्यास में 'होरी' अपने अस्तित्व की रक्षा में मर-मिटता है और मजदूर के रूप में मर जाता है। उसकी मृत्यु कृषि संस्कृति के ध्वंस का आख्यान है और यह त्रासदी उसे महान उपन्यास बनाती है।

11. मंगलसूत्र (अपूर्ण उपन्यास) :

'मंगलसूत्र' शीर्षक से प्रेमचंद ने यह उपन्यास लिखना आरंभ किया था। परंतु इसे वह अपने जीवनकाल में पूर्ण न कर सके। इस उपन्यास के चार परिच्छेद ही लिख पाये थे कि उनका देहावसान हो गया। 'मंगलसूत्र' में तत्कालीन सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था के प्रति प्रेमचंद का बढ़ता असंतोष व्यक्त हुआ है। इस अपूर्ण उपन्यास में प्रेमचंद ने देवकुमार, उनके पुत्र संतकुमार, साधुकुमार, कन्या पंकजा, डॉ. सिन्हा, गिरधरदास आदि को कथा का आधार बनाया है। संयुक्त परिवार में अलग-अलग विचारों के कारण जो क्लेश और कलह होता रहता है, इसका चित्रण भी यहां पर विस्तार से मिलता है। यह अधूरा उपन्यास 'मंगलसूत्र' नाम से ही बनारस के हिंदुस्तान पब्लिशिंग हाऊस से प्रकाशित हुआ है।

निष्कर्ष :

सारांश रूप में कहा जा सकता है कि प्रेमचंद सत् साहित्य के प्रणेता है। सत् का अर्थ है, जिससे समाज का कल्याण हो, जिससे लोगों को प्रेरणा मिले परिस्थितियों एवं कठिनायों से जूझने के लिए। उनका मानना है कि प्रत्येक मनुष्य में सकारात्मक और नकारात्मक दो शक्तियां होती हैं। जो साहित्य मनुष्य को सर्जनात्मक और रचनात्मक दिशा की ओर उन्मुख कर सके वही सत् है, वही सुंदर है, वही हितकर है। साहित्यकार को केवल मनुष्य की दुर्बलता, उसकी दीनता, उसकी गरीबी, उसकी हीन भावना का ही अंकन नहीं करना है। उसे यथार्थ का चित्रण करते हुए आदर्श की ज्योति, आशा का उल्लस और कर्मठता का संदेश भी देना चाहिए। प्रेमचंद गांधीयुग अथवा भारत के नवजागरण काल की देन है। उनके उपन्यास साहित्य में सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव, सेवा, त्याग, श्रम आदि के उदात्त अंकन है। वे समता के पक्षधर है। उनकी दृष्टि में वर्ण भेद, जाति भेद, संप्रदाय भेद समाज के लिए जहर हैं।

वे समाज को इनसे मुक्त करना चाहते हैं। वे मानते हैं कि हमें विचारों में महान् होना चाहिए भले ही हम गरीब निर्धन और साधनहीन हों। उनके पात्र असत् से सत् की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने के लिए द्वंद्व करते हैं। अर्थात् प्रेमचंद बाह्य द्वंद्व और अंतर्द्वंद्व के चित्रण में भी शत-प्रतिशत सफल एवं यशस्वी हुए हैं। ❑

संदर्भ :

1. डॉ. रामविलास शर्मा, प्रेमचंद और उनका युग, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली (पांचवां सं. 2008), पृ. 21
2. उपर्युक्त, पृ. 23
3. डॉ. मजीद शेख, आधुनिक हिंदी साहित्य के विविध परिदृश्य, अतुल प्रकाशन, कानपुर (द्वितीय सं. 2016), पृ. 161
4. डॉ. रामविलास शर्मा, प्रेमचंद और उनका युग, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली (पांचवां सं. 2008), पृ. 25
5. उपर्युक्त, पृ. 26
6. सं. डॉ. गिरिराजशरण अग्रवाल, शोध दिशा, शोध अंक-50 (डॉ. कमल गोयनका सृजन अंक), हिंदी साहित्य निकेतन, बिजनौर (उ.प्र.), पृ. 199
7. डॉ. रामविलास शर्मा, प्रेमचंद और उनका युग, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली (पांचवां सं. 2008), पृ. 17
8. उपर्युक्त, पृ. 17
9. प्रेमचंद, सेवासदन, हंस प्रकाशन, इलाहाबाद (Online PDF), पृ. 336-337
10. डॉ.रामविलास शर्मा, प्रेमचंद और उनका युग, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली (पांचवां सं. 2008), पृ. 39
11. प्रेमचंद, वरदान, 222.hindikosh.in, पृ. 125
12. प्रेमचंद, प्रेमाश्रम, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद (वर्तमान सं. 1979), पृ. 386
13. कमल किशोर गोयनका, प्रेमचंद के उपन्यासों का शिल्प-विधान, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद (प्र.सं.1974), पृ. 223
14. डॉ.रामविलास शर्मा, प्रेमचंद और उनका युग, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली (पांचवां सं. 2008), पृ. 45
15. प्रेमचंद, रंगभूमि, स्टार पब्लिकेशन्स (प्रा.लि.), नई दिल्ली (सं. 2002), पृ. 5
16. उपर्युक्त, पृ. 10
17. प्रेमचंद, कायाकल्प, 222.hindikosh.in, पृ. 127
18. प्रेमचंद, निर्मला, 222.hindustanbooks.com, पृ. 66
19. प्रेमचंद, प्रतिज्ञा, सरस्वती-प्रेस, बनारस (चौथा सं. 1939), पृ. 216
20. प्रेमचंद, जबन, भाषा साहित्य-संस्थान, इलाहाबाद (सं. 1992), पृ. 172
21. उपर्युक्त, पृ. 185-186
22. प्रेमचंद, कर्मभूमि, 222. hindustanbooks.com, पृ. 3
23. डॉ. रामविलास शर्मा, प्रेमचंद और उनका युग, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली (पांचवां सं. 2008), पृ. 81
24. उपर्युक्त, पृ. 96
25. प्रेमचंद, गोदान, मनोज पब्लिकेशन्स, दिल्ली (सं. 2003), पृ. 278
26. उपर्युक्त, पृ. 279
27. उपर्युक्त, पृ. 280

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

निरालाकृत 'तुलसीदास' की सांस्कृतिक चेतना

डॉ. मालविका शर्मा

सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
राधा गोविंद बरुवा महाविद्यालय
फटाशील आमबाड़ी
गुवाहाटी (असम)-781025
मो. 9435551073
ई-मेल : malabika.sarma123@gmail.com

शोध सार :

महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' आधुनिक हिंदी साहित्य के एक समर्थ हस्ताक्षर हैं। वे छायावाद के प्रमुख प्रवर्तकों में से एक हैं। उनकी कविताओं में विषय की विविधता और नवीन प्रयोग की बहुलता मिलती है। राष्ट्र प्रेम, प्रकृति प्रेम, नारी चेतना, शोषण और वर्गभेद के विरुद्ध विद्रोह तथा सांस्कृतिक पुनरुत्थान उनकी काव्यों की विशेषताएं हैं। निराला कृत 'तुलसीदास' एक प्रसिद्ध प्रबंध काव्य है। इसका प्रकाशन सन् 1938 में हुआ था। 'तुलसीदास' का कथानक जन सामान्य में प्रचलित तुलसीदास के निजी जीवन में घटित घटनाओं से संबंधित है। प्रस्तुत कृति के माध्यम से निराला ने भारतीय परंपरा के गौरवशाली मूल्यों की प्रतिष्ठा करने का प्रयाास किया है। वस्तुत: तुलसीदास प्रबंध काव्य की दृष्टि से एक सफल कृति है।

बीज शब्द :

संस्कृति, अध्यात्म, चेतना, दर्शन, स्त्री-विमर्श, मानवता, छायावाद।

प्रस्तावना :

महाप्राण निराला आधुनिक हिंदी काव्य के इतिहास में एक समर्थ हस्ताक्षर तथा छायावादी काव्य के आधार स्तंभ हैं। वे एक ऐसे युगांतकारी कवि हैं, जिनकी रचनाओं में तत्कालीन मानव की पीड़ा, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, परतंत्रता के प्रति उत्पन्न तीव्र आक्रोश की ध्वनि सुनाई पड़ती है। उनके काव्यों में भी वही स्वर प्रमुख रूप से व्यक्त होता है।

निराला कृत्त 'तुलसीदास' हिंदी काव्य जगत में एक आलोक स्तंभ है। महाप्राण निराला उन चार छायावादी स्तंभों में से एक हैं, जिनके आधार पर छायावाद का विशाल भवन खड़ा है। छायावाद युग भारत के लिए अस्मिता की खोज का युग है। अर्थात् छायावाद भारत की आत्मिक पहचान का युग है। इसीलिए छायावादी काव्य की मूल चेतना भारतीय संस्कृति है।

विषय का महत्व :

सदियों की दासता के कारण भारतीय जनता आत्म केंद्रित होती हुई रूढ़िग्रस्त हो गई थी। पाश्चात्य शिक्षा के फलस्वरूप भारतीय मनीषी अपनी त्रासदीपूर्ण विघटनमयी स्थिति तथा सांस्कृतिक निस्सारता के प्रति सजग हुई। सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए भारतीय जनगण उद्दीप्त हो उठा। इसके फलस्वरूप छायावादी काव्य की सृष्टि हुई। छायावादी काव्यों में सांस्कृतिक नवजागरण व्यापक भावभूमि पर आधारित है। आचार्य नंददुलारे वाजपेयी छायावाद को केवल अभिव्यक्ति की लाक्षणिक प्रणाली विशेष न मानकर उसमें नूतन सांस्कृतिक मनोभावना तथा स्वतंत्र जीवन दर्शन का पोषण मानते हैं।[1]

कवि एक विशिष्ट प्रतिभा से संपन्न सामाजिक प्राणी होता है। उसके व्यक्तित्व का निर्माण उस समाज की पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक परिवेशों के बीच होता है, जिसका वह अंग होता है। संस्कृति उन गुणों की समुदाय समझी जाती है, जो व्यक्तित्व को परिष्कृत एवं समृद्ध बनाते हैं।

व्यक्तित्व और कृतित्व का गहरा संबंध होता है। छायावादी कवियों के व्यक्तित्व के निर्माण में महान भारतीय संस्कृति का अमिट प्रभाव है, अत: भारतीय संस्कृति के विविध तत्व छायावादी काव्य में अनायास ही परिलक्षित होते हैं।

जनता में आत्मविश्वास का संचार करने का एक उपाय है-अतीत की गरिमा का सजीव चित्रण। परिणामस्वरूप छायावादी कवियों ने संस्कृति के गौरव गान के माध्यम से भारत के गौरवमय अतीत के प्रति देशवासियों का ध्यान आकर्षित करने का पूर्ण प्रयास किया है। छायावादी कवियों ने अतीत के विशेष रूप से महापुरुषों, महाकवियों, राजाओं का गौरव गान किया है- जैसे 'कामायनी' महाकाव्य में जयशंकर प्रसाद ने उस प्राचीन कथानक को आधार बनाया है, जिसके अनुसार मनु को छोड़कर संपूर्ण देव-जाति का प्रलय- जल में विनाश हो जाता है तथा मनु और श्रद्धा के संयोग से मानव सभ्यता का श्रीगणेश होता है। इसी प्रकार महाप्राण निराला ने देवी सरस्वती, तुलसीदास, राम की शक्तिपूजा, जागो फिर एक बार नामक कविताओं में अतीत के



महापुरुषों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि के पुष्प चढ़ाए हैं। उन्होंने तत्कालीन भारत की दुर्दशा का मार्मिक चित्रण करके देशवासियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है-

'क्या यह वही देश है -
भीमार्जुन आदि का कीर्तिक्षेत्र।'[2]

भारतीय संस्कृति की पृष्ठभूमि दार्शनिक और आध्यात्मिक धरातल पर प्रतिष्ठित है। छायावादी कवियों के काव्य में अद्वैतवाद, अध्यात्मवाद, अरविंद दर्शन, भौतिकवाद, क्षणवाद चेतन, चैतन्य और चेतना संबंधित विचार, नियतिवाद, मानवतावाद आदि के साथ-साथ विशिष्ट द्वैतवाद जैसी अनेक दार्शनिक मान्यता पाई जाती हैं। उदाहरण के रूप में प्रसादजी के 'कामायनी', निराला के 'जागो फिर एक बार' आदि उल्लेखनीय हैं।

भारतीय संस्कृति का मूलभूत तत्व - नारी सम्मान की भावना छायावादी कवियों के काव्य में चरम उत्कर्ष पर है। छायावादी कवियों ने अनंत स्वरूपा नारी की महत्ता स्थापित करके उसे मानव की चिर सहचरी ही नहीं, बल्कि असीम प्रेरणा और अखंड विश्वास का स्रोत सिद्ध किया है। प्रसादजी के शब्दों में-

'नारी तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास रजत नग पगतल में,
पीयूष स्त्रोत ही बहा करो जीवन के सुन्दर समतल में।' [3]

छायावादी कवियों में से सुमित्रानंदन पंतजी की नारी के प्रति दृष्टि कोमल थी। महादेवीजी की दृष्टि में भी नारी त्याग, बलिदान, साधन, भक्ति भावना आदि की साकार मूर्ति है और अबोध शक्ति का भंडार है। कवि निराला के काव्यों में नारी एक ओर सौंदर्यमयी मनमोहिनी और मनोरंजना है तो दूसरी ओर वह निष्काम प्रेममयी, शांति सुखदायी, पतिपरायणा और विषय-वासना को तुच्छ समझने वाली भी है।

छायावादी काव्यों में प्रेम का उदात्त चित्रण मिलता है। यह प्रेम मूलत: नारी प्रेम, प्रकृति प्रेम, राष्ट्र-प्रेम मानव-प्रेम, ईश-प्रेम आदि के रूप में अभिव्यक्त हुआ है।

प्रकृति मानव की चिर सहचरी है। प्रकृति में ही भारतीय कविता का जन्म हुआ। प्रकृति का मानवीकरण छायावादी काव्य की विशिष्टता है। इसीलिए प्रसादजी ने प्रकृति को निर्जीव न मानकर चेतन और स्पंदनशील माना है। पंतजी को कविता की प्रेरणा प्रकृति से ही मिली। निराला के काव्यों में प्रकृति का सजीव चित्रण उपलब्ध होता है।

विषय का उद्देश्य :

निराला कृत 'तुलसीदास' छायावादी महाकाव्यों में से एक है। अन्य छायावादी कृतियों की भाँति 'तुलसीदास' की मूल-चेतना भारतीय संस्कृति है। तुलसीदास के माध्यम से उन्होंने प्रस्तुत काव्य में भारतीय परंपरा के गौरवशाली मूल्यों की प्रतिष्ठा करने का प्रयास किया है।

'तुलसीदास' प्रबंध काव्य की दृष्टि से अत्यधिक सफल है। 'तुलसीदास' में ऐतिहासिक, सामाजिक और राजनीतिक अर्थ स्पष्ट हैं। उसमें उनकी दुहरी अर्थ व्यंजना है, जिसे पकड़ने में कोई कठिनाई नहीं होती। यहाँ कवि ने तुलसी के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक चेतना को उजागर किया है।

निराला ने 'तुलसीदास' काव्य लिखने की प्रेरणा कविवर तुलसी के निजी जीवन में घटित घटना से प्राप्त किया और रत्नावली से संबंधित लोककथा के आधार पर इस रचना का ताना-बाना बुना है।

उपर्युक्त उल्लेखित विषय के बारे में विश्लेषण करना प्रस्तुत विषय का उद्देश्य है।

अध्ययन की पद्धति एवं विश्लेषण :

प्रस्तुत विषय का अध्ययन की पद्धति विश्लेषणात्मक है। इसी पद्धति से 'तुलसीदास' काव्य की सांस्कृतिक चेतना का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। विश्लेषण करते समय भारतीय संस्कृति से संबंधित विभिन्न ग्रंथों की सहायता ली गई है। प्रस्तुत शोध पत्र के लिए आधुनिक भाषा पद्धति के अंतर्गत सातवें संस्करण की प्रणाली को अपनाया गया है।

विषय का अध्ययन :

'तुलसीदास' के कथानक का प्रारंभ मुगलों के आक्रमण के वर्णन से हुआ है। उनके आक्रमण से हिंदू शासन-सत्ता ही पराजित नहीं हुई, वरन उनकी सभ्यता और संस्कृति को भी भारी धक्का पहुँचा। इस सांस्कृतिक अंधकार का चित्रण कवि ने इस प्रकार किया है -

'भारत के नभ का प्रभापूर्य
शीतलोच्छाय सांस्कृतिक सूर्य
अस्तमित आज रे-तमस्तुर्य दिमंडल दिङ्मण्डल,
उर के आसन पर शिरस्त्राण
शासन करते हैं मुसलमान,।' [4]

इस प्रकार हिंदू सभ्यता का सूर्य अस्त हो गया और मुस्लिम चंद्रमा का उदय हुआ। इस अंधकारमय परिस्थिति में तुलसीदास का जन्म हुआ। एक दिन तुलसीदास अपने मित्रों के साथ घूमने गए और चित्रकूट की प्रकृति की शोभा देखकर उनका हृदय विशेष रूप से प्रभावित होकर स्फूर्ति से परिपूर्ण हो गया। प्रकृति से उन्हें संदेश मिला जड़ से चेतन की ओर बढ़ने का, रात्रि से दिन की खोज करने का। मन की अत्यंत ऊँची उड़ान से उन्होंने देखा कि भारत की सभ्यता एक जाल में फँसी हुई है, जैसे कि सूर्य की आभा को राहु ने ग्रास लिया। अर्थात देश में छोटे-छोटे संप्रदाय परस्पर संघर्ष में लगे हैं, वर्ण-व्यवस्था विशृंखल हो गई है। इसीलिए ये विरोध से द्वंद्व समर करने के लिए तैयार हो उठे और देश के अंधकार को विनष्ट करने के लिए हृदय में संकल्प जगाने लगे। यथा-

'करना होगा यह तिमिर पार -
देखना सत्य का मिहिर-द्वार-' [5]

उसी समय तुलसीदास को अपनी प्रिय पत्नी के यौवन तरंगों से आलोड़ित नेत्रों के आगे समस्त संसार के अन्य सभी भोग, ऐश्वर्य, रूप तुच्छ प्रतीत हुए।

एक दिन जब तुलसीदास बाजार चले गए, तब रत्नावली का भाई रत्नावली को मायके ले गया।

घर आने पर तुलसी को जब उनकी पत्नी नहीं मिली तो वे भी ससुराल चल पड़े। यद्यपि ससुराल में बड़ी खातिर हुई फिर भी वहाँ के कुछ लोग तुलसीदास के संबंध में कानाफूसी करने लगे। भाभी के व्यंग्य से रत्नावली जल उठी और उसे लगा कि पति के मन में बैठा हुआ चोर उसे निरावरण करना चाहता है। रात में एकांत होने पर तुलसीदास ने अपनी पत्नी का एक नवीन रूप देखा है। रत्नावली योगिनी की तरह उठकर खड़ी हो गई और लक्ष्मी की तरह बोली-

'धिक! धाए तुम अनाहूत,
धो दिया श्रेष्ठ कूल धर्म धूत,
राम के नहीं, काम के सूत कहलाए!' [6]

पत्नी रत्नावली के इन शब्दों को सुनकर तुलसीदास के हृदय में प्रबल वेग से ज्ञान के संस्कार जागृत हो उठे और तत्क्षण ही उनकी पत्नी के प्रति कामुक आसक्ति भस्म-सी हो गई। तुलसी ने आश्चर्य से देखा कि जैसे वह पत्नी नहीं, बल्कि नीलवसना स्वयं शारदा देवी ही समक्ष उपस्थित हैं, जो सृष्टि का संदेश सुना रही हैं। इस प्रकार तुलसीदास रत्नावली को समझाकर घर से बाहर आए। हृदय में वही परिचित मूर्ति थी और वह अपना क्षुद्र रूप छोड़कर विश्व का आश्रय बन गई। तुलसीदास की यह विजय भारतीय संस्कृति की विजय है। यही है तुलसीदास नामक काव्य कृति का संक्षिप्त कथानक ।

'तुलसीदास' के कथानक के संबंध में डॉ. रामविलास शर्मा ने यह कहा कि - ''तुलसीदास में मूल चित्र गोस्वामी तुलसीदास के अंतर्द्वंद्व का है।'' [7]

वास्तव में 'तुलसीदास' के कथानक का ताना-बाना 'तुलसी' और 'तुलसीदास' से संबंधित कथा के आधार पर बुना गया है। इसके साथ ही इस काव्य का मूल स्रोत महाकवि तुलसीदास का मध्यकालीन भारतीय संस्कृति के पतन का उद्धार करने के लिए बेचैन होना भी। महाप्राण निराला भी अंग्रेजी सभ्यता-संस्कृति के चंगुल से महान भारतीय संस्कृति की मुक्ति के लिए बेचैन थे।

सांस्कृतिक चेतना का संबंध राष्ट्र के सांस्कृतिक जीवन से होता है। संस्कृति राष्ट्र के जीवन का प्राण तत्व होती है। निराला कृत 'तुलसीदास' को छायावादी काव्य-कला सांस्कृतिक चेतना का अध्ययन हम निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत करने का प्रयास करेंगे -

(अ) नायक तुलसीदास सांस्कृतिक - पुनरुत्थान के प्रतीक
(आ) दार्शनिकता और आध्यात्मिकता
(इ) नारी : उद्बोधिका शक्ति
(ई) राष्ट्रीय चेतना
(उ) प्रेम
(ऊ) सौंदर्य
(ऋ) प्रकृति
(ए) पारिवारिक और सामाजिक रीति-रिवाज
(ऐ) शोषकों के प्रति आक्रोश और शोषितों के प्रति सहानुभूति
(ओ) लोक-संस्कृति
(औ) सांस्कृतिक भाषा शैली

(अ) नायक तुलसीदास - सांस्कृतिक पुनरुत्थान के प्रतीक :

'तुलसीदास' काव्य के नायक तुलसीदास सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक हैं। सर्वप्रथम वे काव्य तथा शास्त्र अध्ययन करने वाले व्यक्ति के रूप में हमारे सामने आते हैं। वे अच्छे संस्कार वाले व्यक्ति हैं। विद्याध्ययन के पश्चात वस्तु जीवन में उतरते हैं। भ्रमण के लिए चित्रकूट की ओर जाते हैं। चित्रकूट पहुँचने पर उनके सम्मुख रहस्य स्पष्ट हो जाता है। वे यह जान जाते हैं कि मुसलमानों के प्रभाव से भारतीय संस्कृति मलिन है। प्रकृति तुलसी के जातीय संस्कारों को जगाती है। वे देश की आजादी की कल्पना करते हैं। कवि का मन निरंतर ऊँचाई की ओर बढ़ता चला जाता है और सत्य के द्वार को देखना चाहते हैं-

'करना होगा यह तिमिर पर
देखना सत्य का मिहिर-द्वार-'[8]

तुलसीदास के संकल्प में रत्नावली का सौंदर्य बाधक बन जाता है। फलस्वरूप उनका मन ऊँचाई से नीचे उतर आता है ।

कवि तुलसीदास के जीवन में दूसरा मोड़ उस समय आता है, जब वे बिन बुलाए पत्नी के पीछे-पीछे ससुराल पहुँच जाते हैं। रत्नावली के धिक्कार से कवि की जड़ता टूट जाती है और उनका राष्ट्र-प्रेम पुन: जाग उठता है। वे यह सोचते हैं कि सुबह होते ही अपने संकल्प को पूरा करने में लग जाना चाहिए-

'जागो जागो आया प्रभात,
बीती वह बीती अंध रात,'[9]

इस प्रकार निराला ने 'तुलसीदास' में कवि तुलसी का चित्रण भारतीय संस्कृति के रक्षक के रूप में किया है। बाबुराम त्रिपाठी के अनुसार **जिस प्रकार तुलसीदास उसके जीर्णोद्धार के लिए छटपटा रहे थे, उसी समय इसमें निराला भी अपने देश की आजादी के व्याकुल दिखाई देते हैं।**[10] जिस प्रकार तुलसीदास का युग दासता तथा पराधीनता का युग था, उसी प्रकार निराला का युग भी दासता और पराधीनता का युग था। तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' के माध्यम से जहाँ एक ओर आक्रोश व्यक्त किया, वहीं दूसरी ओर अपने चरित्र के माध्यम से विकल्प प्रस्तुत करते का भी सफल प्रयास किया है। इसीलिए निराला ने प्रस्तुत 'तुलसीदास' शीर्षक काव्य में तुलसीदास को नायक के रूप में लेकर तुलसीकालीन भारतीय संस्कृति को चित्रित करके युग की सामाजिक, आर्थिक दुर्व्यवस्था को अंकित करने का प्रयास किया है।

(आ) दार्शनिकता और आध्यात्मिकता :

प्राचीनकाल से भारतभूमि ऋषि-मुनियों और दार्शनिकों की भूमि रही है। साहित्य में 'दर्शन' का प्रयोग जीवन और जगत के संदर्भ में किया जाता है। जीवन और जगत से संबंधित 'सत्य' को युक्ति-युक्तता से दिखाने वाला ज्ञान दर्शन कहलाता है। अद्वैत दर्शन को विद्वानों ने आधुनिक हिंदी काव्य का मेरूदंड कहा है। निराला के तुलसीदास काव्य में भी इस अद्वैतवादी दर्शन की झलक मिलती है। नायक तुलसीदास ब्रह्म से मिलने में बाधाग्रस्त होते हैं, क्योंकि उनकी आत्मा पर माया का प्रभाव है। माया के कारण प्रकृति का स्वरूप उन्हें कुछ चेतन-अचेतन जैसा लगता है।

निराला, अरविंद-दर्शन से प्रभावित थे। तुलसीदास में अरविंद-दर्शन की स्पष्ट झलक मिलती है। विशेष रूप से नायक तुलसीदास के संदर्भ में मन की ऊर्ध्वगति तथा अधोगति का बड़ा ही आकर्षक चित्रण हुआ है। चित्रकूट की प्राकृतिक छटा का उपभोग करते-करते तुलसी के मन का ऊर्ध्वगमन होता है। उनके ज्ञान-चक्षु खुल जाते हैं। वे राम के अहल्योद्धार की तरह भारतीय संस्कृति का उद्धार करने का संकल्प लेते हैं। किंतु पत्नी का सौंदर्य उनके मन का बाधक बन जाता है। परंतु जब पत्नी की फटकार उनके कानों में पड़ती है तो माया का आवरण फट जाता है और उनके संस्कार जाग उठते हैं-

'जागा, जागा, संस्कार प्रबल,
रे गया काम तत्क्षण वह जल'[11]

(इ) नारी : उद्‌बोधिका शक्ति :

किसी भी देश संस्कृति की स्थिति उसमें निहित नारी की सामाजिक स्थिति से पता चलता है। भारतीय संस्कृति के आधार स्रोत वेद हैं और वेदों में नारी का उदात्त रूप देखने को मिलता है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का प्रतीक माना गया है। एक ओर वह पुरुष की सहचरी है तो दूसरी ओर 'माँ'।

महाप्राण निराला नारी को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखते थे। तुलसीदास में निराला ने नारी के उदात्त रूपों का चित्र अंकित किया है। रत्नावली हमारे सामने दो रूपों में आती है। उसका पहला रूप है भारतीय गृहिणी का। रत्नावली इस रूप में एक पतिपरायणा नारी के रूप में चित्रित है। वह अपने नाम के अनुरूप सुंदर है और हमेशा पति को प्रसन्न रखती है। उसके चरित्र का विश्लेषण करने हुए डॉ. रामविलास शर्मा ने इस प्रकार कहा है - **''अज्ञान को अंधकार में सत्य की यष्टि की तरह वह प्रिय को पार ले जाने वाली है। श्रद्धा की प्रतिमा की तरह वह माया के घर में प्रिय की निद्रा की**

सीमाएँ बाँधे हुए है।'' [12]

रत्नावली का दूसरा रूप प्रेरक और असाधारण देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। आदिकाल से ही भारतीय नारी पति के लिए प्रेरणादायिनी रही है। निराला ने तुलसीदास में इसी भारतीय संस्कृति से प्रभावित पति के लिए आत्मदर्शन की प्रेरणादायिनी नारी का रूप खींचा है। उनकी प्रेरणा से ही तुलसी में अतीत संस्कार जाग उठता है। नारी के इस रूप पर उन्होंने सरस्वती और भारती का रूप आरोप किया है।

(ई) राष्ट्रीय चेतना :

कवि निराला की राष्ट्रीय चेतना अन्य छायावादी कवियों की तरह न होकर परोक्ष है। 'तुलसीदास' काव्य में कवि ने भारत की दुरवस्था का जो चित्र खींचा है, उससे उनकी राष्ट्रीय चेतना मुखरित होती है–

'भारत के नभ का प्रभापूर्ण
शीतलच्छाय सांस्कृतिक सूर्य
अस्तमित आज रे- तमस्तुर्य दिङ्गण्डल
उर के आसन पर शिरस्त्राण
शासन करते हैं मुसलमान' [13]

प्रस्तुत काव्य में निराला ने जिस सांस्कृतिक पतन का चित्र खींचा है वह तुलसी के युग का सत्य है। नायक तुलसी के मन में यह विचार उत्पन्न होता है कि विदेशियों का प्रभाव निजी कमजोरी का कारण है। इस तरह का विचार आते ही तुलसी में राष्ट्रीयता की भावना जमती है और वे देश की आजादी के लिए संकल्पबद्ध होते हैं।

निराला ने इसीलिए अपने राष्ट्रप्रेम को व्यक्त करने के लिए तुलसी जैसे समन्वयकारी कवि को अपनी कविता का नायक चुना, क्योंकि वे जानते थे कि उनके और कवि तुलसीदास के युग की परिस्थितियाँ समानधर्मी थीं।

(उ) प्रेम :

प्रेम एक शाश्वत वृत्ति है। प्रेम भाव कल्याणकारी होता है । अत: इसे संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पक्ष माना जाता है। 'तुलसीदास' काव्य में उन्होंने प्रेम के विविध रूपों का चित्रण किया है, जिसमें नारी प्रेम प्रमुख है। उन्होंने नारी के प्रति प्रणय और श्रद्धा समन्वित दृष्टिकोण व्यक्त किया है।

निराला ने तुलसीदास में प्रकृति-प्रेम का व्यापक चित्रण किया है। उन्होंने प्रकृति के स्वतंत्र अस्तित्व को प्रतिपादित करते हुए प्रकृति के माध्यम से नायक को उद्‌बोधित करवाया है यथा–

'तुम रहे छोड़ गृह मेरे कवि,
देखो यह धूलि धूसरित छवि
छाया इस पर केवल जड़ रवि खर दहता।' [14]

तुलसीदास काव्य में कवि ने भारत के सांस्कृतिक पतन का चित्र अंकित करके राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया है।

मानव-प्रेम भारतीय संस्कृति का मूलभूत तत्व है। तुलसीदास काव्य में भी निराला ने दीन-हीन के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है।

(ऊ) सौंदर्य :

सौंदर्य-बोध और उसकी खोज भारतीय सांस्कृतिक जीवन की मूलभूत विशेषता है। निराला एक सांस्कृतिक चेतना के कवि हैं। उनका सौंदर्यबोध उनके हृदय में स्थित व्यापक प्रेम भावना का परिणाम है। उन्होंने अपने तुलसीदास काव्य में प्रकृति-सौंदर्यबोध का चित्रण किया है।

मानवीय सौंदर्य के दो आधार हैं- स्त्री और पुरुष। तुलसीदास काव्य में उन्होंने इन दोनों को अपनी अभिव्यक्ति की माध्यम बनाया है। उन्होंने तुलसीदास के बाह्य और आंतरिक सौंदर्य के साथ-साथ रत्नावली के दिव्य सौंदर्य का भी चित्रण किया है। यथा–

'देखा शारदा नील-वसना
है सम्मुख स्वयं सृष्टि रशना' [15]

(ऋ) प्रकृति :

भारतीय संस्कृति में प्रकृति का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। निराला ने तुलसीदास में प्रकृति का उदात्त चित्रण किया है। जब तुलसीदास अपने मित्रों के साथ चित्रकूट का पर्यटन करने जाते हैं, तब वहाँ उनको

प्रकृतिगत आह्लाद का आभास होता है। प्रकृति के कण-कण उन्हें नूतन संदेश देते हैं।

(ए) पारिवारिक एवं सामाजिक रीति-रिवाज :

परिवार सामाजिक संगठन की एक महत्वपूर्ण इकाई है। निराला ने 'तुलसीदास' काव्य में तुलसीदास के पारिवारिक जीवन का जो चित्र प्रस्तुत किया है, वह भारतीय समाज के सामान्य परिवार के जीवन की झाँकी प्रस्तुत करता है। रत्नावली के रूप में निराला ने पति-प्रेम में अनुरक्त श्रद्धा और त्याग की मूर्ति का चित्रण किया है।

प्रत्येक समाज में सामाजिक जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुछ रीति-रिवाजों की व्यवस्थाएँ हैं। इन व्यवस्थाओं में जब तक युगांतरूप परिवर्तनशीलता एवं गतिशीलता के गुण विद्यामान रहते हैं, तब तक ये समाज के लिए उपादेय रहते हैं, जब इनमें रूढ़िवादी जड़ता आ जाती है तो वह समाज के पतन का कारण बनते हैं। कवि निराला ने तुलसीदास काव्य में विविध वर्णों के पतित जीवन का जो चित्रण किया है, वह कवि तुलसी के समय में जैसा था, वैसा ही निराला के युग में था। उनमें अंतर केवल मुगल और अंग्रेज शासन का था। जीर्ण-शीर्ण व्यवस्था को सांस्कृतिक पतन और विघटन का मुख्य कारण माना है।

(ऐ) शोषकों के प्रति आक्रोश और शोषितों के प्रति सहानुभूति :

शोषकों के प्रति आक्रोश और शोषितों के प्रति सहानुभूति भारतीय जीवन तथा संस्कृति की एक प्रमुख विशेषता है। छायावादी कवि निराला मूलत: मानवतावादी रहे हैं। इसीलिए उनके काव्य में पूँजीवादी व्यवस्था के प्रति व्यंग्य और उनके शोषण के प्रति तिरस्कार भाव व्यक्त किया है। तुलसीदास काव्य में कवि मानव के सम्मुख उस राजा का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसने छल-बल से राजा बनकर सभी भौतिक सुख साधना को प्राप्त किया।

(ओ) लोक संस्कृति :

साहित्य को लोक संस्कृति प्रभावित करती है। भारतीय संस्कृति पर विभिन्न लोक संस्कृतियों का प्रभाव पड़ा है।

निराला के काव्यों में लोक संस्कृति का प्रभाव स्पष्ट है। तुलसीदास काव्य में लोक संस्कृति संबंधी चेतना प्रखर रूप से अभिव्यक्त हुई है। उन्होंने इस काव्य की कथा-वस्तु का चुनाव लोक प्रचलित जनश्रुतियों के आधार पर किया है। तुलसी और रत्नावली का प्रसंग ऐतिहासिक न होते हुए भी भारतवर्ष में उसे ग्रहण कर लिया गया है।

औ) सांस्कृतिक भाषा-शैली :

निराला के काव्यों की भाषा-शैली सांस्कृतिक तत्वों से सन्निविष्ट है। तुलसीदास काव्य में सांस्कृतिक संवेदन के निर्माण में भाषागत सभी सांस्कृतिक उपकरणों का प्रयोग किया है। उन्होंने पंजाब, बुंदेलखंड, कालिंजार, राजापुर, चित्रकूट आदि के अतिरिक्त निर्वाण, मुक्त, वर्णाश्रम आदि संस्कृतिक प्रत्ययों का भी प्रयोग किया है। निराला ने तुलसीदास काव्य में प्रतीक-योजना भी की है। तुलसीदास शब्द प्रतीकात्मक है। एक ओर वे 'रामचरितमानस' के रचयिता कविवर तुलसीदास हैं तो दूसरी ओर वे आध्यात्मिक साधना पथ के पथिक भी। तुलसी के पौधे को भारतीय संस्कृति में पवित्र माना जाता है। इसीलिए तुलसीदास का प्रतीकात्मक अर्थ - पवित्रता की सेवा या साधना करने वाला लिया जा सकता है। इसके अलावा 'विहंग' मन का प्रतीक बनकर आया है-

'गाओ विहंग! सद्ध्वनित गान'[14]

इस प्रकार 'तुलसीदास' काव्य की भाषा सांस्कृतिक शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों से युक्त है।

उपलब्धियाँ :

- तुलसीदास एक प्रबंध काव्य है।
- तुलसीदास का कथानक जनमानस में प्रचलित कथाओं के आधार पर है।
- तुलसीदास में भारत की सांस्कृतिक पतन का चित्र चित्रित किया है।
- तुलसीदास में राष्ट्रीय और सांस्कृतिक चेतना का स्वर प्रमुख है।
- तुलसीदास में नारी को उद्बोधिका शक्ति के रूप

चित्रित किया गया है।

- तुलसीदास को कवि ने भारतीय संसकृति के पुनरुत्थान का प्रतीक माना है।

निष्कर्ष :

उपर्युक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट हो जाता है कि निराला कृत 'तुलसीदास' में सांस्कृतिक चेतना प्रखर है। 'तुलसीदास' में निराला ने एक ओर मध्यकालीन भारतीय संस्कृति का पतन और उसके उद्धार के लिए तुलसीदास को बेचैन होना दिखाया है तो दूसरी ओर उनके इस वर्णन में उनके युग के परतंत्र भारत का पतन प्रतिबिंबित हुआ है।

जिस प्रकार तुलसीदास अपने समय में पतनोन्मुख भारतीय संस्कृति के उद्धार के लिए छटपटा रहे थे, उसी प्रकार कविवर निराला भी देश की स्वाधीनता के लिए व्याकुल हो रहे थे। इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि निराला कृत 'तुलसीदास' में सांस्कृतिक चेतना प्रमुख रूप से अभिव्यक्त हुई है। इसमें कवि की सांस्कृतिक चेतना कहीं राष्ट्रीयता का रूप धारण करती है तो कहीं दमन और शोषण के विरुद्ध प्रतिवाद करती है और कहीं व्यापक मूल्य की स्थापना करती है। ❑

संदर्भ ग्रंथ-सूची :

1. सिंह, डॉ. विजयपाल-छायावाद के प्रतिनिधि कवि पृ.1
2. निराला-अनामिका पृ.51
3. प्रसाद, जयशंकर - कामायनी पृ.24
4. निराला-तुलसीदास पृ.9
5. निराला - तुलसीदास पृ.20
6. निराला - तुलसीदास पृ.37
7. शर्मा, डॉ. रामविलास - निराला पृ.102
8. निराला - तुलसीदास पृ.40
9. निराला - तुलसीदास पृ.20
10. त्रिपाठी,बाबुराम - निराला काव्य : पुनर्मूल्यांकन पृ.10
11. निराला - तुलसीदास पृ.37
12. शर्मा, डॉ. रामविलास - निराला पृ.106
13. निराला - तुलसीदास पृ.9
14. निराला -तुलसीदास पृ.14

प्राथमिक स्त्रोत :

1. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला-तुलसीदास, राजकमल प्रकाशन : 2009

द्वितीय स्त्रोत :

1. अग्रवाल, डॉ. वासुदेव शरण - कला और संस्कृति, साहित्य भवन, संस्करण-1958
2. अवस्थी, डॉ. विश्वम्भर दयाल - छायावादोत्तर हिंदी प्रबंध-काव्यों का सांस्कृतिक अनुशीलन, सरस्वती प्रकाशन मंदिर, सं : 1970
3. गोयल, डॉ. संतोष-निराला का काव्य प्र. लक्ष्मीनारायण अग्रवाल सं : 1972
4. डॉ. नगेन्द्र - हिंदी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, सं : 1988
5. बाजपेयी, डॉ. नन्द दुलारे-हिंदी साहित्य : बीसवीं शताब्दी, लोक भारती प्रकाशन, सं: 1963
6. बाजपेयी, डॉ. नन्द दुलारे-कवि निराला, वाणी वितान प्रकाशन, सं : 1965
7. सिंह, डॉ. बच्चन - क्रांतिकारी कवि निराला, एन, के. सिंह एंड संस, सं : 1965
8. सिंह, डॉ. प्रमोद - छायावादी कवियों का सांस्कृतिक दृष्टिकोण, लोकभारती प्रकाशन सं : 1973

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव के बरगीतों में राम-वंदना

डॉ निबेदिता नाथ

सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
लंका महाविद्यालय, लंका
होजाई, असम-782446
मो. 7002999513
ई-मेल : nnathbaruah@gmail.com

शोध सार :

असमिया जाति, समाज-संस्कृति, भाषा, साहित्य के प्राण प्रतिष्ठापक हैं महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और उनके शिष्य माधवदेव के बारे में जितना लिखा जाए उतना कम ही है। वे क्या नहीं थे- धर्म प्रचारक, साहित्यकार, समाज सुधारक आदि जितने भी विशेषण दिए जाए, कम ही हैं। उन्होंने असमिया भाषा साहित्य को समृद्ध ही नहीं बल्कि एक नई पहचान भी दी। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव व माधवदेव के बरगीत दो मूलत: ईश्वरोपासना के गीत कहलाते हैं।

बीज शब्द :

बरगीत, राम, असमिया, गुरुजन, धर्म आदि।

प्रस्तावना :

महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव ने असमिया समाज को नया मार्ग दिखाया। उन्होंने न केवल असमिया जाति का उद्धार किया, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों को भी दूर किया। उनके द्वारा लिखे गए बरगीतों में राम और कृष्ण की वंदना की गई हैं। ''चरित पुथि के अनुसार शंकरदेव ने लगभग 240 बरगीतों की रचना की, किंतु उनमें अधिकांश आग लगने से नष्ट हो गए। मात्र 34 बरगीत ही बचे हैं। परवर्ती समय में माधवदेव ने गुरु की आज्ञा मानकर 157 बरगीतों की रचना की और शंकरदेव के 34 बरगीतों से माधवदेव के बरगीत मिलाकर कुल 191 बरगीत वर्तमान में प्रचलित हैं।''[1] डिंबेश्वर नेओग के अनुसार शंकरदेव के बरगीतों की संख्या 34 हैं। कुछ विद्वानों के अनुसार 35 हैं। महेश्वर नेओग के मतानुसार माधवदेव के बरगीतों की संख्या 157 हैं। महापुरुष शंकरदेव और माधवदेव के आध्यात्मिक गीत समूहों को बरगीत कहा जाता है। दोनों महापुरुषों ने अपने गीतों को बरगीत नहीं कहा। ''महेश्वर नेओग के अनुसार बरगीत शब्द का प्रथम उल्लेख 'कथागुरु चरित' में



पाया जाता है। वाणीकांत काकति ने इस श्रेणी के गीत समूहों को नोबल नंबर्स (Noble numbers), कालीराम मेधी ने ग्रेट सांग (great song) और देवेन्द्र नाथ बेजबरुवा ने होली सांग (holy song) कहा।''[2] 'बारकुरी बरगीत तेरकुरी फकरा'- यह जनसमाज में प्रचलित हैं। राग, सुर, वाद्ययंत्र और चौदह प्रसंग से निर्धारित सीमाबद्धता से बरगीत प्रस्तुत किए जाते हैं।

अध्ययन का महत्व :

असमिया समाज के लिए श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव प्राणबिंदु हैं। उनके द्वारा लिखे गए बरगीत का अत्यंत महत्व है। उनके बरगीतो में राम और कृष्ण का वर्णन मिलता है। शंकरदेव और माधवदेव ने भी भक्तिकाल में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी कारण से इस अध्ययन का महत्व है।

अध्ययन का शीर्षक :

महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव के बरगीतों में राम वंदना।

अध्ययन का उद्देश्य :

प्रस्तुत अध्ययन के कई उद्देश्य हैं। असमिया साहित्य की चर्चा करना, महापुरुष शंकरदेव और माधवदेव द्वारा रचित बरगीतों की चर्चा करना तथा दोनों गुरुजनों के साहित्य को और आगे बढ़ाना।

अध्ययन का सीमांकन :

प्रस्तुत अध्ययन में दोनों गुरुजनों के राम को लेकर लिखे गए बरगीतों की ही चर्चा की गई है। उनके कृष्ण संबंधित बरगीतों की चर्चा यहाँ नहीं हुई है।

अध्ययन में व्यवहृत पद्धति एवं उपाय :

प्रस्तुत अध्ययन की पद्धति विश्लेषणात्मक है। पत्र MLA पर आधारित है। इस अध्ययन में शंकरदेव और माधवदेव पर लिखित कई लेखों की सहायता ली गई है।

विश्लेषण :

बरगीतों की भाषा मुख्य रूप से ब्रजावली थी। इन गीतों में आंचलिकता का बहुत प्रभाव पड़ा।

डॉ. महेश्वर नेओग ने बरगीत की विशेषताएँ निम्नलिखित बताई हैं-

''1. बरगीत की भाषा असमिया और मैथिली भाषा के सम्मिश्रण से बनी है। ब्रजावली भाषा में इन गीत समूहों की रचना हुई है।

2. विषय-वस्तु संरक्षणशील या संयम।

3. बरगीत समूहों का सुर उद्देश्य और परिवेश के अनुसार शंकरदेव और माधवदेव ने संयोजन किया।

4. चौदह प्रसंग की परिक्रमा में बरगीत का स्थान, जैसे प्रात: प्रसंग के प्रारंभ में बरगीत तूती, उसके बाद भटिमा, कीर्तन आदि गाया जाता है।

5. बरगीत की सीमाबद्धता पवित्रता है। सत्र और पंथ भेद के कारण रामचरण ठाकुर, गोपाल आता, दैत्यारी ठाकुर, नारायण ठाकुर आता, पुरुषोत्तम ठाकुर आदि के गीतों को भी बरगीत माना जाता है। किंतु दूसरे सत्र या पंथ इसको नहीं मानते।''[3]

सत्येन्द्र नाथ शर्मा ने बरगीत के छह विषय उल्लेख किए हैं। 'चरित पुथि' में इन छह विषय को ही बरगीत का 'छठि रस' कहा गया है। वह विषय हैं-

1. परम पुरुष भगवान अवतार लीला
2. यशोदा और गोपियों का विरह
3. परमार्थ
4. संसार के प्रति विरक्ति
5. कृष्ण की शौर्य क्रिया
6. कृष्ण का चातुर्य।

लीला विषयक बरगीत समूहों में - जागन, चलन, खेलन, नृत्य आदि विषयों को पाया जाता है। बरगीत की संख्या, विषय और भाषा के क्षेत्र में शंकरदेव और माधवदेव के बरगीत में साधारण अंतर देखने को मिलता है। दोनों गुरुजनों के बरगीत समूहों में मुख्यत: श्रीकृष्ण लीला का वर्णन होते हुए भी कुछ बरगीतों में श्रीराम या रामायण का उल्लेख देखने को मिलता है, किंतु यह संख्या में कम है। शंकरदेव के प्रथम बरगीत में राम की वंदना है, जहाँ उन्होंने श्रीराम के चरण में अपने आप को समर्पित किया। साथ ही उल्लेख किया- राम बीने नाई गति।

राग धनश्री में रचित बरगीत इस तरह है-

मन मेरी राम चरणहि लागु।
तई देखना अंतक आगु।

पद :

मन आयु क्षणे क्षणे टूटे।
देखु प्राण कोन दिने छूटे॥
मन काल अजगरे गिले।
जान तिलेके मरण मिले॥
मन निश्चय पतन काया।
तइ राम भज तेजि माया॥
रे मन इसब विषय धांधा।
केने देखि नेदेखस आंधा॥
मन सुखे पार कैछे निंद।
तइ चेतिया चिन्त गोविंद॥
मन जानिए शंकरे कहे।
देखा राम बिने गति नहे॥

इस बरगीत में गुरुजन ने अपना मन और चेतना राम के चरण में समर्पित किया। गुरुजन के अनुसार इस पार्थिव चेतना, दुख-यंत्रणा से राम ही मुक्ति दिला सकते हैं। ठीक उसी तरह शंकरदेव द्वारा रचित 'शुन शुन रे सुर' बरगीत में राम के बारे में कहा गया है। यह बरगीत आशोवरी राग में है। राम की लंका यात्रा का अनुपम वर्णन देखने को मिलता है।

शुन शुन रे सुर बैरी प्रमाना निशाचर नाश निदाना।
राम नाम यम समरक साजि समदले कयलि पयाना।

पद :

ठाट प्रकट पटु कोटि कोटि कपि
गिरि गरगर पद घावे।
बारिधि तीर तरि। करे गुरु तर गिरि
धरि धरि समरक धावे।
हाट घाट बहु बात बियापि
चौगरे बेरहली लंका।
गुरु घन घन घोष घरिशन गरज्जन
श्रमने जन्मय शंका॥
धीर बीर शूर शेखर राघव
रावण तुव परी झांपे
सुर नर किन्नर फंधर थरथर
महीधर तरषि प्रकम्पे॥
अंधा मुन्द्ध डैश कंध पाप बुध
जानकी शीरत चराई।
रघुपति पदभार। धर रजनी चर
शंकरे कहतू उपाय॥

बरगीत में निहित उपदेश वाणी ने सर्वसाधारण को मुक्ति का पथ दिखाया। मुक्ति है परम सुख। मनुष्य के सभी कर्मों का उद्देश्य है सुख प्राप्ति। मुक्ति में मनुष्य को सर्वोत्तम सुख लाभ होता है। मुक्ति किस तरह प्राप्त किया जा सकता है, इस बरगीत में बताया गया है-

बोलहु राम नामेसे मुकुति निदाना।
भव बैतरणी तरनी सुख सरणी।
नाही नाही नाम समाना।।
बचने बुली राम। धर्म अर्थ काम
मुकुति सुख सूखे पाय।

राम नाम ले। राम नाम ही मुक्ति का पथ है। भव अर्थात संसार पापियों की आत्मा मुक्ति के लिए रुदन करने वाली बैतरणी नदी के समान है। राम नाम है इस नदी को पार करने की एकमात्र नाव। राम नाम के द्वारा भिन्न स्तर (धर्म, अर्थ, काम) सुख लाभ करने के पश्चात परम सुख 'मुक्ति सुख' लाभ कर सकते हैं।

राम वंदना को लेकर शंकरदेव का अन्य एक बरगीत है- ''**पामरु मन राम चरने चित्त देहु।**'' राग धनश्री और ताल पोरिताल में रचित इस बरगीत के जरिए शंकरदेव ने राम नाम को जीवन का संबल बनाने का उपदेश दिया।

''पामरु मन राम चरने चित्त देहु।
अथिर जीवन राम माधव केरी नाम,
मरनक संबल लेहु।।''

गुरुजन के अनुसार इस भव संसार तथा वैषयिक माया-मोह से मुक्ति का उपाय राम नाम में ही निहित है।

राग धनश्री और पोरिताल में रचित शंकरदेव का और एक बरगीत है-''**राम मेरे हृदय पंकजे रैसे।**'' इस बरगीत में गुरुजन ने राम को परम सुहृद, जगतारक, अभयदाता, परमनिधि कहा है। गुरुजन का मत है कि-

''जग तारक जाकेरी नाम।
देखो सो पूनू आपुन ठाम।।
राम सुहृद सोदर माता।
जान रामेसे अभयदाता।।
राम भक्त परम निधि।
राम बिने नाहि आर सिद्धि।।
राम इह परलोक गति।
ताहे देखो नाही मंदमति।।''

राम नाम पाप से उद्धार करता है। राम नाम ही है मुक्ति का पथ। इसी कारण महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव ने अन्य एक बरगीत में लिखा है कि-

'श्रीराम, मोई अति पापी पामरु, तेरि भावना नाइ।
जनम चिंतामनि काहेगयो जैसे कासक लाई।।'

राग सुहाई, ताल पोरी में रचित बरगीत में राम नाम को अपार्थिव सुख का मूल माना हैं।

'दिवसे विषये बियाकूल,
निशि शयने गोवाई।
मने धन खुजि बिमोहित,
तेरी आरति नापाई।
हृदय कमले हरि बैठह,
चिंटू चरण ना तेरी।
करल गरल जस भोजन
हामु अमिया हेरि।।
परम मूरुख हामु माधव।
एको बकती ना जाना।
दास दास बुली तारहु एहु शंकरे भाना।।'

शंकरदेव और माधवदेव -दोनों गुरुओं के बरगीतों में आशोवारी, धनश्री, सुहाई, वसंत, श्री, केदार, गौरी, नात मल्लार, माहुर, तूर वसंत, कल्याण, भूपालि और अहिर राग का व्यवहार किया गया है। किस समय कौन-सा बरगीत गाना है, उसका भी नियम है। जैसे अहिर , कल्याण आदि राग सवेरे-सवेरे गाए जाते हैं। गौरी, धनश्री, श्री, माहुर आदि राग दोपहर के समय गाए जाते हैं। संध्या के समय गाने वाले राग हैं आशोवारी, बेलोवार आदि। रात के प्रथम भाग में सुहाई, मल्लार आदि राग गाते हैं। रात के द्वितीय भाग मे भूपाली, कामोद आदि राग गाते हैं। आज से पाँच सौ वर्ष पूर्व से अधिक काल से सत्र समूहों में ये रीति-नीति कठोरता के साथ पालन करते आ रहे हैं। बरगीत के भाव भक्ति के बीच भक्तगण अपने जीवन में एक संस्कृत रूप लाभ करने में सक्षम हैं।

उधर माधवदेव रचित रामायण की कथा का अवतारणा करने वाले बहुत सारे बरगीत हैं। इसमें दो उदाहरण हैं- देखो रे नयन भरि लोई और जय जय राम राघव रघुकुल पंकज। इसकी प्रथम उल्लेखित बरगीत में बेलोवार राग प्रयोग किया गया है। राम और कृष्ण का स्थान संपर्याय कहकर माधवदेव ने नव वैष्णव धर्म का आदर्श राम कृष्ण की अभिन्नता का प्रचार करना चाहा था। द्वितीय उल्लेखित बरगीत है राग सिंधुरा में। इस बरगीत में राम अभिषेक का उल्लासपूर्ण वर्णन परिलक्षित होता है-

जय जय राघव रघुकुल पंकज
दिनकर राम मुरारी।
योपद कमल सुरासुर सेवत
सकल भुवन अधिकारी॥

पद–

बालि घालि पालिसग्रीव कपि
बारिधि बाँधल सेतु।
निशाचर नाशन दशानन घाटन
जग जन मंगल हेतु॥
जानकी लक्ष्मण सुग्रीव विभीषण
मारुति सब सैन्य साथे।
पुष्पक जानही आशी आपुन पूरी
भयो नरपति रघुनाथे॥
शिरे शशिमण्डल छत्र सुनिर्मल
श्वेत चामर दोहो दोले।
मिलल महोत्सव परम कोलाहल
सब लोई मंगल रोले।
शंख मृदंग सुरुज ध्वनि बाजत
दुमू दुमू दुंदुभि बोले।
ब्रह्मा पुरंदर हर मुनि किन्नर
चारण मिलल रंगे।
रतन सिंहासने बसि रघु नंदन
राजत जानकी संगे।
निता निरंजन जगजन कारन
कामरूपे अवतारा।
रघुपति चरण कमल भृंग माधव
कहगति राम हामारा॥

ठीक उसी तरह माधवदेव ने 'देखोरे नयन भरि लोई ' बरगीत में भगवान श्री रामचंद्र का वर्णन किया। रावण वध, सीता उद्धार, अयोध्या वापसी के बाद रत्न सिंहासन में विराजमान होकर उन्होंने राजकार्य संभाला–

''रतन सिंहासने राजतू राम।
तनू सुकुमार दुर्बादल श्याम॥
रतन भूषित अंग उजोरे।
पूर्णचंद्रज्योति छत्र उवरे॥
पाश लास श्वेत चामर डोले
मिलिल महोत्सव जय राम बोले॥''

माधवदेव के अनुसार भी मनुष्य की मुक्ति का उपाय हैं राम। वैषयिक माया–मोह मानवीय जीवन को अंधा बना देते हैं। इसी कारण गुरुजन ने राग माहुर और ताल पोरिताल में रचित अन्य एक बरगीत के जरिए कहा–

''हमारू रामचरने मन लागू।
मायामय सयल दुनियाई जानि
भरम तेजि जागु।।
धन जन जीवन यौवन जाया
काया ऐसव धांधा।
जैचन बिजूरि उजूरि मिलावट
ताहे नाहि देखा आंधा॥''

इसलिए गुरुजन ने अन्य एक बरगीत द्वारा भगवान रामचंद्र को हृदय में स्थापित करने का आह्वान किया।

''राम गोसाई करोहो गोहारि।
बहु हृदि पंकज ठाम हामारी॥
माया छोरी भकती करु दाना।
करो टूवा चरण पंकज मधुपाना॥
माधव दास कहय राम तेरा।
याहा याहा चरण ताहा शिरो मेरा॥''

गुरुजन का मूल आदर्श हैं–'एक देव एक सेव एक बिना नाही केव।' शंकरदेव और माधवदेव ने मूर्ति पूजा का भी विरोध किया था। राम नाम के माहात्म्य वर्णन कर माधवदेव ने 'मोई सेवहु रामचरण दूजा' बरगीत में लिखा–

''घटे घटे राम बियापक होई।
आत्मा राम बिने नाहि कोई॥
चैतन्य छोरी काहे जड़ सेवा।
राम बिने नाहि आवर देवा॥
कहय माधव शुनः नर लोई।
राम बिने कटी मुकुति नाहोई॥''

राग माहुर धनश्री, ताल पोरी में रचित माधवदेव का एक बरगीत है– 'राम तेरि चरणकमले रति लागो।' इस बरगीत मे भी गुरुजन ने राम की महिमा का वर्णन किया। साथ ही प्रभु श्री रामचंद्र से करुणा चाही।

''राम तेरि चरणकमले रति लागो,
मागो भकती गोसाईं।
हामु अनाथ नाथ तूह गोविंद
गतिक गति आवरि कोई नाई॥''

झूठ, विषय ,वासना छोड़कर राम का गुण गाने के लिए गुरुजन ने आह्वान किया। दुख की महौषधि ही

राम नाम है। प्रभु राम भक्तों के बंधु हैं। गुरुजन ने इसका उल्लेख एक बरगीत में किया–

''रे मन, राम चरण रति लावत।
झूंता बात, विषय विष छोड़ि राम अमिया गोईं गावत॥''

राग गौरी और ताल यति में रचित गुरुजन ने राम के संदर्भ में एक और बरगीत लिखा–

''राम परम धन चिंतहु मन भाई।
तनू चिंतामणि बिफलही जाय॥
विषय सुख शुकरकहु पाय।
हरि पद सेवा मानवी बिने नाइ।''

ठीक उसी तरह राम वंदना से गदगद होकर माधवदेव द्वारा रचित और कुछ बरगीत हैं–

राग आशोवारी, ताल पोरी में रचित 'रामक बानी जपहु मन भाई', राग धनश्री, ताल पोरी में रचित 'रे मन राम चरन धन सेवना' और राग सिंधुरा में रचित 'जय जय राम राघव रघुकुल पंकज दिनकर राम मुरारी।'

इसी तरह हमें महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और महापुरुष माधवदेव, दोनों गुरुओं के बरगीत में राम की वंदना देखने को मिलती है। सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर गुरुजन के बरगीत समूहों में राम की वंदना में दो मुख्य विषय सामने आते हैं –

1. परम पुरुष के रूप में श्री रामचंद्र, जहाँ श्री राम की मानवीय विशेषताएँ प्रतिफलित होती हैं।
2. भगवान के अवतार के रूप में श्री रामचंद्र।

जहाँ भगवान विष्णु के अवतार के रूप में श्री रामचंद्र को प्रतिष्ठित किया गया है। महेश्वर नेओग का कहना है कि ''बरगीत गाकर और सुनकर हमारे मन में भक्त कवि सूरदास का बाल श्रीकृष्ण विषयक पदसमूह की स्मृति उत्पन्न होती है, विद्यापति या बंगीय महाजनों के वैष्णव पदावली नहीं। नामघोषा के विषय विभाग महापुरुषों ने स्वयं करके रखा है। बरगीतों में भी उसी तरह के विभाग हैं, केवल उसे महापुरुषों ने लिखित रूप में नहीं रखा है।''[5]

सत्य और शांति की प्रतिष्ठा के लिए भगवान विष्णु ने विभिन्न अवतार धारण किए। दुष्ट का दमन, शांति का पालन किया। भगवान राम को विष्णु का अवतार माना जाता है। गुरुजन द्वारा रचित इस बरगीत की पंक्तियाँ इसकी यथार्थता प्रमाणित करती हैं–

''नित्य निरंजन जगजन कारण
रामरूपे अवतारा।।
रघुपति चरण कमल भृंग माधव
कहगति राम हामारा॥''

निष्कर्ष :

महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव ने संपूर्ण असम में ही एक नए जागरण की सृष्टि कर दी। असम में एक शरणिया नामधर्म का प्रचलन होने लगा। सभी ऊँच-नीच जाति के लोग एक साथ बैठकर नामघर में ईश्वरोपासना करने लगे। आर्थिक दुर्दशा और अनैतिक द्वंद्व से आज के समय में शंकर-माधव की धर्म चर्चा का आवेदन हमारे लिए शिथिल हो सकता है, किंतु दोनों गुरुजनों ने एक नए समाज का निर्माण किया। असमिया भाषा-साहित्य को एक अलग पहचान दिलाई। ❑

संदर्भ सूची :

1. महंत, बापचंद्र : प्रबंध गानर परंपरागत बरगीत; बनलता, 2006
2. महंत, बापचंद्र : प्रबंध गानर परंपरागत बरगीत; बनलता, 2006
3. नेओग, डॉ. महेश्वर : श्री श्री शंकरदेव; चंद्रप्रकाश, 1999
4. शर्मा, डॉ सत्येन्द्रनाथ : असमिया साहित्यर समीक्षात्मक इतिवृत्त; सौमार प्रकाश, गुवाहाटी, 2001
5. नेओग, डॉ. महेश्वर, श्री श्री शंकरदेव, चंद्रप्रकाश, 1999

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

समकालीन कविता का मानवीय चेहरा

प्रो. प्रमोद कोवप्रत

प्राध्यापक अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कालिकट विश्वविद्यालय
मलापुरम जिला, केरल-673635
मो. 9447887384
ई-मेल : drpramodcu@uoc.ac.in

समय का प्रवाह तेज है। हमारा पूरा परिवेश एवं सभ्यता संस्कृति में भारी परिवर्तन हो रहे हैं। भूमंडलीकरण सूचना क्रांति और मीडिया का वर्चस्व समाज के हर हिस्से में व्याप्त है। हमारे परंपरागत जीवन एवं आचार-विचारों पर नए प्रकार का दबाव पड़ रहा है। सब कुछ पैसा, मुनाफा और बाजारवादी दृष्टि पर केंद्रित है। अर्थव्यवस्था सर्वोपरि है। उसके बीच संस्कृति, मूल्य बोध, लोकतंत्र, प्रकृति, ग्रामीणता, परंपरा आदि की दुहाई देना निष्फल जैसा लगता है। डॉक्टर पशुपति नाथ उपाध्याय के शब्दों में, ''**सामाजिक मूल्यों और राजनीतिक चरित्रों का द्रुतगति से पतन हुआ है, ह्रास हुआ है । ऐसी स्थिति में सूचना तंत्र को मानवीय मूल्यों के प्रति निष्पक्ष दृष्टि से राष्ट्रहित में सूचना प्रसारित करना चाहिए। मानवी मूल्यों की स्थापना में सूचना तंत्र के दोनों सघन साधन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया ब्रैकेट समाचार पत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं।**'' [1] कभी-कभी मीडिया एवं सूचना तंत्र की तरफ से अप-संस्कृति भी फैलाई जा रही है। साहित्य का काम अप-संस्कृति के खिलाफ जनता को सचेत करना है। चाहे मीडिया हो या भूमंडलीकरण हो, इससे समाज में मानवीय चेहरा जिस तरह खोता जा रहा है, उसके प्रति जागरूक बनाना, मनुष्य का मूल्यबोध जगाना और मनुष्यता को पुन: प्राप्त करना समकालीन साहित्य का दायित्व है। समकालीन कविता मानवीय पक्ष पर विशेष बल देती है।

वर्तमान समय में मनुष्य का जीवन यापन अत्यंत दुष्कर होता जा रहा है। पूँजी और मुनाफे की दुनिया में जूझना ही मनुष्य की नियति बन गई है। अपने खौफनाक समय में योग जीवन की गाड़ी खींच-खींच कर चला रहे हैं। आजीविका के लिए, अपने अस्तित्व के लिए, अपनी अस्मिता के लिए और अपने पेट के लिए संघर्ष जारी है। कुमार अंबुज की कविता 'एक राजनीतिक प्रलाप' की पंक्तियाँ इस संदर्भ में अत्यंत मार्मिक हैं-

इतनी ज्यादा मुश्किलें जिनमें जीवित हैं लोग
करोड़ों लोग गरीबी के नर्क में हैं
करोड़ों बच्चे झुलस रहे हैं फैक्टरियों में
करोड़ों स्त्रियाँ जर्जर शोकमय शरीरों में मुस्कुरा रही हैं [2]

बिल्कुल सही है कि विशंभर नाथ उपाध्याय ने 'बिकमिंग' की कविता के रूप में समकालीन कविता को माना, क्योंकि उसमें धड़कन है, तड़प है, गर्जन है और कराह भी। समय की क्रूरता, अमानवीयता, अत्याचार एवं शोषण ऐसे कविताओं में अंकित हैं कि मानवीयता विलुप्त हो रही है तो उसे सुरक्षित रखना कवियों का दायित्व बन जाता है। वर्तमान अप-संस्कृति कितनी डरावनी लगती है इसकी सीधी अभिव्यक्ति हमें निर्मला पुतुल की कविता में मिलती है। 'इतनी दूर मत ब्याहना बाबा' की पंक्तियाँ हमें बहुत कुछ सोचने के लिए प्रेरित करती हैं-

उस घर से मत जोड़ना मेरा रिश्ता
जिसमें बड़ा सा खुला आँगन न हो
मुर्गी की बाँग पर होती नहीं हो जहाँ सुबह
और शाम पिछवाड़े से जहाँ
पहाड़ी पर डूबता सूरज न दिखे [3]

अर्थात् महँगाई के जमाने में हमें कभी कभार लगता है कि आज मनुष्य के सिवाय बाकी सब कीमत बढ़ गई है। मनुष्य जीवन का मूल्य घटता जा रहा है। इसलिए मनुष्य क्रूरता बढ़ रही है। राजेश जोशी को इसीलिए 'मारे जाएँगे' कविता लिखनी पड़ी। बेकसूर एवं गरीब लोगों की स्थिति दयनीय है। भगवत रावत की कविता की पंक्तियाँ हमें व्याकुल करती हैं-

मनुष्य दिखते भर रहने के लिए हम
करते हैं न जाने क्या-क्या उपाय

.....

अब किसी आवाज पर
दौड़ नहीं पड़ते अचानक नंगे पाँव
कमरों से आराम से बैठे - बैठे
देखते रहते हैं नरसंहार। [4]

वास्तव में आज मनुष्य यंत्र बनता जा रहा है। एक

प्रकार से असंवेदनशील मानसिकता के साथ जी रहे हैं। हमारी आज की बाजारीकरण संस्कृति ने हमें ऐसा बना दिया है। वास्तविकता यह है कि आज प्रतिक्रिया विहीन लोगों को अधिकतर देख सकते हैं। लीलाधर जगूड़ी की पंक्तियाँ इस अवसर पर काफी ध्यान देने योग्य हैं । आज की विडंबना पर उन्होंने अपनी कविता 'इक्कीसवीं सदी का एक विज्ञापन' में लिखा है –

मुझे ऐसे बच्चे चाहिए जो सीधे आदमी हो जाएँ
जिनके बड़े होने और खड़े होने का इंतजार न करना पड़े
जो एकदम तैयार रहते हों और छुट्टी न लेते हों
जो सोचे नहीं सिर्फ करें
बस बीमार न पड़ते हों,जो सिर्फ जिएँ और मरें [5]

लाभ केंद्रित उपभोक्तावादी संस्कृति में स्नेह, प्यार, मदद, सेवा, सम्मान आदि के लिए कोई स्थान नहीं है। यह निजीकरण का समय है। अगर आपके पास पैसा है तो सब कुछ मिलेगा। बाकी लोगों को मरने के सिवाय दूसरा चारा नहीं है। सरकार सब कुछ निजीकृत कर रही है। मानवीयता से दूर पड़ गई हैं स्वास्थ्य सेवाएँ। गरीब को सही इलाज नहीं मिलेगा। अमानवीय होते स्वास्थ्य के क्षेत्र के बारे में अरुण कमल लिखते हैं –

जैसे सरकारी अस्पताल थे लेकिन वहाँ
रुई पट्टी तक न थी , नर्सें स्वेटर बुनती रहतीं
डॉक्टर कभी-कभी सैर पर आते
और बेड के नीचे कुत्ते सोए रहते
केवल लाश-घर पर सरकार का पूरा नियंत्रण था [6]

बाजारीकृत समाज में मनुष्य का चेहरा गायब होता जा रहा है। वह सिर्फ आधार कार्ड से गिना जाता है। कुमार अंबुज ने 'अतिक्रमण' जैसी कविता के माध्यम से मनुष्य के वस्तुकरण की गंभीर समस्याओं को उठाया है। यांत्रिक दुनिया में मशीन और कंप्यूटर ही सब कुछ तय करता है, लेकिन एक ही शर्त है मुनाफा। बलदेव वंशी की कविता यहाँ महत्वपूर्ण है। 'खुद को सुनना खामोश घर में' कविता की पंक्तियाँ हमें सब कुछ बता देती हैं –

आदमी चुप होता है जब
तो चीज़ें बोलती हैं
बोलती चीजों से घिरा
आदमी खामोश है। [7]

मनुष्य का रोना-हँसना, चुप रहना, आह, कराह सारे भावों को आज पैसे में बदल दिया जाता है। या तो वह विज्ञापन बन जाता है या मोबाइल का रिंगटोन बन जाता है। सोशल मीडिया में ऐसे बहुत सारे चित्र के लिए लाइक और कमेंट बहुत मिलते हैं। छोटे-छोटे वीडियो, तस्वीर, रील आदि इसके उदाहरण हैं। किसी के दुख-दर्द को भी सनसनीखेज समाचार बनाकर मीडिया वाले खूब पैसा कमाते हैं। उपयोगितावादी दौर में यही सब चलता है। कैलाश वाजपेयी की पंक्तियाँ अत्यंत मार्मिक लगती हैं –

आज तक कोई उपयोग ना कर पाए हम
तुम्हारी चुप चीख का
हमें माफी करना माँ
बाजार में आँख का कोई मूल्य नहीं। [8]

इसी तरह पंकज चतुर्वेदी अपने समय के अमानवीय चेहरे को बेनकाब करते हैं। इंसानियत अब गायब हो रही है और अदृश्य शक्तियों के नियंत्रण में हम लोग आ गए हैं। मंगलेश डबराल 'नए युग में शत्रु' नामक कविता में सशक्त रूप से भूमंडलीकृत दुनिया की अदृश्य शक्तियों के बारे में लिखते हैं। पंकज चतुर्वेदी हमारे समय के आकाश में मन को डराने वाली चीजों से हमें सावधान करते हैं। जैसे –

एक ऐसे समय में
जब आकाश में चीलें मंडरा रही हैं
और हर खोह के लिए एक अदृश्य मुनादी है
कि उसमें हाथ डालने वाले इंसान की
खाल खींच ली जाएगी। [9]

अर्थात् इंसान बनना आसान नहीं है। मनुष्य ने काफी प्रगति अर्जित की है। मगर उनका काम अत्यंत घिनौना और हिंसक बनता जा रहा है। वे पाषाण युग से तो बाहर निकले, मगर उनका दिल पाषाण जैसा बन गया है। वास्तव में कोमल संवेदनाओं के लिए आजकल स्थान नहीं रहा। संवेदन शून्य मनुष्य के बारे में केदारनाथ सिंह ने अपनी कविता 'फर्क नहीं पड़ता' में सुंदर अभिव्यक्ति दी है। समाज के हाशिए पर खड़े एवं गरीब लोगों पर अत्याचार बहुत चल रहा है। वे हमेशा शोषण का शिकार

बन जाते हैं। कवि ज्ञानेंद्रपति अपनी कविता 'वसुधैव कुटुंबकम' में इसकी सशक्त अभिव्यक्ति देते हैं। कवि के शब्दों में –

लेकिन मैं जानता हूं
पाषाण युग से भी पीछे
हैं वे पाषाण हृदय जो
अत्याधुनिकों में अग्रगामी गिनते हैं खुद को
उनको मानव होना शेष अभी।[10]

निष्कर्ष के रूप में कह सकते हैं कि समकालीन कविता मानवीय चेहरे पर बल देती है । तमाम हाशिएकृत विमर्शों या अस्मिता विमर्शों के पीछे मानवीय संवेदना ही सक्रिय रूप से कार्यरत है। मनुष्य को व्यक्ति के रूप में पहचान मिलनी जरूरी है। पशु तुल्य जीवन बिताने तथा शोषित होने के लिए अभिशप्त लोगों के पक्ष में कविता खड़ी होती है। उपभोगी एवं बाजारीकृत समाज में मूल्यों तथा मानवीय भावों को प्रमुखता देनी चाहिए। साथ ही प्रेम, करुणा, स्नेह, दया, सहानुभूति आदि कोमल मूल्यों और संवेदनाओं को बरकरार रखना चाहिए। मुनाफा केंद्रित समाज में मनुष्य और मनुष्यता के लिए स्थान कम होता जा रहा है।

समकालीन कविता में वर्तमान का यथार्थ चित्रित होता है। वह मानवीय अस्मिता के लिए खड़ी है। दलित, आदिवासी, किन्नर, अल्पसंख्यक आदि सभी के प्रति यह कविता अपने सरोकार को व्यक्त करती है। मनुष्य होना बड़ा गुण है, उससे बड़ा गुण है मनुष्यता। वास्तव में समकालीन कविता के प्रतिरोध और प्रतिवाद की भावना के पीछे मनुष्य और मनुष्यता को बचाए रखने का बहुत बड़ा साहस हम देख सकते हैं। ❑

संदर्भ सूची :

1.डॉ. पशुपति नाथ उपाध्याय – भूमंडलीकरण और साहित्यिक परिप्रेक्ष्य, जवाहर पुस्तकालय, मथुरा, 2023 पृ. 175
2. कुमार अंबुज – अनंतिम, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009 पृ. 9
3. निर्मला पुतुल – नगाड़े की तरह बजते शब्द, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2005 पृ. 49
4. भगवत रावत – ऐसी कैसी नींद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004 पृ. 87
5. लीलाधर जगूड़ी – भय भी शक्ति देता है, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1991 पृ.111
6. अरुण कमल – मैं वो शंख महाशंख – राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012 पृ. 102
7. बलदेव वंशी – धरती हॉफ रही है, आर्य प्रकाशन मंडल, नई दिल्ली, 2007 पृ. 76
8. कैलाश वाजपेयी – हवा में हस्ताक्षर, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005 पृ. 32
9. पंकज चतुवेदी – एक संपूर्णता के लिए, आधार प्रकाशन, पंचकूला, हरियाणा, 1998 पृ. 12
10. ज्ञानेन्द्र पति – कवि ने कहा, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, 2000 पृ. 105 – 106

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

राभा लोकगीत : एक अध्ययन

डॉ. चंदना शर्मा

सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
प्रागज्योतिष महाविद्यालय
गुवाहाटी-781009
मो. 7002544837
ई-मेल : chandana@pragjyotishcollege.ac.in

शोध-सार :

राभा समाज लोकगीत, लोककथा, लोकविश्वस और लोकसंस्कृति से परिपूर्ण है। राभा समाज में प्रचलित विभिन्न पूजा-अर्चना, उत्सव आदि में गीत, बोल, सुर, ताल, वाद्य नृत्य के उपकरण मौजूद हैं। इन नृत्य-गीतों में सुख-दुख, विरह और प्रेम विद्यमान हैं। राभा लोक गीतों में छाथार, बहुरंङी, तूकुरीया गीत, हुईमारो गीत, फारकांति या तरांगकाजी गीत, ददानगीत, निरमणि-निरजुरीर गीत, नवईनी और हरकापेकापेटार गीत, मारा-माथाँग गीत नाम के गीत विशेष रूप से प्रचलित हैं। इन गीतों को अलग-अलग भागों में विभाजित कर सकते हैं, जैसे - पूजा के समय गाने वाले गीत, विवाह, श्राद्ध आदि सामाजिक अनुष्ठानों में गाने जाने वाले गीत और प्रणय के गीत, कहानी मूलक गीत, हँसी-मजाक के गीत, कर्म से जुड़े हुए गीत, वर्षा के गीत, नए साल के गीत इत्यादि। इन सभी में प्रतिफलित होती है लोक-सांस्कृतिक विरासत।

कुंजी शब्द :

लोकविश्वास , लोकसंस्कृति , मायतारि, रंगदानी, रून्तुक, बाचेक, ग्री 'मबुदार आदि

भूमिका :

अपने गौरव, विशिष्टता, आस्था, आख्यान, उपाख्यान से परिपूर्ण जाति है राभा। भारत के संविधान में राभा एक जनजाति के रूप में स्वीकृत है। राभा जनजाति का निवास असम के ग्वालपाड़ा, कामरूप और दरंग जिले में है। असम के अतिरिक्त मेघालय, मणिपुर, बांग्लादेश एवं नेपाल में भी राभा समुदाय के लोग रहते हैं। विद्वानों के अनुसार ये लोग तिब्बत से देशांतरित होकर सर्वप्रथम मेघालय के गारो हिल्स में आए। इसके बाद ये लोग असम के विभिन्न क्षेत्रों में बस गए। राभा जाति सामाजिक दृष्टि से कई शाखाओ में विभक्त है। जैसे- रंगदानी, पाति, टोटला, मायतरी, कोच, बितलिया, हाना आदि।

शोध पद्धति :

प्रस्तुत अध्ययन को संपूर्ण करने के लिए वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक पद्धति को अपनाया गया है। इस लेख को पूरा करने के लिए राभा लोक समाज में लोकप्रिय कुछ गीतों को और कुछ लोक गीतों के बारे में लिखे गए लेख समीक्षा को आधार रूप में लिया गया है।

अध्ययन की सीमा :

राभा लोक गीतों का भंडार विशाल है। इस छोटे से निबंध में सभी गीतों को समाहित करना संभव नहीं है। अत: मेरे इस शोध निबंध पर केवल पूजा-अर्चना से संबंधित कुछ गीतों पर ही चर्चा की गई है। इन गीतों के जरिए राभा समाज में प्रचलित आध्यात्मिक स्वरूप को देखने का प्रयास किया गया है। साथ ही उनमें प्रतिफलित लोक-सांस्कृतिक विरासत को भी उकेरा गया है ।

पूजा के समय गाने जाने वाले गीत :

राभा लोक गीतों में पूजा-पाठ के गीतों को विशेष महत्व दिया जाता है। राभा लोक गीतों में पूजा-पाठ के गीतों में कई विशेषताएँ देखने को मिलती हैं। अध्ययन की सुविधा के लिए इसे कई भागों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे- मायतारि राभाओं की बायखो पूजा के गीत, रांदानि राभाओं की हाछां पूजा के गीत, अग्नि पूजा के गीत, कोच राभाओ के रून्तुक -बाचेक पूजा के गीत, ग्री'मबुदार गीत, बीमारियों से संबंधित पूजा के गीत, वीरा भगाने का मंत्र, काति पूजा के गीत।

(क) मायतारि राभाओं की बायखो पूजा के गीत : राभाओं के प्रधान उत्सवों में एक उत्सव है खोकचि या बायखो पूजा। मायतारि राभा के अनुसार उनकी प्राचीन वीरांगनाएँ हैं - तामाइ, दादुरि और नाकाति। इस पूजा में इन तीनों वीरांगनाओं को देवी के रूप में पूजा की जाती है। इस का उत्सव हर साल निर्दिष्ट जगह पर या धाम पर वैशाख और जेठ महीने में सामूहिक रूप में पालन किया जाता है। पुराने जमाने में यह उत्सव सात दिन-सात रात तक मनाया जाता था। आज भी कहीं-कहीं ये तीन दिन-तीन रात तक मनाया जाता है। उत्सव के पहले दिन को 'नोक खि'थारकाय' या घर शुद्धिकरण कहा जाता है। उस दिन शाम को पुरोहित हर एक परिवार में जाकर उनके घरों की छत पर चावल के आटे से शुद्धि करते हैं। उस समय गाते हैं -

'फइ फइ हाछि छानि कुरि छाओरातांगओ
कुरि छानि चिंवा तोबालाति,
कुरि खेरे छाना लागिया
चिवां तोखा गांडा-छे पुइ खेरेछे
छाइ रेङा लगिया।' (राभा जनजाति ; पृष्ठ- 130)

अर्थात हे बच्चो, आओ। आओ, हम सभी चातक की भाँति हँसते-खेलते काम करते हुए जीवन जिएँ। इन गीतों के जरिए लोगों को कर्म की प्रेरणा देते हैं।

(ख) रांदानि राभाओं की हाछां पूजा की गीत: उस दिन रांदानि राभा लोग अपनी प्राचीन वीरांगना श्री छिछोराक खोकचि को पूजा में मुख्य देवी रूप से पूजा करते हैं । कुछ लोग खोकचि के जगह पर हाछां या वस्तु देवता की भी पूजा करते हैं। कुछ लोग हाछां को देवी महामाया रूप में भी मानते हैं। इस पूजा के समय सामूहिक रूप से आराधना करते हुए गीत की कुछ पंक्ति दोहराते हैं।

(ग) अग्नि पूजा के गीत : राभा समूह में अग्नि पूजा प्राचीन काल से ही प्रचलित है। कुछ लोग इस पूजा को खोकचि पूजा के साथ भी करते हैं। यह पूजा करने के लिए काठ और बाँस से सात स्तरीय वेदी बनाई जाती है। पूजा के अंत में इसे जला दिया जाता है। अग्नि पूजा में गाया जाने वाला एक गीत इस प्रकार है-

आगराणी छाना दे - ए आया
ब्रह्माणी छाना दे - ए आया
नङिपूर्वानी आचारबानि बिचारबानि राय,
चिङिपालि प्रहरितां, नाङिचालाम चिङिराय।
(राभा जनजाति ; पृष्ठ- 132)

इसका अर्थ है- हे माँ, अग्नि देवी आप मातृ स्वरूपा; हम प्राचीन आचार नीति के अनुसार पवित्र परिष्कार पानी से स्नान कर आए हैं । हे देवी, हम तुम्हें विश्वास और भक्ति के साथ प्रणाम करते हुए अंजलि देते हैं।

(घ) कोच राभाओ के रून्तुक : बाचेक पूजा के गीत-कोचबिहार, जलपाईगुड़ी, ग्वालपाड़ा आदि

जगहों में रहने वाले राभा लोग गृह देवी के रूप में रून्तुक या बाचेक पूजा करते हैं। यह पूजा विशेषत: भूत-प्रेत, बीमारी आदि से बचने के लिए की जाती है। साथ ही धनधान्य प्राप्त करना भी इस पूजा का उद्देश्य है.। उनके अनुसार रून्तुक और बाचेक बहनें हैं। इसीलिए इनकी एक साथ पूजा की जाती है। पूजा के समय देवरी या पुजारी नीचे दिए हुए गीत को गाते हैं-

हल जल जिनु 'उ
हल जल जिनु 'उ
सोना नागु नाबु 'उ
हातीराइ ताचाइ
घोरा बुउ ताचाइ
हल जल जिनु 'उ
हल जल जिनु 'उ। (राभा जनजाति ; पृष्ठ- 133)

इसका अर्थ है- माँ रून्तुक और बाचेक तुम दोनों बहने हो। हे रून्तुक, तुम्हारे लिए सोने के घोड़े की व्यवस्था की है। हे बाचेक, तुम्हारे लिए भी चांदी के घोड़े की व्यवस्था की है। हमारे प्रति कृपा रखना ।हाथी पर चढ़कर मत जाना, घोड़े पर भी मत लौट जाना। हमारे प्रति कृपा बनाए रखना।

(ङ) ग्री 'मबुदार गीत : ग्री 'मबुदार पूजा मायतारी राभाओं के शरद ऋतु में मनाया जाने वाला प्रधान उत्सव है ।यह मूलत: कृषिकर्म से संबंधित उत्सव है। ग्री 'मबुदार के साथ कई सहयोगी देवियों की पूजा भी होती है। उनमें से 'तुरा लास्की' खेतों की रक्षा करने वाली और कीट-पतंग विनाश करने वाली देवी माना जाता है। लक्ष्मी पूजा मंडप में आने से पहले हर घर से एक कुमारी लड़की पूजा मंडप से एक -एक गुच्छा धान नए काबुं कपड़े से लिपट कर अपने पीठ पर घर लाती हैं और उसके पीछे-पीछे गाँव के समूह नीचे लिखे गीत को गाते हैं-

फै हाछिछा फै कुरिछा फै
हि हि ओइ।
फै आछु फै शालि फै
हि हि ओइ।
फै हाम्पा फै माई फै
हि हि ओइ।। (राभा जनजाति; पृष्ठ- 133)

जिसका अर्थ है- हे जनगन आओ शालि आओ, हे आहु आओ, हे कपास आओ ।हे लक्ष्मी आओ आओ । इस तरह लक्ष्मी माता का स्वागत किया जाता है ।

(च) बीमारियों से संबंधित पूजा के गीत : राभा लोग विभिन्न बीमारियों का कारण अलग-अलग देवता का कोप समझते हैं। उसी विश्वास के चलते ये उन्हें संतुष्ट करने के लिए पूजा-पाठ करते आए हैं। इन उत्सवों में अलग-अलग लोक गीत भी गाए जाते हैं । जैसे अगर किसी व्यक्ति को लगातार बुखार रहता है तो उस व्यक्ति के आँगन में एक पूजा की जाती है। उस समय पुजारी इस तरह से गाते हैं-

अहो ! खुछामि बाइ जादी
हानाछा बिछाइ तइमेन ?
काराहा तइमेन ?
कामाहा तइमेन ? (राभा जनजाति ; पृष्ठ- 134)

जिसका अर्थ है संध्या के देवता तुम कहाँ हो ? ठंडी जगह पर हो या ऊँची जगह पर हो ? या नीची जगह पर हो ? जहाँ भी क्यों ना हो इस मालॉसी पुष्प, मेरा पौधा, पवित्र चावल के आटा आदि से तुम्हारी पूजा की है इत्यादि। साधारणत: अगर किसी को ज्वर, सर में दर्द, पूरे शरीर में दर्द आदि लक्षण दिखाई देते हैं तो उसके आँगन पर बक्रावाय पूजा की जाती है। रोगी के घर के आँगन में केले का पौधा और उसके पत्तों से एक घोड़े की प्रतिकृति तैयार की जाती है। प्रधान पुजारी एक टोकारी (एकतारा) लेकर बजाते हुए गीत गाते जाते हैं और सहयोगी उसी के साथ ताल बजाते जाते हैं। पूरी रात इसी तरह विरामहीन रूप से यह गीत गाए जाते हैं । उस समय गाँव के सभी लोग जागते रहते हैं या जगराता करते हैं। रांदानी, मायतारी राभा इस तरह से पूजा करते हैं ।

(छ) वीरा भगाने का मंत्र : लोक-विश्वास के अनुसार वीरा एक प्रकार का अप-देवता है। लोगों के घर में पत्थर, मिट्टी,काठ आदि फेंक कर लोगों पर अत्याचार करते हैं। कुछ दुष्ट प्रकृति के लोग ओझा के द्वारा शत्रु परिवार पर इस तरह से वीरा प्रयोग कर अत्याचार करते हैं। उस समय वह व्यक्ति जिस पर वीरा का प्रयोग

होता है पागल जैसा हो जाता है और घर से भाग जाना चाहता है। उस समय वीरा को पूजा देकर मंत्र द्वारा भगाना पड़ता है। इसे 'लोमाकाथा' अर्थात वीरा भगाने का गीत कहा जाता है।

ओइ, डालेरे बीरा ना पातेरे बीरा ?
आकाशेरे बीरा ना पातालेर बीरा ?
हा बीरा ! हा बीरा!
ओइ बीरामन चाइते कायाओ ना बा ?,
हा बीरा ! हा बीरा!
छेओरा गाछर पाते जनम पायया,
छेओरा गाछर पाते करम पायया,
बीराणी हाम्बा, बीराणी हाम्बा,
बीराणी हाम्बा - बीराणी हाम्बा।

(राभा जनजाति ; पृष्ठ- 103)

(ज) काति पूजा के गीत : काति पूजा राभा लोक समाज में बिशेष रूप से स्त्रियाँ करती हैं। यह नारी समाज में विशेष रूप से लोकप्रिय है। यह पूजा कार्तिक महीने के अंतिम तारीख में अथवा अगहन महीने के किसी दिन भी किया जाता है। कार्तिक महीने में किया जाने वाला पूजा 'बरतेर काति' और अगहन महीने में की जाने वाली पूजा 'नमला काति' कहलाती है। स्त्रियों में यह विश्वास है कि उस दिन कार्तिक देवता के पूजन से संतान-हीना को संतान की प्राप्ति होती है। स्वामीहीना को स्वामी प्राप्त होता है। इसके अलावा अपनी मनोकामना पूर्ति और खेतों में अधिक से अधिक अनाज उत्पन्न करने के लिए भी कार्तिक पूजा की जाती है। कार्तिक पूजा के अवसर पर शिव और चंडी का विवाह संपन्न किया जाता है। उसके पश्चात गीतों के माध्यम से ढाई का आगमन, नाई का आगमन अशौष क्रिया इत्यादि भी वर्णित होती है । साथ में खेतों की रक्षा के लिए कीट पतंग आदि विनाशकारी जीवों को भगाने की भी कामना की जाती है। कार्तिक पूजा में विशेष रूप से कार्तिकेय जन्म विषयक और श्रृंगार रस, प्रेम लीला विषयक गीत गाए जाते हैं। कार्तिक पूजा में पुरुषों का प्रवेश निषेध है। कार्तिक पूजा में गाए जाने वाला एक गीत इस प्रकार है-

हिये पानीत नामिल चंडी; डिलू पंच डूब
कुघाटे नामिया चंडी सुघाते उठिलो
भिजा बस्त्र फेलाया चंडी सुकान पहिला
उत्तम गंगार जल दिया शिवेर पाओ कचलाईले।

(असमर संस्कृतिक समीक्षा ; पृष्ठ - 215)

निष्कर्ष :

राभा जनजाति असम की प्राचीन जनगोष्ठियों में से है। उनके लोक संगीत में उस जनगोष्ठी की सांस्कृतिक विरासत को देखा जा सकता है। इनके पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जिसमें नृत्य, गीत, लोक कथाएँ, आचार- व्यवहार, खानपान सब कुछ सम्मिलित है। मेरे शोध निबंध पर केवल पूजा अर्चना से संबंधित कुछ गीतों पर ही चर्चा की गई है। इन गीतों के जरिए राभा समाज में प्रचलित आध्यात्मिक स्वरूप को चित्रित करने का प्रयास किया गया है। साथ ही उनमें प्रतिफलित लोक सांस्कृतिक विरासत को भी उकेरा गया है। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. राजेन राभा; राभा जनजाति ; दूसरा संस्करण, 2002 ; वीणा लाइब्रेरी, गुवाहाटी
2. डॉ. नबीन चन्द्र शर्मा; असमर संस्कृतिक समीक्षा; पहला संस्करण, 2000; चन्द्र प्रकाश ; गुवाहाटी
3. डॉ. उपेन राभा; राभा लोकसाहित्य; पहला संस्करण, 2012; ज्योति प्रकाशन, गुवाहाटी

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

श्री अरविंद की विचारधारा का अंतर्राष्ट्रीयकरण

'श्री अरविंद पृथ्वी पर एक नयी शिक्षा एवं पंथ के साथ नहीं आये हैं, जो पहले से विद्यमान शिक्षा एवं पंथ के साथ प्रतिस्पर्धा करें, बल्कि उस मार्ग को दिखाने आये हैं, जो अतीत को पार करके शीघ्र एवं अपरिहार्य भविष्य के मार्ग की ओर जाए।'[1]

श्री माँ, 22 फरवरी, सन् 1967

प्रभाकर पाण्डेय

शोधार्थी, इतिहास विभाग
डीएवी पीजी कॉलेज
देहरादून, उत्तराखंड
मो. 6395767304
ई-मेल :prabhakarpandey1611@gmail.com

शोध सार :

19वीं सदी का भारत के संदर्भ में बहुत महत्व है, क्योंकि इसी काल में भारत के बंगाल और गुजरात में ऐसे महापुरुषों का जन्म हुआ, जिन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्व में प्रसारित करने का कार्य किया। इस शृंखला में रामकृष्ण परमहंस, स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद उन महात्माओं में सम्मानित हैं, जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक संस्कृति से विश्व को परिचित एवं प्रसारित करवाकर, पश्चिम के विद्वानों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इनमें से स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, श्री अरविंद ने भारतीय संस्कृति के आधारभूत ग्रंथ जो संस्कृत भाषा के हैं, इनका अध्ययन करके पश्चिम को तार्किक जवाब ही नहीं दिया, बल्कि भारतीय अध्यात्म एवं भारतीय संस्कृति के मर्म से संसार को परिचित भी कराया। इसी कड़ी के एक महान संत थे श्री अरविंद, जिनके विचारों का अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में प्रभावों का विश्लेषण हम इस शोध आलेख में करेंगे।

बीज शब्द :

श्री अरविंद, विचारधारा, अंतर्राष्ट्रीयकरण, नोबेल आदि।

भूमिका :

19वीं सदी में स्वामी विवेकानंद के द्वारा प्रारंभ किया गया अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सांस्कृतिक आंदोलन, बीसवीं सदी के प्रारंभ में मंद हो गया था, क्योंकि 1902 ई. में, स्वामी विवेकानंद इस पार्थिव शरीर को छोड़ कर चले गए थे।[2] इसी कालखंड में श्री अरविंद भारत में राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होने लगे थे, वस्तुत: जिस सांस्कृतिक आंदोलन को

स्वामी विवेकानंद ने आधे मार्ग पर छोड़ा था, श्री अरविंद ने उस कार्य को आगे बढ़ाया। श्री अरविंद ने अपने लेखों के माध्यम से भारतीय आध्यात्म, दर्शन, संस्कृति, मानवता आदि विषयों पर जो विचार पश्चिम के सामने रखे थे, वस्तुत: उसी आध्यात्मिक संस्कृति के प्रतिफल पश्चिम के लोग भारत की ओर आकर्षित हुए। श्री अरविंद ने सन 1914 ई. से लेकर सन 1921 ई. तक आर्य मासिक पत्रिका के माध्यम से धाराप्रवाह लेख लिखे थे। यह सभी लेख विविध विषयों से संबंधित हैं। इन विविध विषयों में मानव एकता, समकालीन विश्व राजनीति, समकालीन विश्व की समस्याएँ एवं उनके समाधान, मानवजाति की स्थायी समस्याएँ एवं उनके जीवन को दिव्य बनाने पर लिखे गए महत्वपूर्ण लेख आदि हैं, जो उनके विचारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति प्रदान करते हैं। उनके द्वारा लिखे गए लेख, यथा-साहित्य, दर्शन, योग, मानव एकता आदि विषयक वह प्रभावशाली लेख हैं, जो विश्व पर गहरी छाप छोड़ते हैं। श्री अरविंद के समकालीन समाचार पत्रों की कतरनों के माध्यम से, हमने इस अध्याय में उन लेखों को शामिल किया है, जिनके माध्यम से श्री अरविंद का उस काल में विश्व पर पड़ रहे प्रभावों पर प्रकाश पड़ता है। इनमें से कुछ लेख उस समय के हैं, जो श्री अरविंद के जीवित रहते समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए थे तथा कुछ बाद के हैं।

किसी भी व्यक्तित्व की विचारधारा का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया जाना एवं महत्व, उन विचारों की श्रेष्ठता एवं उनकी इहलौकिक-पारलौकिक उपयोगिता पर निर्भर करता है। हालाँकि इस विश्व में नकारात्मक एवं विध्वंसात्मक विचारधारा को कुछ मनुष्य अवश्य स्वीकार करते है।[i] पर ऐसे लोगों की संख्या मुठ्ठी भर होती है। श्री अरविंद के विचार, दर्शन, चिंतन, साहित्य आदि का विश्व स्तर पर जो प्रभाव है, वह बिना किसी परिश्रम के सहज ही श्री अरविंद आश्रम, पाँडिचेरी में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। यहाँ अनेक देशों एवं राज्यों से आए लोग एक साथ मिलकर श्री अरविंद-श्री माँ की अदृश्य शक्ति में रहते हुए एक लघु, किंतु विविध सांस्कृतिक एकता के शांतिप्रिय समूह का निर्माण करते हैं। श्री अरविन्द का जीवन बहुआयामी था। कवि, पत्रकार, देशभक्त, भाषाविद्, साहित्यकार, दार्शनिक, संत, महात्मा एवं ऋषि आदि शब्द उनको बाँध नहीं सकते। उनका चौबीस वर्ष का एकांतवास (1926 ई.-1950 ई.) पृथ्वी की दिव्यता के लिए था, संसार के कल्याण के लिए था। यह पहले की तरह आ रहे स्वमोक्ष पर आधारित न होकर संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए था। इन लोक कल्याणकारी विचारों का सार है, पृथ्वी का दिव्यकरण करना। पृथ्वी पर मानव जाति अपने रूपांतरण के लिए कार्य करे ,अपने सर्वांगीण विकास एवं पूर्णता के लिए कार्य करे, एकीकृत भारत एवं श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य करे, विविधता में मानव एकता को प्राप्त करे और प्रत्येक राष्ट्र, मानवता के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे।[3]

श्री अरविंद पृथ्वी के दिव्यकरण के अन्वेषी :

श्री अरविंद पृथ्वी के दिव्यकरण के मार्ग के अन्वेषी थे। इसीलिए वह विश्व के महान गुरु हैं, जिनका उपनिषदीय ज्ञान, दर्शन, संपूर्ण मानवता को, 'असतो मा सद्गमय तमसो मा ज्योतिर्गमय मृत्योर्मा अमृतं गमयेति''[4] का मार्ग दिखा रहा है। इन्हीं कारणों से श्री अरविंद विश्व की निधि हैं एवं वर्तमान समय में उनके विचार अपरिहार्य रूप से स्वीकार किए जाते हैं और इनका प्रसार अमेरिका, यूरोप, कनाडा आदि संसार भर में निरंतर हो रहा है। श्री अरविंद पृथ्वी के विकास की बात करते हैं, अत: जब तक पृथ्वी है, तब तक श्री अरविंद के विचारों की प्रासंगिकता है और क्योंकि, वह पृथ्वी के विकास की बात कर रहे हैं, अत: अंत समय तक विश्व में उनके विचारों का प्रभाव रहेगा। श्री अरविंद के जीवन, दर्शन, साहित्य, सद्भावना, मानवता, योग आदि के विचार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किए जाते हैं और किए जाते रहेंगे। सावित्री महाकाव्य में वर्णित निम्न पंक्तियों में श्री अरविंद स्पष्ट कहते हुए दिख रहे हैं। इन पंक्तियों में उनके कार्यक्षेत्र एवं दिव्यकरण के मार्ग को अनुभव किया जा सकता है-

"O Sun-Word, thou shalt raise the earth-soul to Light
And bring down God into the lives of men;
Earth shall be my work-chamber and my house,
My garden of life to plant a seed divine."[5]

श्री अरविंद पर कुछ विद्वानों की प्रशस्तियाँ एवं सम्मान :

''श्री अरविंद मेरे लिए आज मानव जाति के सबसे महान शिक्षकों में से एक हैं। उनका ज्ञान बौद्धिक ज्ञान से परे है और दिव्य जीवन के साथ संपर्क तक पहुँचने के प्रयासों को प्रेरित करता है। अंधकारमय युग में उनका संदेश शांति लाता है।'' [6]

–बैरन पाम्स्टाईरेना, अध्यक्ष, वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ फेथ्स

अमेरिका में स्थित 'श्री अरविंद पुस्तकालय, 35 ईस्ट, 64 स्ट्रीट, न्यूयॉर्क 21' की मुहर लगे हुए समाचार पत्र, द न्यूयॉर्क टाइम्स बुक रिव्यू, 13 अगस्त, सन 1950 ई. के अंक में श्री अरविंद के विचारों की प्रभाविकता एवं प्रासंगिकता पर एक गंभीर लेख में लेखक अपने मित्र को सुझाव देता हुआ लिखता है कि ''मानव एकता का आदर्श पुस्तक आज की दुनिया की स्थिति के लिए इतनी प्रासंगिक है कि इसे 30 साल पहले के बजाय हाल ही में लिखा गया हो सकता है। निश्चित रूप से यह पुस्तक विश्व एकता, विश्व संघ आदि विषय पर लिखी गई अधिकांश अन्य पुस्तकों को लगभग तुच्छ बना देता है।'' इसी लेख में लेखक अपने एक मित्र को श्री अरविंद के कृतित्व से परिचित कराते हुए मानव एवं उसके स्वर्णिम भविष्य के लिए इसकी उपयोगिता की गंभीर चर्चा करता है। इस लेख में लेखक सुझाव दे रहा है कि श्री अरविंद की पाँच मुख्य पुस्तकों को आवश्यक रूप से एक क्रम में पढ़ा जाए, जिससे कि श्री अरविंद वाणी को सही से समझा जा सके। अध्ययन का यह आवश्यक क्रम है – गीता पर निबंध, योग समन्वय, दिव्य जीवन, मानव चक्र एवं अंत में मानव जीवन का आदर्श।[7] दिनांक 10 जून, सन 1951 ई. के इसी समाचार पत्र के अन्य अंक में श्री अरविंद पर एक अन्य लेख में लिखा गया है कि, ''व्यक्तिगत आत्म–अनुशासन से श्री अरविंद मानवता, मानवचक्र, मानव एकता के आदर्श और उसकी प्रगति के जीवन में खो गए हैं और मानव एकता के आदर्श पर उन सभी को सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए, जो भविष्य के लिए इसका ब्लू–प्रिंट तैयार करने में व्यस्त हैं। श्री अरविन्द एक अंतर्राष्ट्रीयवादी हैं, न तो स्वप्न में और न ही अभी तक पारंपरिक तरीके से, बल्कि आंतरिक आवश्यकता से।''[8]

श्री अरविंद शोध पुस्तकालय एवं अभिलेखागार के निदेशक श्रीमान बॉब ज्विकर के सहयोग से ऐसे कुछ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों एवं कार्यों के संबंध में समाचार पत्रों

की कतरनों से सूचना एकत्रित की है, जो श्री अरविंद के जीवनकाल के दौरान एवं उनके भौतिक शरीर त्यागने के बाद क्रियान्वित हुए थे। इन समाचार पत्रों से उस काल के विद्वान लोगों की मनोदशा पर भी प्रकाश पड़ता है कि वह श्री अरविंद और उनके आश्रम के विषय में क्या विचार रख रहे थे। श्री अरविंद के पार्थिव जीवन के दौरान पाँडिचेरी में स्थित श्री अरविंद आश्रम एवं भारतीय संस्कृति की विदेशों में प्रभाव की एक झलक, शनिवार 23 जुलाई, सन 1949 ई. के एक समाचार पत्र, अमृत बाजार पत्रिका में प्रकाशित एक लेख से मिलती है। इस समाचार पत्र में, 'फाउण्ड स्पिरट्यूएलिटी सेण्टर्ड इन इण्डियन आश्रम्स' नामक शीर्षक से उस काल के एक विद्वान डॉ. फ्रेडरिक स्पीगेलबर्ग जो कि स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे, उनकी भारत यात्रा के अनुभवों का सुंदर वर्णन किया गया है। डॉ. फ्रेडरिक स्पीगेलबर्ग ने वर्ष 1949 ई. में अपने छह महीने के भ्रमण के दौरान भारत, नेपाल एवं तिब्बत में यात्रा की थी। डॉ. स्पीगेलबर्ग अमेरिका के उन चुनिंदा लोगों में से थे, जो पाली एवं संस्कृत भाषा के जानकार थे।[9] उस कालखंड में डॉ. स्पीगेलबर्ग ने भारत के चार महान आध्यात्मिक गुरुओं में से प्रत्येक आश्रम में एक सप्ताह व्यतीत किया था। ये आश्रम थे- श्री अरविंद आश्रम, रमण महर्षि आश्रम, स्वामी रामदास आश्रम तथा स्वामी शिवानंद का आध्यात्मिक केंद्र।[10] डॉ. स्पीगेलबर्ग, श्री माँ के जन्मदिवस के दिन, 21 फरवरी अर्थात दर्शन दिवस के अवसर पर पाँडिचेरी में, श्री अरविंद आश्रम में उपस्थित थे। वह बताते हैं कि यही वह एक दिन होता था, जब श्री अरविंद एकांतवास से बाहर अपने साधक-अनुयायियों के दर्शनार्थ आते थे।[11] तब डॉ. स्पीगेलबर्ग ने भारतीय आश्रमों से गहन रूप से प्रभावित होकर इन आश्रमों को वास्तविक अर्थ में भारत के आध्यात्मिक केंद्र के रूप में संबोधित किया था।[12] डॉ. फ्रेडरिक स्पीगेलबर्ग का मदर इंडिया पत्रिका में छपा एक साक्षात्कार भी है, जिसका शीर्षक है, 'जर्मन सैवेन्ट इन इण्डिया'। इस साक्षात्कार से डॉ. फ्रेडरिक का भारतीय आध्यात्मिकता एवं श्री अरविंद के प्रति जो आकर्षण था उसकी एक सुंदर झलक मिलती है। डॉ. फ्रेडरिक कहते हैं कि ''जब 1947 में, मैंने श्री अरविंद की द लाइफ डिवाइन पढ़ी तो मैं पूरी तरह से स्पंदित हो गया। लेकिन दार्शनिक, आध्यात्मिक प्रतिभावान, रहस्यवादी, ऋषि या संत शब्द, श्री अरविंद का सही वर्णन नहीं करते हैं। ये मुझमें असंतुष्टि उत्पन्न कर देते हैं, इन शब्दों में बहुत सारे गलत संबंध हैं। लेकिन मैं यह कह सकता हूँ कि इन शब्दों से जुड़ा उच्चतम महत्व केवल इस बात का अंदाजा दे सकता है कि वह वास्तव में क्या है। मैं श्री अरविंद की महानता को केवल इस युग तक सीमित नहीं रखूँगा। हमारे पास प्लेटो, स्पिनोजा, काण्ट और हेगल जैसे दार्शनिक हैं, लेकिन उनके पास वह व्यापक आध्यात्मिक स्वरूप नहीं है, उनके पास वह दृष्टि नहीं है।''[13]

प्राचीन काल से ही भारतीय अध्यात्म ने पश्चिमी संसार को आकर्षित किया है। श्री अरविंद के ऐसे सैकड़ों साधक अनुयायी थे, जो विदेश के थे और हैं। सहभागी अवलोकन के द्वारा श्री अरविंद आश्रम पाँडिचेरी, भोजनकक्ष (प्रसादकक्ष) एवं ऑरोविल नगर में ऐसे कई विदेशी लोगों से सामान्य वार्तालाप किया। इस दौरान फ्रांस के एक युवा साथी लॉरेन्स से मित्रवत् वार्ता की। उन्होंने जो बताया वह श्री अरविंद के व्यक्तित्व का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव की एक झलक प्रदर्शित करता है। लॉरेन्स कहते हैं कि ''श्री अरविंद उनके गुरु हैं, यद्यपि वह उनसे कभी भी भौतिक रूप में कभी भी नहीं मिले।'' ऐसे ही एक अन्य विदेशी हैं, श्री अरविंद शोध पुस्तकालय एवं अभिलेखागार के निदेशक श्रीमान बॉब ज्विकर। श्रीमान बॉब ज्विकर बताते हैं कि 1970 ई. के दशक में वह पाँडिचेरी आए थे और तब से लगभग पिछले पचास वर्षों से वह पाँडिचेरी आश्रम में ही निवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत की आध्यात्मिक विरासत भारत को महान बनाती है, किंतु श्री अरविंद के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव के संबंध में वह आशान्वित हैं कि वह समय अभी आना बाकी है। श्रीमान् बॉब के शब्दों में- ''अब तक, श्री अरविंद का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रभाव प्रतीत नहीं होता है, हालाँकि उन्होंने कई व्यक्तियों को प्रभावित किया है, लेकिन शायद अभी

तक उनका समय नहीं आया है। लेकिन भविष्य में, मुझे लगता है कि संसार में उनका प्रभाव और अधिक होगा और उनकी आध्यात्मिक दृष्टि मानवता को उसकी वर्तमान स्थिति से बाहर निकालने में मदद करने के लिए पूर्वनिर्दिष्ट है।''[14] एक अन्य अँतर्राष्ट्रीय प्रभाव की झलक, 22 अक्टूबर, सन 1961 ई. के समाचार पत्र, द टाइम्स ऑफ इंडिया, बम्बई के अंक से मिलती है, जिसमें कनाडा के एक पत्रकार ऑस्टिन डिलेनी का वर्णन है, जिन्होंने श्री अरविंद की शिक्षा से प्रभावित होकर अपना नाम गिरिमूर्ति रख लिया था। आश्रम के संबंध में डिलेनी कहते हैं कि आश्रम ने विश्व एकता का आंदोलन जारी किया है।[15]

श्री अरविंद के जीवन काल के दौरान 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में, उनके साहित्य एवं मानवता विषयक विचारों का विश्व में क्या प्रभाव पड़ रहा था, इसका अंदाजा हम इस बात से लगा सकते हैं कि उनका नामांकन नोबेल पुरस्कार के लिए दो बार किया गया था। श्री अरविंद के पार्थिव शरीर के रहते, 1940वीं ई. एवं 1950वीं ई. के दशक में नोबेल पुरस्कार के लिए उनका नामांकन किया गया था। श्री अरविंद का साहित्य आधुनिक विश्व के लिए पथ प्रदर्शन का काम कर सकता है और विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इन दो विचारों को ध्यान में रखकर श्री अरविंद का नाम दो बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। सर्वप्रथम सन 1943 ई. में दिव्य जीवन पुस्तक को फ्रैंसिस यंग हस्बेंड के प्रयास से श्री अरविंद का नाम साहित्य के नोबेल के लिए नामांकित किया गया था।[16] फ्रैंसिस यंग हस्बेंड 'द लाईफ डिवाइन' से इतने मंत्रमुग्ध थे कि उन्होंने इस पुस्तक की प्रशंसा में कह डाला कि ''मैं निष्कपटता से, वास्तविकता में इस पुस्तक को सबसे महानतम किताब मानता हूँ जो मेरे समय में लिखी गई है और मैंने इससे कुछ बहुत ही मूल्यवान बातें सीखी हैं।''[17] उसके बाद सन 1950 ई. के नोबेल के लिए दक्षिण अमेरिका में स्थित चिली की जगत प्रसिद्ध विदुषी साहित्यकार तथा नोबेल पुरस्कार विजेता मैडम गेब्रिल मिस्ट्रैल ने साहित्य के नोबेल के लिए श्री अरविंद के नाम का प्रस्ताव रखा था।[18] उस समय इसका समर्थन अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता लेखिका पर्लबक तथा अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तियों के द्वारा किया गया था।[19] किंतु इस समय नोबेल के लिए उनका नामांकन नहीं हुआ था। इसी समय जब साहित्य के नोबेल के लिए श्री अरविंद के नाम का आंदोलन चल रहा था, तब दूसरी बार सन 1950 ई. में भी श्री अरविंद का नाम शांति के नोबेल के लिए नामांकित किया गया था।[20] इन दोनों अवसरों पर श्री अरविंद को यह नोबेल सम्मान नहीं मिल पाया था, लेकिन इसका कदापि यह अर्थ नहीं निकलता की उनकी रचनाएँ और उनका विश्व विषयक कार्य उच्च स्तर का नहीं है। सत्य तो यह है कि श्री अरविंद के द्वारा लिखा गया साहित्य, साधारण चेतना के स्तर से हटकर उच्च स्तर की चेतना में जाकर लिखा गया है। विशेषकर सावित्री महाकाव्य जिसका स्वयं योगिराज ने कई बार चेतना के विकास यात्रा काल में संशोधन किया था।[21] अत: चेतना के निम्न स्तर या भौतिक स्तर पर रहकर ऐसे साहित्यों का मूल्यांकन करना दुष्कर कार्य है,[22] ठीक वैसे ही, जैसे प्राचीन ऋषियों की रचनाएँ, वेद एवं उपनिषद, जिसका सही भावार्थ निकालने के लिए हमें आध्यात्मिक आरोहण में निकलना पड़ता है।

वर्ष 1950 ई. में श्री अरविंद को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए बंगाल की रॉयल एशियाटिक सोसायटी के द्वारा शांति और संस्कृति के लिए सम्मान दिया गया था।[23] तब चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के सुझाव पर यह सम्मान दिया गया था। इस अवसर पर रॉयल एशियाटिक सोसायटी की ओर से न्यायधीश रामप्रसाद मुखर्जी ने इस सम्मान के लिए श्री अरविंद के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि आधुनिक युग के गूढ़ चिंतक ने अति मानसिकता के क्षेत्र में, दार्शनिक विचार, कला, साहित्य, इतिहास एवं विज्ञान की विविध शाखाओं में असाधारण योगदान दिया है।[24]

यह अत्यंत आनंद का विषय है कि वर्तमान में भारत सरकार भी श्री अरविंद के जीवन-दर्शन के महत्व

को स्वीकार करती है, इसीलिए उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक विशेष समिति गठित की थी और इसके साथ-साथ संस्कृति मंत्रालय ने इस अवसर पर साल भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। उनकी 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेरह दिसंबर, 2022 को 150 रुपए का सिक्का और एक डाक टिकट जारी करते हुए[25] कहा कि ''श्री अरविंद का जीवन एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब है। उनका जन्म भले ही बंगाल में हुआ था, लेकिन अपना ज्यादातर जीवन उन्होंने गुजरात और पाँडिचेरी में बिताया था। वे जहाँ भी गए वहाँ उन्होंने अपने व्यक्तित्व की गहरी छाप छोड़ी।''[26] इसके अलावा श्री अरविंद को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व का व्यक्तित्व स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट 15 अगस्त, सन 1964,[27] एवं 15 अगस्त, सन 1972[28] को जारी किया था।

विश्व के स्वर्णिम भविष्य के लिए श्री अरविंद के चिन्तन का प्रसार :

श्री अरविंद की शिक्षा को मानने वालों में डॉक्टर, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, लेखक, व्यापारी, सामान्य व्यक्ति आदि सभी प्रकार के पढ़े-लिखे लोग हैं, जो दिव्यजीवन के लिए प्रयासरत हैं। यहाँ पर एक प्रश्न जो सबसे वाजिब है, वह है कि मानव रूपांतरण, दिव्यजीवन, आध्यात्मिक समाज, पृथ्वी का रूपांतरण, के जो विचार श्री अरविंद ने दिए हैं- इस प्रयास में अभी तक हम सभी, कहाँ तक पहुँचे हैं? सर्वप्रथम सबसे अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि यह विचार ही अपने आपमें अद्भुत है, विशिष्ट है, अद्वितीय है, अपूर्व है। श्री अरविंद के इन्हीं सभी विचारों के प्रसार के निमित्त सन् 1960 में श्री माँ के द्वारा श्री अरविंद सोसायटी की स्थापना पाँडिचेरी में की गई थी। इसके साथ-साथ श्री अरविंद सोसायटी के संसार भर में विभिन्न केंद्र, श्री अरविंद की शिक्षा, साहित्य, दर्शन आदि के प्रसार का कार्य किए जा रहे हैं। श्री अरविंद सोसायटी के विदेशों में स्थित विभिन्न केंद्रों की जानकारी श्री अरविंद सोसायटी, पाँडिचेरी की आधिकारिक वेबसाइट से मिलती है। इसके अलावा दुनिया भर में श्री अरविंद की शिक्षा-दर्शन को समर्पित हजारों केंद्र हैं, जिनकी सही-सही जानकारी पाना संभव नहीं है। श्री अरविंद एवं श्री माँ को समर्पित विदेशों में स्थित कुछ केंद्रों की जानकारी रूस की एक साधिका 'नादेज़्दा' ने दी, जिनका संपर्क मोबाइल नंबर श्री अरविन्द के एक साधक के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। 'नादेज़्दा' ने रूस से यह जानकारी ह्वाट्सएप के माध्यम से दी है। 'नादेज़्दा' ने बताया कि रूस में श्री अरविंद एवं श्री माँ की शिक्षा को समर्पित विभिन्न समूह कार्य कर रहे हैं। यह समूह रूस में विभिन्न शहरों में कार्यरत हैं,। इनमें- सेंट पीट्रसबर्ग, लेनिनग्रेड क्षेत्र के गैटचिना में, और योल में, नोवोसिबिर्स्क में, मॉस्को में पाँच से अधिक समूह कार्य कर रहे हैं। रूस की साधिका नादेज़्दा ने यह भी बताया कि कुछ अन्य समूह हैं, जो श्री अरविंद की चेतना के प्रसार के लिए ऑनलाइन भी कार्य करते हैं। इसके अलावा उनकी कई अन्य लोगों से भेंट हुई है, जो बेलारूस से, यूकरेन से, लीथूयानिया से, कजाकिस्तान से, मालदोवा से थे और जो श्री अरविंद एवं श्री माँ की शिक्षा से संबंधित विभिन्न समूहों के साथ या केंद्र के साथ जुड़े हुए हैं। नादेज़्दा के द्वारा दी गई जानकारी विदेश में श्री अरविंद एवं श्री माँ की शिक्षा के प्रभाव की झलक प्रस्तुत करती है। यहाँ पर ऐसे कुछ केंद्रों की सूची दी गई है, जो विदेशों में हैं। इन संपूर्ण केंद्रों को नीचे सारणी में दिया गया है।

श्री अरविन्द सोसायटी के विदेशों में स्थित विभिन्न केंद्र :

क्र.	केंद्र का नाम	स्थिति
1.	श्री अरविंद सोसायटी केंद्र	सिंगापुर
2.	श्री अरविंद सोसायटी केंद्र,वेनहेम	जर्मनी
3.	श्री अरविंद सोसायटी केंद्र,नैरोबी	केनिया
4.	श्री अरविंद सोसायटी केंद्र,प्लैट्सबर्ग	यू.एस.ए.
5.	श्री अरविंद सोसायटी केंद्र,लंदन	यू.के.
6.	श्री अरविंद सोसायटी केंद्र,मोनट्रियल	कनाडा

स्रोत- श्री अरविन्द सोसायटी की आधिकारिक वेबसाइट
https://aurosociety.org/

संसार भर में श्री अरविंद के विभिन्न केंद्रों की सूची के संबंध में मेरे द्वारा, ई-मेल पता site@collaboration.org के माध्यम से जानकरी प्राप्त करने का प्रयत्न किया गया। ई-मेल से मिले जवाब में https://www.collaboration.org/community/ वेबसाइट का पता दिया गया। इस वेबसाइट में अमेरिका समेत विश्व के विभिन्न श्री अरविंद केंद्रों की विस्तृत सूची दी गई है, जिनका यहाँ पर वर्णन करना विषय को दीर्घ कर देता है। अत: जिज्ञासु पाठक इस वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। इस वेबसाइट के माध्यम से हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि अमेरिका एवं यूरोप में श्री अरविंद-श्री माँ की शिक्षा को समर्पित विभिन्न केंद्र, ऑनलाइन समूह एवं संगठन कार्य कर रहे हैं। इसके साथ-साथ, ए.आर.एम. (ऑल रशियन मीटिंग) [29] एवं ए.यू.एम. (ऑल यूएए मीटिंग) [30] कुछ ऐसे ही अन्य समूह हैं, जिसमें जुड़े लोग श्री अरविंद एवं श्री माँ की शिक्षा को आत्मसात करके, अपने जीवन को रूपांतरित करके, भावी समाज के निर्माण का कार्य एवं श्री अरविंद एवं श्री माँ के स्वप्न को लक्ष्य तक पहँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में अमेरिका में श्री अरविंद के विचारों का जो व्यापक प्रभाव है, उसका अनुभव वर्ष 1949 ई. में डॉ. फ्रेडरिक स्पीगेलबर्ग के कथन से किया जा सकता है। वर्ष 1949 ई. में डॉ. फ्रेडरिक स्पीगेलबर्ग ने कहा था- ''मुझे लगता है कि हम द लाइफ डिवाइन को इतनी गहनता से अध्ययन नहीं करते हैं, जितना कि इसका अध्ययन किया जाना चाहिए। हममें से कई लोगों के लिए इस पुस्तक ने पूरी तरह से नए क्षितिज खोल दिए हैं। मुझे विश्वास है कि युवा अमेरिकी विचारकों की आने वाली पीढ़ी, व्यापक रूप और गहराई से इससे प्रभावित होगी और आपका नाम एक प्रकाश स्तंभ के रूप में स्थापित होगा। भारत की मेरी हालिया यात्रा पर अन्य किसी ने भी मुझे इतना प्रभावित नहीं किया, जितना कि आपकी उपस्थिति ने।''[31]

निष्कर्ष :

श्री अरविंद का जीवन, दर्शन एवं साहित्य दिव्य जीवन का मार्ग दिखाता है, बस हमें एक कदम उनकी ओर बढ़ाने की देर है और हमें सच्चे अर्थों में उनकी शिक्षा को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इन्हीं कारणों से श्री अरविंद का साहित्य, विचार, दर्शन, जीवन, आधुनिक मानव जाति के लिए अत्यंत कल्याणकारी साबित हो सकता है। श्री अरविंद के जीवन, दर्शन को जानने का मुख्य स्रोत है, उनके एवं श्री माँ के द्वारा लिखे गईं पुस्तकें जो विभिन्न भाषाओं में, श्री अरविंद आश्रम पाँडिचेरी के प्रकाशन विभाग से मानव जाति के कल्याणार्थ निरंतर प्रकाशित हो रही हैं, इसके अलावा साधकों, अनुयायियों, जिज्ञासुओं की रचनाएँ भी इस संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आजादी के अमृत महोत्सव काल में हम श्री अरविंद की 150वीं जयंती मना रहे हैं, किंतु सच्चे अर्थों में इस महोत्सव की सिद्धि तब होगी, जब घर-घर में प्रत्येक व्यक्ति उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लेगा। श्री अरविंद की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संपूर्ण देश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनके विचारों को प्रसारित किया जा रहा है। युगों-युगों तक श्री अरविंद का साहित्य, दर्शन, विचार आदि मानवता को सन्मार्ग दिखाती रहेंगी और समस्त मानवजाति श्री अरविंद के द्वारा किए गए कार्य के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेगी। 5 दिसंबर, सन 1950 ई. को जब श्री अरविंद ने अपने भौतिक शरीर को त्याग दिया था, तब सहज ही श्री माँ के मुख से श्री अरविंद के लिए हृदयस्पर्शी कृतज्ञता भरे जो शब्द निकले थे और जिन्हें हम पाँडिचेरी में स्थित श्री अरविंद और श्री माँ की संयुक्त समाधि में खुदा हुआ पढ़ सकते हैं। उन शब्दों को ज्यों-का-त्यों यहाँ पर लिखकर हम श्री अरविंद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इस शोध आलेख को यहीं पर समाप्त करते हैं, ''तुम्हारे प्रति जो हमारे प्रभु के भौतिक आवरण रहे हों, तुम्हारे प्रति हमारी असीम कृतज्ञता है। तुमने हमारे लिए इतना कुछ किया, हमारे लिए कर्म किया है, संघर्ष किए हैं, कष्ट उठाया है, आशा की है, बहुत कुछ सहन किया है, तुमने हम सबके लिए संकल्प किए, प्रयत्न किए, तैयार किए, हमारे लिए सब कुछ प्राप्त किया, तुम्हारे सामने हम नतमस्तक हैं और यह प्रार्थना करते हैं कि हम एक पल के लिए भी कभी तुम्हारे ऋण को नहीं भूल सकते हैं।''[32] ❑

संदर्भ सूची :

1. सी.डब्लू.एम., 2004, वो. 13, प्रकाशक श्री अरविंद पब्लिकेशन डिपार्टमेंट, पाँडिचेरी, पृ. 4
2. श्री अरविंद, 2007, अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद (पं. रामे!वर प्रसाद मालवीय), भारत का पुनर्जन्म (श्री अरविंद के लेखों, वार्तालापों और भाषणों से संकलित), द मदर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च, नई दिल्ली और मीरा अदिति, मैसूर, द्वितीय संस्करण, पृ. 272
3. श्री अरविंद सोसायटी,पाँडिचेरी, मेम्बरशिप एप्लिकेशन फार्म
4. बृहदारण्यकोपनिषद, संवत् 2052, प्रकाशक गीता प्रेस गोरखपुर, 7वाँ संस्करण, पृ. 155,156
5. सी.डब्लू.एस.ए.,1997,वो. 33 एवं 34, प्रकाशक श्री अरविंद पब्लिकेशन डिपार्टमेंट,पाँडिचेरी, पृ0 699
6. द न्यूयार्क टाइम्स बुक रिव्यू,10 जून, 1951
7. द न्यूयार्क टाइम्स बुक रिव्यू,13 अगस्त, 1950
8. द न्यूयार्क टाइम्स बुक रिव्यू,10 जून, 1951
9. समाचार पत्र, अमृत बाजार पत्रिका, शनिवार 23 जुलाई, सन् 1949
10. पूर्वोक्त
11. पूर्वोक्त
12. पूर्वोक्त
13. मदर इंडिया, 30 अप्रैल,1949, पृ0 5, https://www.sriaurobindoashram.org/journals/motherindia/
14. सक्षात्कार, श्री बाँब ज्विकर, निदेशक- श्री अरविंद शोध पुस्तकालय एवं अभिलेखागार, पाँडिचेरी, आयु 76 वर्ष,10 दिसंबर, 2022
15. समाचार पत्र, द टाइम्स ऑफ इंडिया, बम्बई, 22 अक्टूबर,1961
16. दिनांक 17 दिसम्बर,1941 का फ्रैंसिस हस्बैंड का पत्र दिलीप राय के नाम, मदर इंडिया, 15 अगस्त 1975 से उद्धृत, पृ. 623 एवं हीह्स,पीटर, 2008, द लाईफ्स ऑफ श्री आरोबिन्दो, कोलंबिया यूनिवर्सिटी प्रेस, न्यूयार्क, पृ. 388
17. दिनांक 17 दिसंबर,1941 का फ्रैंसिस हस्बैंड का पत्र दिलीप राय के नाम, मदर इंडिया, 15 अगस्त 1975 से उद्धृत, पृ. 623, https://www.sriaurobindoashram.org/journals/motherindia/
18. समाचार पत्र- अमृत बाजार पत्रिका, सोमवार, 6 जून, सन् 1949 एवं द इंडियन एक्सप्रेस,सोमवार, 25 जुलाई, सन् 1949 एवं नवयुग, दिल्ली, 25 अगस्त, सन् 1949
19. समाचार पत्र- अमृत बाजार पत्रिका,सोमवार, 6 जून, सन् 1949 एवं नवयुग, दिल्ली, 25 अगस्त, सन् 1949 एवं मदर इंडिया, 3 सितंबर, 1949, पृ. 5
20. हीह्स, पीटर, 2008, द लाईफ्स आफ श्री आरोबिन्दो,पृ. 404 एवं समाचार पत्र, द हिंदू , बुधवार, 1 मार्च ,सन् 1950
21. शिवदास,1988,सावित्री-सौरभ, सिद्धलोक प्रकाशन देहरादून, पृ. 15
22. पूर्वोक्त
23. समाचार पत्र- अमृत बाजार पत्रिका, सोमवार एवं बुधवार, 6 एवं 8 फरवरी, सन् 1950
24. पूर्वोक्त
25. https://postagestamps.gov.in/Stamps_List.asp&
26. प्रधानमंत्री भारत सरकार, नरेंद्र मोदी का आधिकारिक यूट्यूब चैनल https://www.youtube.com/watch?v=Uv-AwSYnAMo
27. https://postagestamps.gov.in/Stamps_List.aspx
28. पूर्वोक्त
29. विदेशी साधिका, नादेज़्दा, रूस, ह्वाट्सएप द्वारा संदेश, रविवार 7 अगस्त, 2023
30. https://www.collaboration.org/aum/, ई-मेल से प्राप्त वेबसाइट का पता
31. मदर इंडिया, 17 सितम्बर, 1949, पृ. 2, https://www.sriaurobindoashram.org/journals/motherindia/
32. मदर इंडिया, दिसंबर 1950, https://www.sriaurobindoashram.org/journals/motherindia/

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

फणीश्वरनाथ रेणु और महिम बोरा के उपन्यासों में चित्रित कृषक जीवन

('मैला आँचल' और 'एधानी माहीर हाँहि' के विशेष संदर्भ में)

अंचल कुमारी राय

शोधार्थी (हिंदी विभाग)
कॉटन विश्वविद्यालय
गुवाहाटी (असम)-781001
मो. 7002125738

शोध-सार :

आंचलिकता परिवेश-सूचक शब्द है। यही कारण है कि आंचलिक उपन्यासों में व्यक्ति और समाज को विशेष महत्व दिया जाता है। आंचलिक उपन्यास मुख्यत: ग्रामीण जीवन से संबंधित होते हैं। इन उपन्यासों में ग्राम्य अंचल की लोक-संस्कृति, जन-जीवन, भाषा, रहन-सहन तथा उन्मुक्त परिवेश का चित्रण रहता है। ग्राम्य अंचल में जीवन निर्वाह के लिए लोगों को कृषि पर ही निर्भर रहना पड़ता है। खेती-बाड़ी कर जीवन यापन करने वालों की स्थिति बहुत ही दयनीय होती है। ग्रामीण लोग अत्यंत श्रमी होते हैं। उनके दिन की शुरुआत श्रम से होती है तथा अंत भी श्रम से ही होता है। वे तड़के उठते ही अपने काम-काज में लग जाते हैं। वे समय के मूल्य को समझते हैं, इसी कारण अपना हर काम समय पर पूर्ण कर लेते हैं। वे वैशाख-ज्येष्ठ की कड़कती धूप, आषाढ़-श्रावण की मूसलाधार बारिश तथा अगहन-पूस की कनकनाती ठंड में भी अपना काम समय पर पूर्ण करते हैं। उनको देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो उनका शरीर पत्थर से निर्मित हो, जिसे गर्मी पिघला नहीं सकती, वर्षा बहा नहीं सकती तथा ठंड उसे क्षति पहुँचा नहीं सकती। किसान का जीवन दो हिस्सों में बँटा होता है- एक उनका परिवार तथा दूसरा उनके खेत-खलिहान। दोनों के साथ उनका घनिष्ठ संबंध होता है। फणीश्वरनाथ रेणु और महिम बोरा के उपन्यासों में कृषि को विशेष महत्व दिया गया है। दोनों के उपन्यासों में गाँव की गरीबी का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया गया है तथा उनकी आर्थिक स्थिति को दिखलाया गया है। प्रस्तुत शोध-आलेख के माध्यम से रेणु कृत 'मैला आँचल' और बोरा कृत 'एधानी माहीर हाँहि' उपन्यास में चित्रित कृषक जीवन का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

बीज शब्द :

गाँव, जन-जीवन, कृषि, श्रम, खेती-बाड़ी आदि।

'मैला आँचल' नामक उपन्यास में फणीश्वरनाथ रेणु जी ने बिहार राज्य के पूर्णिया जिले का वर्णन प्रस्तुत किया है। यह गाँव तैराहट स्टेशन से सात कोस पूरब में स्थित है। कमला नदी की धारा भी पूरब में ही प्रभावित होती है। बरसात के मौसम में यहाँ चारों तरफ पानी ही पानी दिखलाई पड़ता है। अन्य मौसम में कमला नदी की धारा थम-सी जाती है अर्थात् सुख जाती है तथा रेत के गड्ढों में जगह-जगह जल कुंड बन जाते हैं। यह गाँव हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। यहाँ के अधिकांश लोग अशिक्षित हैं। यहाँ के लोग गरीबी में जीते हैं। कठिन परिश्रम के बाद भी इनकी आर्थिक स्थिति नहीं सुधरती। गाँव में मुख्यत: तीन दल हैं - राजपूत, कायस्थ और यादव। राजपूतों के मुखिया राम किरपाल सिंह, कायस्थों के विश्वनाथ प्रसाद और यादवों के रामखेलावन यादव हैं। ब्राह्मण तीसरी शक्ति का काम करते हैं। राजपूत और कायस्थ संपन्न हैं। दोनों मिलकर पूरे गाँव का शोषण करते हैं। यहाँ हमें यह देखने को मिलता है कि निम्न वर्ग के लोगों को सर्वदा उच्च वर्ग के लोगों के शोषण का शिकार होना पड़ता है। यहाँ की शोषित-पीड़ित जनता जीवन भर संघर्ष करती रहती है। वह जीवन भर जमींदारों का क्रूर उत्पीड़न को सहती है तथा उनके कर्ज तले डूबी रहती हैं। यहाँ सबसे अधिक शोषित और दलित संथाल ही हैं। यहाँ संथालियों को भी शोषित रूप में दिखलाया गया है।

यहाँ हमें यह देखने को मिलता है कि कोई भी बात गाँव में हवा की तेजी की तरह फैल जाती है। गाँव में मलेरिया सेंटर खुलवाने की बात चलती है। ग्रामीण लोग बिना कुछ जाने ही गाँव में विभिन्न प्रकार की अफवाह फैलाने लगते हैं। यहाँ के अधिकतर लोग अशिक्षित हैं, इसी करण इनको सही-गलत की समझ कम है। वे बिना कुछ सोचे ही किसी की भी बातों में आ जाते हैं तथा जैसा उनसे करने के लिए कहा जाता है, वे वैसा करने के लिए तुरंत ही तैयार हो जाते हैं। यहाँ के लोग कृषि पर ही निर्भर हैं। कृषि ही उनके अर्थ उपार्जन का एकमात्र साधन है। *'गाँव की मुख्य पैदावार है धान, पाट और खेसारी। रब्बी की फसल भी कभी-कभी अच्छी हो जाती है।"* किसान अपने खेतों में जी जान लगाकर मेहनत करते हैं। यहाँ तक की रोपनी-कटनी के अवसर पर वे खाना-पीना तक को त्याग देते हैं। उनका मानना है कि यदि सही समय पर रोपनी-कटनी नहीं की जाएगी तो हवा-वर्षा-तूफान से फसल खराब भी हो सकती है। इसी कारण वे अपने शरीर पर ध्यान देने के बजाए अपने फसलों पर ही विशेष ध्यान देते हैं। उनका मानना है कि अगर फसल अच्छी होगी तो पूरा साल सुखदायक होगा।

गाँव में चारों और हरियाली ही हरियाली दिखती है। यहाँ का वातावरण भी स्वच्छ और मनमोहक लगता है। *'गेहूँ की काटनी हो रही है। झुनाई हुई रब्बी की फसल की सोंधी सुगंध चारों ओर फैल रही है।'*[2] सुनहली गेहूँ की बालियों को देखकर किसानों की आँखें चमक उठती हैं। वे गुनगुनाते हुए, हँसी-ठिठोली करते हुए हँसी-खुशी अपने-अपने कामों को करते रहते हैं। वे अपने खेतों में काम करने से कभी भी पीछे नहीं हटते। वे तड़के उठते ही अपने काम-काज में लग जाते हैं। वे कठिन परिश्रमी होते हैं। वे गंदे गड्ढों, कीचड़, धूल-मिट्टी आदि में काम करने से तनिक भी नहीं कतराते। उनका खान-पान भी साधारण होता है। *'यहाँ के लोग सुबह को बासी भात खाकर, पाट धोने के लिए गंदे गड्ढों में घुसते हैं और करीब सात घंटे तक पानी में रहते हैं। गंदे गड्ढों को देखने से ऐसा लगता है कि पानी में आध इंच धरातल की जाँच करने पर एक लाख से ज्यादा मच्छर के अंडे जरूर पाए जाएँगे।'*[3] वे कीड़े-मकोड़े, साँप-बिच्छू इत्यादी से नहीं डरते। उनका मानना है कि जो नसीब में लिखा होगा वही होगा। वे धूल, मिट्टी, कीचड़ से तनिक भी घृणा नहीं करते।

गाँव के लोग कृषि को विशेष महत्व देते हैं। खेती के मौसम में जब सुखा पड़ जाता है, तब वे लोग इंद्रदेव से वर्षा के लिए प्रार्थना करते हैं तथा जाट-जाटिन का खेल-खेलकर वर्षा की गुहार लगाते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से इंद्रदेव प्रसन्न होकर बारिश करते हैं। बाढ़ के कारण भी खेती-बाड़ी में काफी नुकसान होता है, परंतु कभी-कभी लाभ भी होता है। जब भी यहाँ बाढ़ आती है, तब कोशी-गंगा किनारे की हजारों बीघा जमीन पानी में डूब जाती है। जब वहाँ का पानी सुखता है, तब उस जमीन पर खेती की जाती है। वहाँ की फसलों को देखकर ऐसा लगता है मानो धरती माँ सोना उगलती हो। *'बाढ़ का पानी हटा और कीचड़वाली धरती पर चना, खेसारी, मटर, सरसों, उरद वगैरह छींट दिया। बस छींटने में जितनी मेहनत लगे। कोशी और गंगा के पानी से नहाई हुई धरती माता दिल खोलकर अपना धन लुटा देती है।'*[4]

इस गाँव में कई नामी किसान भी हैं, जिनके पास बीघा की बीघा जमीन है। कुछ लोग दिल खोलकर दान करते हैं तो कुछ लोग दिल खोलकर आम जनता का शोषण करते हैं। जिला कांग्रेस का सबसे बड़ा लीडर शिवनाथ चौधरी भी किसान है। भोला बाबू जिले का सबसे बड़ा किसान है, जिनके पास तीस हजार बीघा जमीन है तथा रहुआ इस्टेट के गुरुबंशीबाबू भी किसान है। इनकी बात निराली है। इनको दाता कर्ण के नाम से जाना जाता है। गुरुबंशीबाबू दिल खोलकर दान-पुण्य करते हैं। निम्न वर्ग के लोगों का शोषण सर्वदा उच्च वर्ग के लोगों द्वारा होते आया है। तहसीलदार के खेत में काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी भी नहीं मिलती है। मजदूर खून-पसीना एक करके काम करते हैं। बदले में उनको मजदूरी भी नहीं मिलती है। एक तो उनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही खराब रहती है तथा मजदूरी न मिलने पर उनके भूखे मरने तक की नौबत आ जाती है। गाँव में महँगाई दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। महँगाई बढ़ने से गाँव में तीन ही व्यक्तियों को फायदा हो रहा है - तहसीलदार साहब, सिंघ जी और खेलावन सिंह यादव को। गरीब जनता की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन नाजुक होती जा रही है। *'छोटे छोटे किसानों की जमीनें कौड़ी के मोल बिक रही हैं। मजदूरों को सवा रुपए रोज मजदूरी मिलती है, लेकिन एक आदमी का भी पेट नहीं भरता। पाँच साल पहले सिर्फ पाँच आने रोज मजदूरी मिलती थी और उसी में घर-भर के लोग खाते थे।'*[5] गाँव में राजनीतिक दल अपना पलड़ा भारी करने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। वे अपने स्वार्थ के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। *'कांग्रेस और सुशलिंग अपने में लड़ रहे हैं। दोनों अपना-अपना मेंबर बनाना चाहते हैं। चक्की के दो पाट में गरीब लोग पीस जाएँगे।'*[6] राजनीतिक दल के चक्कर में पड़कर किसान वर्ग सर्वदा जूझते रहते हैं।

'एधानी माहीर हाँहि' नामक उपन्यास में एक ऐसे अंचल का वर्णन किया गया है, जहाँ जीवन यापन के लिए लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहाँ के लोग आपस में मेल-मिलाप के साथ रहते हैं तथा किसी भी परिस्थिति में खुद को ढाल लेने में

सक्षम होते हैं। एधानी माहीर हाँहि उपन्यास की मुख्य नारी पात्र है। वह किसी भी परिस्थिति में खुद को ढाल लेने में सक्षम है। वह घर-गृहस्थी के साथ-साथ खेती-बाड़ी को भी संभालती है। वह कुआँ से पानी निकालकर घर-गृहस्थी के सभी कार्य करती है। वह प्रत्येक काम समय पर करती है तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखती है। वह अपने घर-आँगन को हमेशा गोबर से लिपकर साफ-सुथरा करके रखती है। घर के बाहर खेती-बाड़ी का काम-काज सर्वदा होते रहता है। वह देउकण को अपने बेटे से भी ज्यादा प्यार करती है। देउकण उसकी दीदी का बेटा है। उसके गाँव में स्कूल घर से बहुत दूरी पर था तथा यातायात की भी सुविधा नहीं थी, जिसके कारण उसे अपने नाना-नानी के यहाँ रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही थी। देउकण के पिता लोकल बोर्ड के शिक्षक थे। खेती ही उनके उपार्जन का एकमात्र साधन था। लोकल बोर्ड के शिक्षक को पेंशन नहीं मिलता था। वे खेती-बाड़ी करके अनाज उपजाते हैं तथा साल भर के लिए अनाज रखकर बाकी अनाज को बेचकर अपनी तथा अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करते हैं।

मिता मामा एक प्रतापी किसान हैं। उनके पास खेती-बाड़ी की कमी नहीं है। उनके घर के चारों तरफ विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे, फल-मूल, साग-सब्जी इत्यादि लगे हुए हैं। एक दिन वे नरमामा से कहते हैं कि देउकण को उनके यहाँ ईख पेराने के समय लेकर आए ताकि देउकण को ईख का रस, गुड़ जी भर खिला सकें। *'कूँहियार पेड़ार हमयत जाबलोई कइसिल, रह, मीठा, तेलेकीया गुर जिमान खाबो पारू खुवाब।'*[7] (भावार्थ : ईख पेराते समय जाने को कहा था, रस, मीठा, लसदार गुड़ जितना खा सकूं खिलाएँगे।)

मुकुंद मामा का परिवार भी कृषि पर ही निर्भर करता है। उनका बड़ा लड़का दीपक टाउन में मारवाड़ी महाजन के यहाँ गाँव से अनाज जैसे मरापाट (पटसन), माह (उड़द दाल), हरिह (सरसों) ले जाकर बेचता है तथा छोटा बेटा देवेन पढ़ाई-लिखाई छोड़कर खेती-बाड़ी करता है। वे अपनी घर-गृहस्थी को सुचारू रूप से चलाने के लिए कठिन-से-कठिन परिश्रम करते हैं।

ग्रामीण लोग अपने गाय-बैलों की देख-रेख बहुत ही अच्छे ढंग से करते हैं। वे उनके दाना-पानी का ध्यान रखते हैं। नरमामा भी अपने गाय-बैलों का ध्यान अच्छे से रखते हैं तथा दाना में नमक मिलाकर खिलाते हैं। *'हकलू खेतियकके निमख बेसिके लागे। बहुतेई नगरर डांगर दुकानीर परा ब्लेक मार्केटत पाँस टकार परा दह टकलई हेरे दि निमख किनिसे, गरूर कारने।'*[8] (भावार्थ : सभी किसान को नमक ज्यादा लगता है। बहुत तो नगर के बड़े दुकानी से ब्लैक मार्केट में पाँच रुपए से दस रुपए तक देकर नमक खरीदते हैं बैल के लिए) पहले नरमामा पर खेती-बाड़ी घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियाँ कम थीं, परंतु आजकल जब कभी वे कहीं निकलकर जाते हैं, तब उनको बैल-गाय, खेत-खलिहान का काम समाप्त करने के साथ-साथ रसोई का सामान भी देकर जाना पड़ता है। नरमामा अब घर-गृहस्थी, खेती-बाड़ी के साथ-साथ गाय-बैलों को भी संभालते हैं।

ग्रामीण लोगों को जीवन में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पानी की असुविधा इनके जीवन की सबसे बड़ी समस्या है। वे कुआँ से पानी निकालकर अपने सभी कार्य करते है। गाँव में कुआँ भी कम ही होता है। वे सरकारी कुआँ के पानी से ही अपना गुजारा करते हैं। *'सरकारी कुँवार पानीरे घरर हकलु काम। कुँआटूउ गाँवर माजत।... घरत केंसा कुँआ, माटि खहि जाय, पानी खरालित नाथाकेए। बारिखा घुला पानी।'*[9] (भावार्थ : सरकारी कुआँ के पानी से घर का सभी काम होता है। कुआँ भी गाँव के बीच में है। घर में कच्चा कुआँ है, माटी ढल जाता है, पानी खराली में नहीं रहता। वर्षा घुला पानी।)

रेणु और बोरा के उपन्यासों में चित्रित कृषक जीवन का तुलनात्मक अध्ययन :

समानता :

✦ दोनों के उपन्यासों में हमें बाढ़ की समस्या देखने को मिलती है। बाढ़ के कारण किसानों की फसलें खराब हो जाती हैं। वे अपना खून-पसीना एक करके अपने खेतों को सींचते हैं ताकि फसल अच्छी हो।

✦ दोनों के उपन्यासों में यातायात की समस्या हमें देखने को मिलती है। ग्रामीण लोग एक स्थान से दूसरे

स्थान जाने के लिए साईकल, बैलगाड़ी का प्रयोग करते हैं। इतना ही नहीं, उन्हें बहुत दूर पैदल चलकर भी जाना पड़ता है। दूर की यात्रा के लिए वे बस या रेल से जाते हैं। बस में किराया ज्यादा लगने के कारण वे रेल से जाना ही पसंद करते हैं।

✦ दोनों के उपन्यासों में हमें यह देखने को मिलता है कि ग्रामीण लोग घरेलू काम-काज के लिए कुएँ के जल का प्रयोग करते हैं। इनके उपन्यास में हमें पानी की समस्या देखने को मिलती है।

✦ दोनों के उपन्यासों में नारी को घर गृहस्थी के साथ-साथ खेती-बड़ी को संभालते भी दिखलाया गया है।

✦ दोनों के उपन्यासों में हमें यह देखने को मिलता है कि ग्रामीण लोगों के मन में डॉक्टर तथा डॉक्टरी दवा के प्रति गलत धारणा रहती है।

असमानता :

✦ रेणु के उपन्यासों में हमें जमींदारों और किसानों का संघर्ष देखने को मिलता है। रेणु के उपन्यास में सर्वदा किसानों का शोषण जमींदारों द्वारा किया गया है। किसान चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते, क्योंकि वे मजबूर होते हैं। किसान वर्ग सर्वदा संघर्ष करते रहते हैं, परंतु उनके हाथ कुछ भी नहीं आता है। बरा के उपन्यास में हमें किसानों और जमींदारों के बीच का संघर्ष देखने को नहीं मिलता। यहाँ किसान वर्ग अपने जीवन की समस्याओं से ही जूझते रहते हैं।

✦ रेणु के उपन्यासों में किसान वर्ग को कुछ हद तक उन्नत दिखलाया गया है, क्योंकि वे अपनी खेतों में जुताई-बोआई के लिए ट्रैक्टर का प्रयोग करते हैं। वहीं दूसरी ओर बरा के उपन्यास में किसान वर्ग जुताई-बोवाई के लिए बैल का सहारा लेते हैं। खेतों की जुताई के लिए उनको बहुत मेहनत करनी पड़ती है।

निष्कर्ष :

हमें यह देखने को मिलता है कि दोनों के उपन्यासों में कृषक जीवन एक-सा ही है। वे अपना जीवन यापन करने के लिए खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। खेती-बाड़ी के क्षेत्र में अन्य देश काफी उन्नत हैं, परंतु हमारा देश ज्यादा उन्नत नहीं है।

विदेशों में आधुनिक मशीनों, यंत्रों की सहायता खेती-बाड़ी की जाती है, परंतु यहाँ लकड़ी के हल से ही काम निकाला जाता है, जिसके फलस्वरूप मेहनत ज्यादा से ज्यादा करनी पड़ती है तथा समय भी ज्यादा लगता है। कठिन परिश्रम के बाद भी उनको उचित फल नहीं मिलता। वे कठिन परिश्रम करके खेतों में अनाज उपजाते हैं, परंतु जब वे अपना अनाज बेचते हैं, तब उनको अपने अनाज की उचित कीमत भी नहीं मिलती। मजबूरी में उनको अनाज कम लागत पर ही बेचना पड़ता है। उनका जीवन गरीबी से आरंभ होकर गरीबी में ही बीतता है। वे सर्वदा अपनी इच्छाओं का दमन करते हैं। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. रेणु, फणीश्वरनाथ, 'मैला आँचल', नौवाँ संस्करण. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2008, पृ. 16
2. पूर्ववत्, पृ. 139
3. पूर्ववत्, पृ. 150
4. पूर्ववत्, पृ. 72
5. पूर्ववत्, पृ. 117
6. पूर्ववत्, पृ. 121
7. बोरा, महिम, 'एधानी माहीर हाँहि', तीसरा संस्करण, डिब्रूगढ़-1 : बनलता प्रकाशन, 2018, पृ. 32
8. पूर्ववत्, पृ. 65
9. पूर्ववत्, पृ. 26

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

भारत का स्वतंत्रता संग्राम और पत्रकारिता

(वर्ष 1919 से 1947 के विशेष संदर्भ में)

सीमा

शोधार्थी, इतिहास विभाग
मुलतानीमल मोदी पी.जी. कॉलेज
मोदीनगर गाजियाबाद (उ.प्र.)
मो. 9105050556
ई-मेल : seemasingh21041990@gmail.com

डॉ. सुनीता सिरोही

एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास विभाग)
मुलतानीमल मोदी पी.जी. कॉलेज
मोदीनगर, गाजियाबाद (उ.प्र.)-201206

शोध सार :

पत्रकारिता ने भारत के स्वाधीनता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी। उस स्वाधीनता संग्राम को दिशा और आईना दिखाने का महत्वपूर्ण कार्य मुख्यत: पत्रकारिता ने ही किया। तब पत्रकारिता व्यवसाय नहीं, मानसिक वृत्ति थी, इसलिए पत्रकारों ने हर प्रकार की कीमत देकर आजादी की जंग को जारी रखा। मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न सहन किया, घरों की कुर्की, जेल गए, कोड़े खाए, काले पानी की सजा, फाँसी पर चढ़े। पता नहीं और क्या-क्या सहन किया? तब पत्रकारिता राष्ट्रभक्ति का दूसरा नाम था। पत्र, पत्रिकाएँ, लेख, भाषण व मौखिक अभिव्यक्ति की तब एक ही दुश्मन थी-ब्रिटिश हुकूमत। एक ही देश था-हिंदुस्तान। एक ही माँ थी-भारत माता। एक ही लक्ष्य था-आजाद भारत। इन सब उद्देश्यों की पूर्ति का एक ही रास्ता अपनाया गया वह था-पत्रकारिता।

कुंजी शब्द :

भारत, पत्रकारिता, स्वाधीनता संग्राम, जेल, आजादी, राष्ट्रभक्ति, पत्र, पत्रिकाएँ आदि।

प्रस्तावना :

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वतंत्रता सेनानियों ने पत्रकारिता के माध्यम से अपने विचारों तथा भारत की आजादी की जंग को जन-जन तक पहुँचाया। स्वतंत्रता संग्राम में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं ने अंग्रेजी सरकार से जमकर लोहा लिया और अंतत: उन्हें देश छोड़ने पर विवश कर दिया। औपनिवेशिक भारत में संचार के साधन इतने विकसित नहीं थे, इसलिए समाचार पत्रों, लेखों, पत्रिकाओं के माध्यम से ही सूचनाएँ या खबर, जन-जन तक पहुँचाई जाती थीं। बात चाहे 'नया हिन्दुस्तान' के संपादक शिवदान सिंह चौहान की हो, 'क्रांति' के संपादक राजाराम शास्त्री की, 'विप्लव' समाचार पत्र के संपादक यशपाल की, या फिर महात्मा गांधी की हो, पंडित जवाहर

लाल नेहरू, रवीन्द्रनाथ टैगोर, मदन मोहन मालवीय, माखन लाल चतुर्वेदी, या फिर गोपाल कृष्ण गोखले की, सभी ने पत्रकारिता को माध्यम बनाकर ही अपने विचारों का संप्रेषण किया। स्वतंत्रता सेनानियों और पत्रकारों ने अनेक संकटों, बाधाओं और यातनाओं को झेलते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपनी गौरवपूर्ण भूमिका निभाई।

उद्देश्य व महत्व :

- भारत के स्वतंत्रता संग्राम में समाचार पत्र-पत्रिकाओं की भूमिका व योगदान का अध्ययन करना।
- पराधीन भारत से स्वाधीन भारत की यात्रा में समाचार पत्रों व पत्रिकाओं के गौरवमयी इतिहास से जन-सामान्य को परिचित कराना।

शोध पद्धति :

शोध पत्र 'भारत का स्वतंत्रता संग्राम और पत्रकारिता (1919 से 1947) तक' के विशेष संदर्भ में को लिखने के लिए विवेचनात्मक पद्धति का उपयोग किया गया है, जिसमें, पुस्तकें, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ व शोध पत्र आदि शामिल हैं।

विश्लेषण :

डेढ़ सौ वर्षों तक ब्रिटिश राज की गुलामी में रहने वाले इस देश के दिल और दिमाग को सही राह पत्रकारिता ने दिखाई। उसने यहाँ की जनता का राजनीतिक संस्कार किया। वर्षों से जड़ जमाकर बैठी हुई सामाजिक बुराइयों को निकाल बाहर करने की कोशिश की। समाज सुधार की नई-नई राहें निकालीं। उस समय पत्रकारिता नेतृत्व भी कर रही थी और सलाह भी दे रही थी। उस समय कोई भी जातिभेद, धर्मभेद या भाषाभेद नहीं रखता था। लोग हर कीमत पर भारत की आजादी के लिए जंग लड़ना चाहते थे। गाँव, प्रांत, जिला, शहर, देश, विदेश, से उनकी अपनी प्रांतीय, क्षेत्रीय, देशी, विदेशी भाषा में जो भी दो-चार पन्नों का समाचार पत्र निकलता वह ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देने से बाज नहीं आता था। संघर्ष में पनपती यह राष्ट्रभक्ति, नैतिकता और हिम्मत, तिलक, अंबेडकर, गांधी व लाला लाजपत राय जैसे

> पत्रकार कर्ज लेकर, अपनी संपत्ति दाँव पर लगाकर पत्र-पत्रिका निकाल रहे थे। वह इस बात को अच्छी तरह से जानते थे कि कभी भी उनका अखबार ब्रिटिश सरकार का शिकार हो सकता है। इन सब परेशनियों को सहते हुए पत्रकारों ने ब्रिटिश सरकार का डटकर सामना किया। आत्मसमर्पण जैसा शब्द उनके शब्दकोश में नहीं था। पत्रकारिता को स्वतंत्रता आंदोलन से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

नेताओं की देन थी। देशप्रेम, राष्ट्रभाव, राष्ट्रभक्ति व नैतिक साहस का पूरे समाज में फैलता यह दौर इन सभी नेता स्वरूप-पत्रकारों की ही देन थी। स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास एक दृष्टि से पत्रकारिता का ही इतिहास है।[1]

महात्मा गांधी की पत्रकारिता ने देश के स्वराज आंदोलन राष्ट्रभाव के विकास तथा राष्ट्रीय जागरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके संबंध में पंडित माखनलाल चतुर्वेदी ने कहा है कि ''गांधी से महान संपादक कदाचित् इस देश में पैदा नहीं हुआ।'' जिस दिन हमने महात्मा गांधी को खोया उसी दिन सारी पत्रकारिता देशभक्ति के धर्म से हटकर राजनीति का जकड़-व्याल हो गई।

''इंडियन ओपिनियन मेरे जीवन का निचोड़ है और इसने हिंदुस्तानी समाज की अच्छी सेवा की है। इस अखबार के बिना सत्याग्रह, स्वराज की लडाई चल नहीं सकती थी।'' [2]

-सत्य के प्रयोग, आत्मकथा महात्मा गाँधी

'इंडियन ओपिनियन ', 'यंग इंडिया', 'नवजीवन', 'सत्याग्रह', 'हरिजन'- ये कागज के चंद पन्ने नहीं थे, बल्कि इनमें धड़कती थी हिंदुस्तान की आत्मा और करोड़ों

भारतीयों की भावनाएँ। गांधी जी ने अपने हर अभियान की योजना लोगों तक पहुँचाने के लिए पहले उसके बारे में लेख और टिप्पणियाँ लिखे, लोगों की प्रतिक्रियाएँ जानीं और उनका समाधान किया। जनमानस को समझने और समझाने की इससे सरल लोकतांत्रिक प्रक्रिया और क्या हो सकती थी।

'नवजीवन' का उद्देश्य स्वराज्य प्राप्ति है। संपादक का पद आजीविका के लिए, नहीं बल्कि केवल लोक सेवा के लिए है।[3] *(नवजीवन अखबार-21/11/1924)*

यद्यपि महात्मा गांधी ने डरबन में करीब दस वर्ष तक (इंडियन ओपिनियन 1903) का संपादन किया, किंतु भारत में उनकी पत्रकारिता यंग इंडिया (8 अक्टूबर 1919), नवजीवन (7 सितंबर, 1919), (सत्याग्रह 7 अप्रैल, 1919) से परवान चढ़ी। परंतु हरिजन (11 फरवरी, 1933) एक प्रकार से उनके विचारों की अभिव्यक्ति और प्रसार का अधिकृत माध्यम बना। 4 फरवरी, 1932 को यंग इंडिया और नवजीवन का प्रकाशन बंद हो गया। फरवरी, 1933 से साप्ताहिक 'हरिजन' का एक-एक अंक साक्षी है कि भारत की आजादी, सामाजिक उत्थान और जन जागृति के हर पहलू पर गांधी जी ने किस तरह लड़ाई लड़ी और पूरे समाज में नई चेतना का संचार किया।

स्वतंत्रता के प्रति एक वातावरण बनाने के लिए पंडित विष्णुदत्त शुक्ल और पंडित माधव राव सप्रे की प्रेरणा से जबलपुर से 17 जनवरी, 1920 को साप्ताहिक समाचार पत्र 'कर्मवीर' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। संपादन का दायित्व पंडित माखन लाल चतुर्वेदी को सौंपा गया। इस समय पत्रकारिता से अंग्रेजी शासन काफी भयभीत था।[4] समाचार-पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशन को प्रतिबंधित करने के लिए तमाम प्रयास प्रशासन ने कर रखे थे। यदि किसी को भारतीय भाषा में समाचार पत्र प्रकाशित करना है तो उनका अनुमति पत्र जिला मजिस्ट्रेट से प्राप्त करना होता था। अनुमति पत्र प्राप्त करने से पहले समाचार-पत्र के प्रकाशन का उद्देश्य स्पष्ट करना होता था। इसी संदर्भ में जब जिला मजिस्ट्रेट ने पंडित चतुर्वेदी से पूछा कि एक अंग्रेजी साप्ताहिक समाचार पत्र होते हुए भी आप हिंदी साप्ताहिक क्यों निकालना चाह रहे हैं, तब दादा माखनलाल ने बडी स्पष्टता से कहा - **''आपका अंग्रेजी पत्र तो दब्बू है। मैं वैसा पत्र नहीं निकालना चाहता। मैं ऐसा पत्र निकालना चाहूँगा कि ब्रिटिश सत्ता चलते-चलते रुक जाए।''**[5]

यह घटना ही माखनलाल जी की पत्रकारिता के तेवर का प्रतिनिधित्व करती है। यही साहस, निर्डरता, बेबाकी व निर्भीकता कर्मवीर की पहचान बनी। उनकी ये बेबाकी उनके द्वारा लिखित इन पंक्तियों में झलकती है-

अमर राष्ट्र, उदंड राष्ट्र, उन्मुक्त राष्ट्र यह मेरी बोली
यह सुधार-समझौता वाली मुझकों भाती नहीं ठिठोली।[6]

पंडित माखनलाल चतुर्वेदी ने अपने समाचार-पत्रों के लिए नियम बनाया था कि उनके पत्र में क्रांतिकारियों के विरुद्ध कोई समाचार या खबर प्रकाशित नहीं की जाएगी।

1919 में गोरखपुर से गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रेरणा से 'स्वदेश' समाचार पत्र प्रकाशित किया गया। इसके संपादक दशरथ प्रसाद द्विवेदी थे। गजब का पत्र था यह ।इसकी तेजधार कलम के द्वारा लिखित पंक्तियाँ इस प्रकार हैं -

स्वर्ग लाभ के लिये
आत्मबालि हम नहीं करेगे।
जिस देश मे जिए
उसी पर सदा मरेंगे।[7]

5 सितंबर, 1920 काशी से 'आज' दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन ज्ञान मंडल मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया गया। प्रारंभ में इसके संपादक श्री प्रकाश जी थे। बाबू राव विष्णु पराडकर ने बाद में इस पत्र के संपादक पद की कमान संभाली। गांधी जी के द्वारा प्रतिपादित अहिंसात्मक पत्रकारिता का अनुकरण कर भारत को स्वतंत्र देखना आज समाचार पत्र का मुख्य उद्देश्य था। जिस प्रकार धूल के कण हमारी आँखों में किरकिराते हैं, ठीक उसी प्रकार यह पत्र भी अंग्रेजी सरकार की आँखों में किरकता था। राष्ट्रीय आंदोलनों-1930 सविनय अवज्ञा आंदोलन,1942 भारत छोड़ो आंदोलन के अलावा कई



मौकों पर इसे अंग्रेजी सरकार ने बंद कर अपने कुशासन का परिचय दिया। [8]

पंजाब केसरी लाला लाजपतराय ने एक लिमिटेड कंपनी की स्थापना कर लाहौर से उर्दू दैनिक 'वन्दे मातरम्' समाचार पत्र प्रकाशित किया। सरदार मोहन सिंह साहनी अखबार के संपादक थे। यह एक उच्च स्तरीय अखबार था, जिसका पंजाब, सिंध और उत्तरी सीमांत प्रदेशों में अच्छा प्रसार था। स्वतंत्रता संग्राम का जोश और जज्बा जनता के हितों और हकों की पैरवी, फिरंगी हुकूमत के अन्याय और अत्याचार की आलोचना वन्देमातरम् का मुख्य स्वर था। इसी कारण 10 मई, 1927 का अंक लाहौर से पुलिस ने जब्त कर लिया। हाईकोर्ट में अपील करने के बाद जब्ती का आदेश निरस्त कर दिया गया। 'वन्दे मातरम्' के चार संपादकों को राजद्रोह के आरोप में जेल जाना पड़ा। अक्टूबर, 1930 में पंजाब सरकार ने 'वन्दे मातरम्' को जब्त कर लिया। दिसंबर, 1930 में संपादक ठाकुर दास ने भगत सिंह पर लेख लिखा, जिस कारण ठाकुर दास को दंड संहिता की धारा (124-1) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। [9]

लाला जी ने लाहौर से साप्ताहिक समाचार पत्र 'पीपल' निकाला। वे स्वयं इस पत्र के संपादक थे। यह सर्वेंट ऑफ पीपल सोसाइटी का मुख्य पत्र था, जो युवाओं को राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रसेवा के लिए प्रोत्साहित करता था।

पुरुषोत्तमदास टंडन ने लौहार से हिंदी भाषा में साप्ताहिक 'पंजाब केसरी' प्रकाशित किया। यह भारत से स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित स्वर्गीय लाला लाजपत राय की स्मृति में निकाला गया था। लाला जी की आत्मकथा सबसे पहले इसी पत्र में प्रकाशित हुई। प्रेस अध्यादेश की भनक पंजाब केसरी तक पहुँची और 1930 में इसका प्रकाशन बंद हो गया। कई वर्षों के बाद लाल जगत नारायण ने इस अखबार को पुनजीर्वित किया। [10]

विजयादशमी (सितंबर, 1925) को महारथी प्रेस दिल्ली से हिंदी मासिक पत्रिका 'महारथी' का प्रकाशन रामचन्द्र शर्मा के संपादन में हुआ। इसके प्रवेश के पहले अंक में संपादक ने इसे प्रकाशित करने के केवल तीन मुख्य उद्देश्य बताए। पहला उद्देश्य : राष्ट्र निर्माण है, दूसरा उद्देश्य: समाज सुधार, तीसरा उद्देश्य: देशप्रेम। इन्हीं तीनों उद्देश्य के सूचक तीन शब्द 'साहस', 'सत्य', और 'प्रेम' महारथी के ध्वज पर अंकित थे। 20 नवंबर, 1930 को लाला लाज पत्त राय की स्मृति में 'महारथी' का एक विशेषांक निकाला 'कफन की कीलों पर'। इसके प्रकाशन के बाद राजद्रोह व असंतोष, भड़काऊ लेख छापने के परिणामस्वरूप संपादक को नौ महीनों

की सजा हुई। महारथी में लाला लाजपत की लोकप्रिय पक्तियों का भी प्रकाशन किया गया था- ''मुझ पर किया गया हर प्रहार ब्रिटिश साम्राज्य के कफन के ताबूत में एक-एक कील ठोकने का काम करेगा।'' [11]

''सैनिक जब तक जिएँ, जिस दिन मरें, देश के लिये मरें। जीवन, धन, सुख सब कुछ जाये, पर वह आदर्श भ्रष्ट न होने पाएँ।'' [12] इस कामना को लेकर 1 जून, 1925 को कृष्णा दत्त पालीवाल ने आगरा से 'सैनिक' समाचार पत्र का प्रकाशन आरंभ किया। लोगों में प्रखरता व यश प्राप्त करने के कारण उसके अंक जब्त कर लिए गए। मुकदमे चले, इसके प्रकाशन पर पाबांदियाँ लगीं। जमानत माँगी गई और इस सबके चलते उसे बंद भी होना पड़ा। 14 अक्टूबर, 1937 को 'सैनिक' दैनिक हो गया। 1939 द्वितीय वि!व युद्ध आरंभ होने पर इस समाचार पत्र ने अग्रलेख लिखा, 'अब न चूको चौहान'। इसमें देशवासियों से आग्रह किया गया था कि वे युद्ध के अवसर का उपयोग करें, देश को आजाद कराने से नहीं चूकें। सैनिक ने दूसरा लेख प्रकाशित किया 'न एक पाई न एक भाई'। [13]

इसमें स्पष्ट कहा गया कि युद्ध में मदद के लिए न तो एक पैसा दिया जाए और न सेना में एक भी भाई को जाने दिया जाए। यह सैनिक अखबार की अदम्य जीवन शक्ति ही थी कि पाँच बार बंद हो जाने के बाद भी उतनी ही शक्ति और ऊर्जा के साथ छठी बार 1945 में पुनजीर्वित हुआ। स्वतंत्रता के बाद भी यह पत्र चलता रहा।

हिंदी मासिक 'विशाल भारत' जनवरी 1928 को पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी के संपादन में निकला। इसके प्रकाशक थे 'मॉडर्न रिव्यू' के संपादक प्रकाशक रामानन्द चटर्जी। इसने कई आंदोलनों को जन्म दिया। घासलेटी साहित्य के विरुद्ध अभियान भी इसी ने छेड़ा था। 1937 में बनारसीदास जी ने विशाल भारत छोड़ दिया। उसके बाद कुछ ही वर्ष वह चला फि र बंद हो गया। इस अखबार की विशेष पक्तियाँ इस प्रकार हैं, ''जिस प्रकार भिन्न-भिन्न प्रकार के वृक्ष, फल, फूल विचित्र सौंदर्य से प्रकृति का स्वागत करते हैं उसी प्रकार हम लोगों को भी अपने श्रेष्ठ कार्यों के द्वारा स्वराज्य का स्वागत करने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।''[14]

पत्रकारिता द्वारा भारत को आजादी दिलाने के मार्ग में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। मुंशी जी ने 1930 में साहित्यिक पत्र 'हंस' का प्रकाशन किया। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा को समृद्ध बनाने के अतिरिक्त भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देना भी था। नमक आंदोलन के समय हंस पत्र पर भी पाबंदी लगाकर इसका प्रकाशन बंद कर दिया गया। [15]

स्वतंत्रता संग्राम में काशी से प्रकाशित 'संसार' (हिंदी दैनिक) का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इसका स्वर और विचार धारा उग्र थी। संसार के दैनिक संस्करण के साथ-साथ 'साप्ताहिक संसार', संसार का रविवारीय संस्करण और अर्द्ध साप्ताहिक 'ग्राम-संसार' भी प्रकाशित हो रहे थे। साप्ताहिक संसार का अक्टूबर 1943 में प्रकाशित आजाद हिंद सेना विशेषांक बहुचर्चित रहा। 1943 से 1945 तक इसके संपादक बाबू राव विष्णु पराडकर भी रहे।

1930 के नमक आंदोलन (सविनय अवज्ञा आंदोलन) के समय देश के अधिकांश हिस्सों से प्रकाशित होने वाले पत्र बंद कर दिए गए। यहाँ के बुद्धिजीवियों क्रांतिकारी व पत्रकारों ने गुप्त पत्र 'रणभेरी'[16] का प्रकाशन कर समाचार पत्रों के प्रकाशन की निरंतरता को बनाए रखा। रणभेरी की भाषा उग्र थी। रोज स्थान बदलकर प्रकाशित होता रहता था। लाख प्रयास के बाद भी ब्रिटिश राज इसके प्रकाशन का पता नहीं लगा पाई। पराडकर जी जैसे संपादकों के सहयोग व कुशल रणनीति से इस पत्र का प्रकाशन सफल हो पाया। रणभेरी में प्रकाशित संपादक व प्रकाशक का नाम फर्जी होता था। रणभेरी के अतिरिक्त रणडंका, तूफान, चण्डिका आदि भी गोपनीय पत्रों की श्रेणी में आते हैं, लेकिन रणभेरी का नाम गोपनीय पत्रों में सर्वोपरि था।[17]

निष्कर्ष :

अल्मोड़ा से 'शक्ति', कलकता से 'स्वतंत्र' और 'साम्यवादी', प्रयाग से 'भविष्य' तथा 'चांद', पटना से 'देश', आगरा से 'आर्यमित्र', दिल्ली से 'हिन्दुस्तान', कांग्रेस समाजवादी पार्टी का 'संघर्ष', उन्नाव से 'संग्राम', इलाहाबाद से 'देशदूत', काशी-आगरा से 'साहित्य संदेश'

व 'सैनिक' और दिल्ली का 'वीर अर्जुन'- देश के हर कोने से स्वतंत्रता आंदोलन के समय जितने भी पत्र व पत्रिका प्रकाशित होते रहे, सभी का उद्देश्य एक ही था- स्वतंत्र भारत।

ये सभी पत्रिकाएँ अंग्रेजी शासन से मुक्ति दिलाने के लिए जनता के चेतन मन को जगा रही थी, ताकि लोग राष्ट्रीय आंदोलन की धारा में शामिल हो सकें। उस समय पत्रकारिता एक मिशन के रूप में कार्य कर रही थी। पत्रकार कर्ज लेकर, अपनी संपत्ति दाँव पर लगाकर पत्र-पत्रिका निकाल रहे थे। वह इस बात को अच्छी तरह से जानते थे कि कभी भी उनका अखबार ब्रिटिश सरकार का शिकार हो सकता है। इन सब परेशनियों को सहते हुए पत्रकारों ने ब्रिटिश सरकार का डटकर सामना किया। आत्मसमर्पण जैसा शब्द उनके शब्दकोश में नहीं था। पत्रकारिता को स्वतंत्रता आंदोलन से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इन समाचार पत्रों व इनके प्रकाशक-संपादकों का आजादी की प्राप्ति में योगदान स्वर्ण अक्षरों में सदैव भारतीय इतिहास में चमकता रहेगा। हम और हमारी आने वाली पीढ़ियाँ निश्चित रूप से इनकी ऋणी रहेंगी। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. गौतम, डॉ. मीना : (स्वतन्त्रता संग्राम और हिन्दी) राष्ट्रीय अभिलेखागार जनपथ, नई दिल्ली 110001, 2008 पृष्ठ संख्या-44
2. तिवारी, प्रो(डॉ.) अर्जुन :, (राष्ट्रपिता और पत्रकारिता) वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली-110002-2019 पृष्ठ संख्या-146
3. नव जीवन, अखबार, सम्पादक व प्रकाशक महात्मा गांधी 2/11/1924 (अहमदाबाद) पृष्ठ संख्या-3
4. श्री धर, विजय दत्त : (भारतीय पत्रकारिता कोश खण्ड-2) वाणी प्रकाशन दरियागंज नई दिल्ली 110002-2016 पृष्ठ संख्या-554
5. media mimansa volume-15 No-3 July-sep-2021 page no.8
6. Do same page no-9
7. हिन्दी विवेक 'स्वतन्त्रता संग्राम और पत्रकारिता' डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह पृष्ठ संख्या-6
8. International journal of innovative research in science eng. and tech. स्वतन्त्रता संग्राम में हिन्दी पत्रकारिता का योगदान (डॉ. सरोज) अवस vol-4, issue 1-jan-2015 page-4
9. श्री धर, विजयदत्त : (भारतीय पत्रकारिता कोश खण्ड-2) पृष्ट संख्या-746
10. वही पृष्ठ संख्या-885
11. कुमार, विनय : पंजाब केसरी लाला लाज पत्त राय, साकेत प्रकाशन, दिल्ली 110032-2019 पृष्ठ संख्या-59
12. दरबार, डॉ. ज्ञानवती : 'भारतीय नेताओं की हिन्दी सेवा', रंजन प्रकाशन, नई दिल्ली-1961 पृष्ठ संख्या-380
13. वही पृष्ठ संख्या-381
14. क्रांत, मदनलाल वर्मा : स्वाधीनता संग्राम के क्रांतिकारी साहित्य का इतिहास (भाग-दो) प्रवीण प्रकाशन दरियागंज, नई दिल्ली-110002 पृष्ठ संख्या-443
15. लाल, डॉ. वंशीधर 'हिन्दी पत्रकारिता का आलोचनात्मक इतिहास', अनुपम प्रकाशन, पटना 1992 पृष्ठ संख्या-80
16. श्री धर, विजय दत्त : (भारतीय पत्रकारिता कोश खण्ड-2) पृष्ठ संख्या-922
17. संचार माध्यम, भारतीय जन संचार संस्थान नई दिल्ली, संपादकीय लेख पृष्ठ संख्या-2

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

कमल कुमार की कहानियों में सामाजिक समस्या

रेखा गुप्ता

शोधार्थी, पीएच.डी.
मानविकी एवं समाजशास्त्र विद्यापीठ
तेजपुर विश्वविद्यालय (असम)
मो. 919044251322
ई-मेल : rekhag758@gmail.com

शोध सार :

आधुनिक महिला लेखिकाओं में डॉ. कमल कुमार का महत्वपूर्ण स्थान है। डॉ. कमल कुमार की लेखनी का केंद्रीय बिंदु प्रमुख रूप से नारी है और नारी से संबंधित समस्या को अपनी रचना कर्म के माध्यम से समाज के समाने लाने का भरपूर प्रयत्न किया है। कभी भारतीय नारी के रूप में तो कभी पाश्चात्य नारी की स्थिति से पाठकों को अवगत कराती हैं। वह नारी स्वतंत्रता की प्रबल पक्षधर हैं और उसे हर हाल में अपने पैरों पर खड़ा देखना चाहती हैं। कमल कुमार देश-विदेश की यात्राएँ उनकी रचनाओं को महत्वपूर्ण बनाती हैं। उन्होंने यात्रा के दौरान जो भी चीजें देखीं और महसूस किया उसे अपनी रचना के माध्यम से समाज में रखा। वे लोगों से मिलीं और उनकी समस्याओं को निकट से देखा, समझा और उसे आत्मसात करके अपनी रचनाओं में उकेरा। इनकी रचनाओं में रूग्ण मान्यताओं के प्रति विद्रोह, स्वस्थ आधुनिक दृष्टिकोण, नष्ट होते पारंपरिक मूल्यों की स्थापना और नारी जागृति आदि मुख्य रूप में आई हैं।

बीज शब्द :

परिवार, समाजशास्त्रीय निष्कर्ष, नारी चेतना, सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य, राजनीतिक परिप्रेक्ष्य, सामाजिक परिप्रेक्ष्य।

कमल कुमार की कहानियों में समाजशास्त्रीय निष्कर्ष पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, जिससे किसी भी एक दौर की समान परिस्थितियों, पृष्ठभूमि और परिवेश के बावजूद रचना मानसिकता का सृजन होता है। हालाँकि विषय के धरातल पर सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संदर्भ समान हो सकते हैं, किंतु इनको अभिव्यक्त करने वाले पात्र और अभिव्यंजना शक्ति की पद्धति भिन्न होती है। यहाँ पर मन विवेचना करता है कि समान परिवेश एवं युग बोध दृष्टि के बावजूद रचना कर्म स्थूल रूप में समान होते हुए भी सूक्ष्म रूप से एक-दूसरे से भिन्न क्यों और कैसे होता है। इस जिज्ञासा के समाधानस्वरूप लेखक के बीच अंतर्योजन के सूत्रों की पहचान जरूरी हो जाती है। कहानियों के संदर्भ में

कमल कुमार नारी के स्वतंत्र अस्तित्व की पक्षधर हैं। इन्होंने पुरुष की निरंकुशता को ध्वस्त कर स्त्री को अपनी शक्ति खुद पहचानने की बात कही है।

कमल कुमार की कहानियों में राजनीतिक परिस्थितियों में समस्या अपने पूर्ववर्ती युग की अगली कड़ी बनकर उभरती है। आधुनिक हिंदी साहित्य का स्वातंत्र्योत्तर युग भी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की सापेक्षता का प्रतिफल है। द्वितीय महायुद्ध की समाप्ति के लगभग एक वर्ष बाद 15 अगस्त, 1947 को जब भारत आजाद हुआ तो उनके आधुनिक इतिहास का एक दौर समाप्त हो गया। स्वतंत्रता मिलने के बाद देश पर एक गंभीर जिम्मेदारी यह आ गई कि वह अपनी अर्थव्यवस्था को बेहतर करे, क्योंकि जो जनता वर्षों से देश की आजादी का स्वप्न देख रही थी, वह स्वतंत्रता के बाद अपनी सरकार से यह अपेक्षा करने लगी कि यह सरकार उनके आर्थिक कष्टों को भी दूर करेगी। महात्मा गांधी ने कहा था, *''मैं समझता हूँ कि वर्षों तक भारत को ऐसे कानून बनाने पड़ेंगे जो शोषितों और दलितों को उस गड्ढे से निकाले, जिसमें उन्हें पूँजीपतियों, जमींदारों और ऊँचे कहे जाने वाले लोगों ने धकेल दिया है। अगर हम इन लोगों को इस दलदल से निकालना चाहते हैं तो भारत की राष्ट्रीय सरकार का यह आवश्यक कर्तव्य होगा कि वह अपने घर को ठीक करे और बराबर इन लोगों को ऊँचा स्थान दे और उनको इस बोझ से उबारे, जिसके नीचे पीसे जा रहे हैं।''*[1]

परिवार को सामाजिक मानदंड में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। परिवार का निर्माण ही इस आधार पर हुआ है कि उसकी समाज में मान्यता है। उसे समाज में स्थायित्व मिल गया है। संस्था का निर्माण मनुष्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु हुआ है। श्याम बहादुर वर्मा लिखते हैं- *''जिससे सामाजिक इच्छाओं और आवश्यकताओं की पूर्ति होती है और जो व्यक्तियों को नियंत्रित करती है।''*[2] भारतीय समाज में जाति प्रथा एक बहुत विकट समस्या है। जाति-पाति के आधार पर आए दिन झगड़े होते रहते हैं। जाति बिरादरी और ऊँच-नीच का भेदभाव व्यक्ति को प्राय: इतना कमजोर, बेजान और जर्जर बना डालता है कि उसका समूचा व्यक्तित्व हीं नहीं, मनुष्यता के मान-मूल्य भी खतरे में पड़ जाते हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, बाल गंगाधर तिलक तथा महात्मा गांधी आदि समाज सुधारकों ने जातिगत भेदभाव तथा मानव के प्रति अस्पृश्यता की कठोर आलोचना करते हुए उसमें सुधार के तमाम प्रयत्न किए थे। संविधान ने भी समानता का अधिकार दिया है, जिसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति जाति, धर्म के भेद के बिना अपने जीवन को विकसित करने के लिए तमाम सुविधाएँ प्राप्त कर सकता है। संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार दीपक वर्मा लिखते हैं, *''राज्य द्वारा धर्म मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान आदि के आधार पर नागरिकों के प्रति जीवन के किसी क्षेत्र में पक्षपात नहीं किया जाएगा।''*[3] किंतु इसके बावजूद सबको वह सम्मान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। इसके पीछे जाने-अनजाने कई कारण हैं। रूढ़िवादिता एक कारण हो सकता है। सदियों से चली आ रही जाति-प्रथा, ऊँच-नीच को शिक्षित समाज में भी हम ज्यों-का-त्यों देख रहे हैं।

कमल कुमार के कथा-साहित्य में समाज में विभिन्न स्थितियों के आधार पर जो भेद किया जाता है, उसे लेकर लिंग, जाति, प्रजाति, रंगभेद, अर्थ व भाषा के

आधार पर प्रस्तुत अध्याय में सामाजिक समस्या का वर्गीकरण किया गया है। इन आधारों पर समाज कैसे बँट जाता है और उनमें कैसे एक-दूसरे के प्रति वैमनस्य की भावना पनपने लगती है, इसका चित्रण लेखिका ने बखूबी किया है। सामाजिक समस्याओं से अभिप्राय है जब समाज में किन्हीं आधारों पर स्तर निर्धारित कर दिए जाते हैं, जिसे व्यक्ति की परिस्थिति का निर्धारण होता है। प्रत्येक समाज में चाहे उसे समाज की संरचना कैसी भी रही हो, वहाँ सामाजिक समस्या देखने को मिल ही जाती है। साम्यवादी देशों में किसी भी आधार पर लोगों को न बाँटने की बात की गई थी, लेकिन वहाँ भी व्यक्तियों के मध्य योग्यता के आधार पर सामाजिक स्तरीकरण मिल जाता है। समाज में समस्या ऊँच-नीच और भेदभाव के आधार पर देखने को मिलता है। इसमें जो व्यक्ति उच्च स्थिति को प्राप्त है, वो निम्न स्थिति को प्राप्त व्यक्ति के साथ भेदभाव करने लगता है। सामाजिक समस्या लिंग, आयु, जाति, प्रजाति, रंगभेद, भाषा व अर्थ इत्यादि आधारों पर समाज में मिलता है।

हम भारतीय एक-दूसरे से परिचित होने के बाद भी उसकी जाति जानने का प्रयास करते हैं। उसी के आधार पर अपना दृष्टिकोण व व्यवहार निश्चित करते हैं। यहाँ तक कि घरों में काम करने वालों के बर्तन अलग कर दिए जाते हैं। उनके साथ बैठना-उठना या मनुष्यों जैसा व्यवहार तो दूर की बात है, उन्हें एक अलग ही दुनिया का प्राणी मानकर दुर्व्यवहार करना तथाकथित उच्च जाति के लोगों का स्वभाव-सा बन गया है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि जातिगत भेदभाव सामंती सभ्यता की देन है, जिसमें मनुष्यता लेश मात्र भी नहीं है। 'सरोकार' कहानी में एक मजदूर जो बीमार होने के बावजूद मजदूरी कर रहा है, घर की बहू मानी चाय की प्याली उसे दे तो देती है, किंतु सास की फटकार- *''तेरी पढ़ाई-लिखाई क्या हुई बहू....उसे कप पकड़ा दिया.....कौन जात का है.....उस पर सवेरे से खों खों लगा रक्खी है। पता नहीं मरे के फेफड़ों में कीड़े पड़े हैं।.....क्या हुआ है.....छूत लगी तो.....डा।''*[4] यह उच्च जाति के लोगों की मानसिकता को उजागर करता है। इस प्रकार की सोच हमारे संविधान की धज्जियाँ उड़ा देती है। गरीब, कमजोर व्यक्ति विरोध करना नहीं जानता, किंतु एक घुटन जरूर महसूस करता है। उसे मनुष्यतापूर्ण व्यवहार की अपेक्षा रहती है, किंतु जो विसंगति हमारी जड़ों में घर कर गई है, उसे उखाड़ फेंकना सहज नहीं। इसी का परिणाम है कि आज तथाकथित निम्न जाति का व्यक्ति भी अपने नाम के साथ उच्च जाति जोड़ कर सम्मानपूर्वक जीवन जीने की इच्छा रखता है और ऐसा करता भी है।

'पहचान' कहानी-संग्रह की 'परिणति' कहानी में नायक अनिल एक ओर हरिजन बस्ती में जाता है, जहाँ उसे चेचक का एक और मरीज मिल जाता हैं- *''गाँव के अंतिम छोर पर दस-बीस झोपड़ों का एक गुच्छा था।.... यह भी हरिजन परिवार था-यानि की इनके पुरखे एक थे। पाँच-छह भाइयों की तीसरी-चौथी पीढ़ी द्वारा बसाई गई बस्ती। घास-फूस और कच्ची ईंटों और मिट्टी से बने झोंपड़ें थे।.... खटोले पर एक दसेक साल का बच्चा बुखार से निढाल थ। चेहरा तमतमाया हुआ।''*[5] इस प्रकार हरिजन लोग पशुओं से भी गया बीता जीवन जीते हैं। जाति के आधार पर जीवन भर उनके साथ भेदभाव किया जाता है और मूलभूत जरूरतों से दूर कर दिया जाता है। लेखिका का कथा साहित्य नारी सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है। ये नारी की आदर्शवादिता को उद्घाटित करती हैं तो नारी सुलभ कमजोरियों का उल्लेख करना भी नहीं भूलतीं। इनके कथा साहित्य में नारी जीवन के श्वेत-स्याह सभी पहलू उजागर हुए हैं, जो किसी पूर्वाग्रह या दुराग्रह से मुक्त, तटस्थ व निर्भीक चरित्रांकन है। नारी जीवन के संघर्ष का जीवंत दस्तावेज इनके कथा साहित्य में मिलता है। इनके कथा साहित्य में नारी जहाँ अपने अस्तित्व व गरिमा को पहचानने की क्षमता पाती है, वहीं पितृ सत्तात्मक समाज की निरंकुशता से आजाद होने का साहस भी प्राप्त करती है। विवाह का सामंती ढाँचा एवं पत्नी का दोयम स्तर समाज केंद्रित समस्या है। 'फॉसिल' पुरुष सत्तात्मक सामाजिक मनोवृत्ति की शिकार एक पढ़ी-लिखी लड़की की त्रासदी और प्रतिरोध की कहानी

है। फॉसिल का अर्थ-जीवाश्म जमीन में दबी हुई प्राचीन काल की कोई वस्तु या जीवन का पिंजर। इसमें लेखिका ने हड़प्पा-मोहनजोदड़ों की खुदाई के रूपक के सहारे पुरुष वर्चस्व और स्त्री उत्पीड़न के इतिहास में झाँकने की कोशिश की है। यह कहानी पुरातत्व रिसर्च इंस्टीट्यूट की प्रतिभावान शोध छात्रा गार्गी सिंह की त्रासदी को व्यक्त करती है। जब उसकी इच्छा के विरुद्ध घर बुलाकर शादी कर दी जाती है। उसे सोचने समझने का समय ही नहीं दिया जाता। बस यही कह दिया जाता है कि लड़कियों के विवाह का यही रिवाज है हमारे यहाँ।

भारत में भूख और गरीबी की समस्या बहुत व्यापक रूप में दिखाई देती है। इसमें सबसे निचले क्रम में निम्न वर्ग विद्यमान है। निम्न वर्ग में खेतीहर, मजदूर, घरेलू नौकर आदि शामिल हैं। आर्थिक अभाव के कारण उनका जीवन निम्न स्तर का होता है। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में ही सारी जिंदगी गुजार देते हैं। औरत और पोस्टर कहानी के आवारागर्द लड़के सभी अपनी गरीबी, रुखेपन और खुदरेपन के नीचे मानवीय मूल्यों के आर्द्रता से संपन्न हैं। सभी लड़के किसी न किसी कारण से पढ़ाई छोड़कर पेट की भूख मिटाने के लिए काम करते हैं। बीरू को जब लेखिका ने अंत में पहचान लिया तो वह बोला, *''हमारा बाप ऑन्टी जी। वो तो कुछ भी नहीं करता। बैठा-ठाला शराब पीता है और माँ को मारता है। माँ की कमाई के पैसे भी झटक लेता है। मेरी कमाई से माँ हम छ जनों का पेट भरती है।''*[6] निम्न वर्ग रोजगार के लिए सपरिवार रोजी-रोटी का जुगाड़ करता और भूख एवं गरीबी में जीवन को बिताता है। इस वर्ग के प्राणी अपना जीवन अभावों में बिताते हैं। सारी जिंदगी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने में लगे रहते हैं। पहचान कहानी संग्रह की समय-बोध कहानी में निम्नवर्गीय परिवार का चित्रण लेखिका ने खींचा है, *''बापू को जो मरकर मुक्त हो गया था और माँ के लिए छोड़ गया था- चार खाली पेट भरने को काम करने वाले हाथ जो खेतों में अनाज उगाते नहीं थे। पिता जी को मरे पाँच महीनें हो गए थे। अनाज के सारे मटके खाली हो गये थे। माँ दिन भर दूसरों के खेतों में काम करती। माँ के पीछे वह और उसके पीछे पार्वती और लीला होती। जो कुछ मिलता उससे मुश्किल से पेट भरता।''*[7]

निम्न वर्ग के घरों की हालत इस कद्र बुरी हो जाती है कि उनके फाँके के दिन शुरू हो जाते हैं। इस दौरान मिला हुआ रुखा-सूखा खाना भी उनके लिए बहुत कीमती और लजीज होता है - *''डबलरोटी के सूखे टुकड़े, सीले हुये बिस्कुट, दो बासी परांठों का खजाना था। माँ ने दोनों बहनों को जगाया, लो खा लो.... ।''*[8] 'समय-बोध' कहानी में गौरी को मेम साहब से मिला हुआ खाना खाकर घरवाले संतुष्ट हो जाते हैं, क्योंकि यहाँ उन्हें रोटी के लाले पड़ रहे थे। वहाँ पर ये सब खाकर उनकी पेट की क्षुधा कुछ शांत हुई थी। फिर वहीं शुरू कहानी-संग्रह की 'ऊपर वाले की कृपा' कहानी में राम दीन निम्न वर्ग का व्यक्ति है, जो अपना रोजगार चलाने के लिए पत्नी रामवती के आभूषणों को बेचता है- *''जरूरी बर्तनों, मर्तबान, पिर्च-पिआले, चम्मच-गिलास वगैरा के लिये उसे फिर से रामवती की पायल बेचनी पड़ी, पर उसने उसे मना लिया था। जरा-सी दुकानदारी चलन दे, पायल तो क्या तेरे वास्ते इबकी कंठा बी गढ़वा के दूँगा।''*[9] इस वर्ग के पास जो भी कुछ है उसे बेचकर कमाने का जरिया ढूँढ़ने की कोशिश करता है। रामदीन भी पत्नी के गहने बेचकर कमाई का साधन बनाने की कोशिश करता है।

नारीवाद चेतना विकसित करने का अर्थ है- पितृक सामाजिक वर्चस्व को तोड़ते हुए नारी को समानता के अधिकार प्रदान करना और उसे समाज में मानवीय रूप प्रदान करना है। नारी चिंतन के संदर्भ में नारीवादी दृष्टि की यही सबसे बड़ी भूमिका है। आज लेखिकाएँ इस परिवर्तनशील समय में नारी के परंपरागत रूप में परिवर्तन को ढूँढ़ रही हैं तथा उनकी अस्मिता के लिए पूरी ईमानदारी से लड़ रही हैं। एक नारी लेखिका ही नारीवादी दृष्टि रख सकती है, क्योंकि पुरुष के लिए तो यह दृष्टि मात्र ही है। विजया वारद लिखते हैं कि *''हिंदी में महिला लेखिकायें अपनी प्रतिभा के बलबूते पर अभिव्यक्ति के इस क्षेत्र में पूरी ईमानदारी के साथ प्रयत्नशील हैं। इनकी कहानियाँ मील का पत्थर भले ही न बन पाई हों तो भी बदलती*

मूल्य व्यवस्था के यह महत्वपूर्ण दस्तावेज बनने की शक्ति रख सकती हैं।''[10]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि महिलाओं द्वारा रचित साहित्य नारीवाद चिंतन का आधार है। महादेवी वर्मा- 'शृंखला की कड़ियाँ' में लिखती हैं- *''कौतूहल वश बहार के संघर्षमय-क्षेत्र में प्रवेश करने वाली स्त्रियों की शक्ति का ऐसा परिचय मिला कि पुरुष-समाज ही नहीं, स्त्री भी अपने सामर्थ्य पर विस्मित हो उठी। इतने दीर्घकाल तक निष्क्रिय रहने पर भी स्त्री ने सभी कार्य क्षेत्रों में पुरुष के समान ही सफलता पा ली है। अब यह प्रत्यक्ष हो चुका है कि वे अपनी कोमल भावनाओं को जीवित रखकर भी कठिन से कठिन उत्तरदायित्व का निर्वाह कर सकती हैं, दुर्बल से दुर्बल कर्तव्यों का पालन कर सकती है और दुर्गम से दुर्गम कर्म क्षेत्र में ठहर सकती हैं।''*[11]

उत्तर-आधुनिक नारी कई तरह की चुनौतियों को स्वीकारते हुए विश्व के प्राय: प्रत्येक समाज में एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है। प्रत्येक क्षेत्र में अपनी योग्यता दर्ज कराने में वह सक्षम है। रोहिणी अग्रवाल ने लिखा है, *''परम्परागत पुराने मूल्य टूट रहे हैं। समय के अनुसार चिंतन के नये स्वर गूँज रहे हैं, संघर्ष में वह कहीं परास्त हो रही है, कहीं कामयाबी के शिखर पर है अर्थात् कुल मिलाकर अभी अव्यवस्था हैं, संघर्ष है निर्मित कुछ भी नहीं, निर्माण की प्रक्रिया निरंतर है।''*[12] पश्चिम में स्त्री से संबंधित समस्याओं पर विचार करने के लिए अलग-अलग आंदोलन चलते रहे। अलग-अलग देशों की स्त्री समस्याएँ क्योंकि अलग-अलग की रही हैं, इसलिए इनको एक निश्चित मॉडल के ऊपर लागू नहीं किया जा सकता है। इसका परिणाम राष्ट्र स्तर के स्त्री सम्मेलनों के रूप में सामने आया।

उपसंहार :

इस प्रकार लेखिका ने अपने कथा साहित्य में राजनीतिक संस्थाओं के दिन-प्रतिदिन गिरते जा रहे स्तर का उल्लेख किया है। राजनीतिक पार्टियों की बढ़ती जा रही सत्ता की भूख उन्हें जनता के प्रति सहिष्णु नहीं रहने देती। राजनीतिज्ञ सिर्फ अपना ही स्वार्थ साधने पर अमादा हैं, इसलिए देश में लगातार घोटालों की संख्या बढ़ती जा रही है। देश की जनता गरीब हो रही है, वहीं नेताओं की आमदनी दिन दुगुनी रात चौगुनी होती जा रही है। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय : द्वितीय महायुद्धोत्तर हिंदी साहित्य, राजपाल एंड सन्स, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 1973, पृ. 181
2. श्याम बहादुर वर्मा (प्र.सं. एवं कोशकार): प्रभात आधुनिक हिन्द शब्दकोश, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृ. 1307
3. डॉ. दीपक वर्मा : भारत में मानवाधिकार, पृ. 24
4. कमल कुमार : पहचान, पृ. 34
5. कमल कुमार : पहचान, नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, 1984, पृ. 78
6. वही, पृ. 83।
7. कमल कुमार : अन्तर्यात्रा, पृ. 96
8. कमल कुमार : क्रमशः, पृ. 98
9. कमल कुमार : पहचान, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1984, पृ. 88
10. विजयावारद : साठोत्तरी हिंदी कहानी और महिला लेखिकाएँ, पृ. 189-190
11. महादेवी वर्मा : शृंखला की कड़ियाँ, पृ. 52
12. रोहिणी अग्रवाल : हिंदी लेखन : दिशाएँ एवं संभावनाएँ, पृ. 12

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

आदिवासी संस्कृति के महासागर : समकालीन हिंदी उपन्यास

सीमा कुमारी मीना

शोधार्थी, हिंदी विभाग
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय
अजमेर (राजस्थान)
मो. 8742845652
ई-मेल : seemakanawat87@gmail.com

शोध-सार :

भारत की पावन धरा पर अनेक जाति, धर्म एवं संस्कृतियों का अद्‌भुत संगम है। सभी की जीवनशैली, रहन-सहन, आचार-विचार, प्रतिमान एवं परंपराएँ विशिष्टता लिए हुए हैं। भारत के मूल बाशिंदे, आदिवासी जीवन की पहचान का मूल आधार उनकी सांस्कृतिक विलक्षणता ही है, जो शुरुआत से ही सभी को आकर्षित करती रही है। मूल धारा के लोगों से विभेदक की मुख्य दीवार भी उनका सांस्कृतिक जीवन है। इनमें अपनी संस्कृति के प्रति गहरी आस्था है। आत्मनिर्भरता आदिवासी समुदाय की विशेष पहचान है। यह दूसरी बात है कि उनके सांस्कृतिक जीवन में बेदखली ने उन्हें अंतर्द्वंद्व में डाल दिया है। प्रकृति से असीम लगाव, परंपराओं से गहरा रिश्ता और प्रथाओं से समाज की निरंतरता एवं अंधविश्वासों से संघर्षयुक्त जीवन की सरसता ही तो बेजोड़ है। जल, जंगल, जमीन ही उनके जीवन के पर्याय है। अलौकिक शक्तियों में विश्वास भविष्योन्मुखी खतरों से आगाह की आहट ही संबल है। उनके जंगल, पहाड़, नदियाँ, खेत सिर्फ प्राकृतिक संसाधन ही नहीं है, अपितु उनके पूर्वज है। ये सभी उस वटवृक्ष की मूल जड़ें हैं, जिनकी शाखाओं के रूप में वे जीवन-बसर कर रहे हैं। अब यदि इन्हें इनकी जड़ों से विलगा दिया जाए तो उनकी क्या दशा होगी ? वे सिर रहित धड़ के रूप में जीवन के अस्तित्व को कैसे सुरक्षित रख पाएंगे ? यही आदिवासी समाज की सबसे बड़ी विडंबना है।

बीज-शब्द :

आदिवासी, उपन्यास, संस्कृति, सोबड़, बपला, न्योतना, सरना, मांडना, कटापुरा, सोहराई आदि।

प्रस्तावना :

गैर आदिवासियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से उन्हें सताया, ललकारा एवं दुत्कारा जा रहा है। उनकी सांस्कृतिक पहचान को बेरहमी से मिटाया

जा रहा है। इनकी सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनैतिक, कुटुंब व्यवस्था की अपनी एक पहचान है। वह पहचान ही इनका प्राण है। ये प्रकृति से त्याग भावना एवं संरक्षणपूर्ण दृष्टि से उतना ही ग्रहण करते हैं, जिससे उनके जीवन की निरंतरता सुलभता से चलती रहे और आने वाली पीढ़ी को भी संसाधनों की धरोहर को सौंप सके। इनमें प्राकृतिक संरक्षण की परंपरा आज वैश्विक पर्यावरण संकट के समय संपूर्ण विश्व के लिए अनुकरणीय है। जब तक प्रकृति के साथ सहजीवी संबंध स्थापित नहीं करेंगे, तब तक प्रकृति के साथ न्याय नहीं होगा। ये प्रकृति के साथ सखा, माँ, पिता एवं अन्य सभी आत्मीय संबंधों से जुड़े हुए हैं।

'संस्कृति' मानव के बाह्य एवं आत्मीय जीवन की अभिव्यक्ति है। इसका प्रयोग हम निरंतर दैनिक जीवन में इस रूप में करते हैं कि हमारी संस्कृति में यह उल्लेखित है। इसी के अनुसार हमें व्यवहार की इजाजत एवं बन्धन है। 'संस्कृति' शब्द आचारगत व्यवहार का नाम है। जो सम्+कृ+क्तिन् प्रत्यय लगकर निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ - सुधार, परिष्कार, परिष्करण व परिमार्जन होता है। सामान्यत: संस्कृति शब्द धार्मिक क्रियाओं एवं व्यक्ति के मानसिक, बौद्धिक और स्वभावगत परिष्करण के साथ-साथ प्रवृत्तियों एवं इच्छाओं के सामंजस्य एवं राग-द्वेष आदि के परिमार्जन के रूप में प्रयुक्त होता है। जिन कार्यों से हमारे आचार-विचार बनते एवं निखरते हैं, जिससे हमारी रुचि परिमार्जित होती है। उन सब का संबंध संस्कृति से है। मानव व्यवहार को संस्कारित करने वाले तत्त्व, जिनमें नैतिकता, सच्चाई, ईमानदारी, सद्गुण, सत्यम् शिवम् सुंदरम् आदि सभी संस्कृति के अंग हैं। मनुष्य के जीने का ढंग जो उसे समाज द्वारा उपहार में मिलता है और सामाज की विरासत बन जाता है, जिसके अनुसार वह आजीवन चलता-फिरता, खाता, सोता रहता है। 'टायलर' ने इसे परिभाषित करते हुए लिखा है कि - **'संस्कृति वह समग्र जटिलता है, जिसमें ज्ञान, विश्वास, कला, आचार, कानून और ऐसी ही अन्य क्षमताओं एवं आदतों का समावेश है, जो मनुष्य समाज का एक सदस्य होने के नाते प्राप्त करता है।'** [1]

लिंटन के अनुसार - **'संस्कृति ज्ञान, धारणाएँ एवं प्राकृतिक व्यवहार के प्रतिमानों का कुल योग है, जिसके सभी भागीदार होते हैं तथा जो हस्तांतरित की जाती है।'** [2]

विश्लेषण :

संस्कृति मानव निर्मित होने के कारण मनुष्य समाज में पाई जाती है, जिसके अंतर्गत जीने और विचारने के सभी तरीके परिगणित है, जिन्हें मनुष्य अपने समाज से सीखता है। समाजीकरण की प्रक्रिया ही संस्कृति की निरंतरता को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तान्तरित करती है, जो सामूहिक आदतों एवं अनुभवों की उपज होती है। आदिवासी समुदाय की संस्कृति भी उनके अनुभवों, व्यवहारों एवं संघर्षयुक्त जीवन का ही प्रतिरूप होने के कारण विशिष्टता लिए हुए हैं। उनकी संस्कृति के प्रमुख अंग उनकी जनरीतियाँ, प्रथा, संस्कार, यज्ञ, पुरुषार्थ, ज्ञान, विश्वास, भाषा, दर्शन, त्योहार, गोत्र, लोकगीत, जीवनशैली, मूल्य, आध्यात्मिक शक्तियाँ आदि के साथ-साथ मेले, लोककथाएं, लोकाचार, अतिथि-सत्कार, सामाजिकता, अंधविश्वास एवं मूल्य आदि हैं। ये संस्कृति के अवयव आदिवासी केंद्रित उपन्यासों में संरक्षित, सुरक्षित एवं पल्लवित हुए हैं। आदिवासियों का पंक्तिबद्ध इतिहास अनुपलब्ध है। वह तो सदियों से मानसिक धरोहर के रूप में ही सुरक्षित है। इस अमूल्य धरोहर को लंबे समय तक सुरक्षित रखने का सर्वोत्तम साधन आदिवासी केंद्रित उपन्यास है। इनकी संस्कृति के अध्ययन हेतु इनका विवेचन, विश्लेषण अनिवार्य है। ये जनजीवन के दर्पण है। इनमें इनकी संस्कृति की गंध रची-बसी है।

संस्कार :

आदिवासी विभिन्न संस्कारों से जीवन को सुसंस्कृत, अनुशासित एवं निखार कर अभीष्ट मानवीय गुणों को पल्लवित करते हैं। व्यक्ति को नैतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक आदि सभी जिम्मेदारियों को निभाने की शक्ति भी देते हैं। संस्कार व्यक्ति की गर्भावस्था से मृत्यु पर्यंत लौकिक एवं पारलौकिक सुख समृद्धि की कामना करते हैं। संस्कारवान बनकर व्यक्ति न केवल स्वयं की बल्कि

संपूर्ण समाज की प्रगति में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। इसमें व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की धारणा निहित है। ये आजीवन व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। जन्म संस्कार बच्चे के जिन्म से पूर्व आए दोषों के निवारण के लिए किया जाता है। 'काला पहाड़' उपन्यास में सलेमी का पोता गर्भस्थ होता है। तब उसके तन, मन की शुद्धता, गर्भपात को रोकने एवं गर्भवती माँ की संतुष्टि व रक्षा के उद्देश्य से संस्कार संपन्न किया जाता है। जब बच्चा जन्म लेने वाला होता है, तब कबीले की सभी महिलाएँ एकत्रित होकर ढाँढस बँधाती है और उसकी प्रसवपीड़ा को कम करने के लिए जड़ी-बूटियाँ लाकर देती है। तथा बुरी

नजर से बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के टोने-टोटके करती है। जन्म होते ही नाल काट संस्कार, थाली बजाकर संपन्न किया जाता है। जन्म के बाद नाल गाड़ना, जिसमें बच्चे की नाल को किसी बर्तन में रखकर बच्चे के चाचा द्वारा जमीन में गाड़ दिया जाता है। जन्म के सातवें दिन 'सोबड़' संस्कार पूर्ण किया जाता है। इसका उद्देश्य घर का शुद्धिकरण करना है। इस दिन बच्चे को बाहर निकाल और सूर्य के दर्शन करवाकर सभी की गोद में दिया जाता है। 'मरगं गोड़ा नीलकंठ हुआ' उपन्यास की निम्न पंक्तियों में इसके औचित्य को उकेरा है – **'और तू जब अकेले-अकेले झरने से पानी लेने जाती है, तब नाती (बच्चे के बाल काटकर माँ बच्चे का अछूत मिटाने की रस्म) हुए सात दिन भी नहीं बीते हैं। बच्चे को कमर पर लेकर सिर पर घड़ा लिए मटक-मटक कर ढलान से चढ़ते उतरते समय कोई आदमखोर बाघ तुम दोनों पर हमला नहीं कर सकता क्या ?'**[3] भील आदिवासियों में जन्म से 'एकसिया' संस्कार संपन्न होने तक कोई भी कपड़ा नहीं पहनाया जाता। 'एकसिया' के दिन जच्चा और बच्चा को नए वस्त्र पहनाकर हाथ में तांबे का सुकोम काले धागे में बांधकर कमर में बांधा जाता है। इस दिन बच्चे के नाखून और बाल काट कर समाज की सदस्यता स्वीकार करवाई जाती है और विभिन्न पूजा-पाठों के माध्यम से देवताओं को प्रसन्न करके आशीर्वाद के लिए आह्वान किया जाता है। 'मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ' में उल्लेखित हुआ है कि झारखण्ड के आदिवासियों में 'तुपुनुम' (नामकरण) करने के लिए एक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। बर्तन में हल्दी, पानी, दूध, अक्षत और दाल के दानें डालकर एक-एक करके परिवार के पितरों एवं जीवित सदस्यों का नाम लिया जाता है। जिस नाम के उच्चारण के बाद पूजा सामग्री पानी की सतह पर आपस में मिल जाए, वही नाम दे दिया जाता है। उसके पीछे यह धारणा है कि हमारे पूर्वज और देवता इसको यही नाम देने के इच्छुक है।

विवाह संस्कार :

आदिवासियों में विवाह संस्कार को गृहस्थ जीवन का प्रवेश द्वार कहा जाता है, जिसे पूर्ण करने के लिए सर्वप्रथम पाँच पंचों द्वारा 'बपला' (सगाई) प्रथा रस्म पूर्ण की जाती है, जिसे 'मरगं गोड़ा नीलकंठ हुआ' की पंक्तियों में देखा जा सकता है – **'और कुशलता से लड़के वालों का पक्ष रखकर दूतम् पंचों ने जल्द ही 'बपला' की तारीख तय करवा दी। 'बपला' दो परिवारों के बीच होने वाले नये सम्बन्धों को मजबूत बनाने की रस्म। दूतम् पंचों ने दोनों पक्षों की सहमति से ये भी तय करवाया कि बपला में लड़के की तरफ से कितने लोग जाएंगे लड़की के घर।'**[4] बपला में गोनोंग दहेज की शर्तें निश्चित करने के पन्द्रह दिन बाद गोनोंहर 'गोनोंग' लेने लड़की के घर जाते हैं। वहाँ

अतिथि का स्वागत करके पुरुषों की उपस्थिति में 'गोनोंग' का लेन-देन होता है। जिसके अंतर्गत नगदी, पशु एवं खाद्य-पदार्थ आदि लड़की वालो को दिये जाते है। दो समुदाय में विवाह संस्कार के अंतर्गत सगाई, विनायक स्थापना, लग्न, पस्सी भरना, हल्दी-तेल चढ़ाना, घूड़ा पूजन, गौरी पूजन, भात न्योतना, भात भरना, विदाई, खोडयिा निकालना, कंकण डोरना खोलना, शीतला- पूजन, फेरे, देहरी-पूजन एवं विदाई आदि परम्पराओं का निर्वहन किया जाता है, ताकि विवाह बंधन के गठजोड़ को सुदृढ़ बनाया जा सके। सभी आदिवासियों में कुछ भिन्नता के साथ विवाह संस्कार का प्रावधान है, जिसे अलग-अलग तरीके से संपन्न किया जाता है।

आदिवासियों में मृत्यु संस्कार भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया जाता है। इनमें शव को नहला कर विभिन्न पूजा सामग्रियों से श्रृंगार किया जाता है। कुछ आदिवासियों में जलाने व कुछ में दफनाने की प्रथा है। हल्दी, चावल से पूजा करके 'मरगं गोड़ा नीलकंठ हुआ' की पात्र मेन्जारी को दफना दिया गया। गाड़ी गई छतरी के नीचे रोज सात दिन तक पानी, दतुअन और तीनों समय खाद्य-पदार्थ देना जरूरी था। वरना आत्मा के क्रोधित होकर अनर्थ करने की संभावना से, संतुष्टि प्राप्त नहीं की जा सकती।

पर्वोत्सव एवं त्योहार :

भारत त्योहारों का देश है। इस नाम से उसने विश्व में अपना परचम लहराया है। आदिवासी समुदाय में पर्वोत्सव एवं त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं, जिनमें प्रकृति की झलक देखने को मिलती है। 'आदिभूमि' उपन्यास में उड़ीसा के बोंडा आदिवासियों के पर्वोत्सव एवं त्योहारों की विवेचना अनुपम है। यहाँ पर्व को किसी भी परिस्थिति में स्थगित नहीं किया जा सकता। किसी की अनुपस्थिति, मृत्यु भी बाधक नहीं बन सकती। उपन्यास के पात्र बाघबिंदु के घर पर नहीं होने पर भी उनकी पत्नी बुदेई टोकी पूर्ण हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाती है, यथा - **'जीवन-मरण अपनी राह, पर्व अपनी राह। मरण में कभी पर्व नहीं रुकता। घर पर मुर्दा पड़ा रहे, रोना पीटना होगा। गांव में पर्व आएगा जैसे आते हैं। धूप, वर्षा, रात-दिन, जीवन किसी के लिए नहीं रुकता तो पर्व क्यों रुके ? जीवन रहे पर्व न रहे ये बोंडा पहाड़ पर कभी नहीं सुना। बोंडा जीवन और पर्व आपस में गूंथे बंधे हैं।'**[5]

आदिवासियों में चैत्र पर्व, माघ पर्व, भूत पर्व, भोंट पर्व, सरहुल, करमा, खरजितिया, सोहराई, कांदू, बाह्य, बापोरेंव, डांड, कुंआरीपूजा, पौष, दशहरा, दीपावली, होली, आदि त्योहार एवं पर्व विशिष्टता लिए हुए हैं। 'चैत्रपर्व' चैत्र मास में, माघपर्व माघ मास में मनाए जाते हैं। 'भोंट' पर्व में तीन गांवों के तीन बूथ बनाकर मुर्गा, दारू, चावल आदि भोंट के रूप में देते हैं। अपनी इच्छा अनुसार कुछ चिह्न दिया जाता है। 'भूतपर्व' न केवल आदिवासी अपितु शहरी समाज के लोगों द्वारा भी मनाया जाता है, जिसमें मद्य, मांस, भोजन, रक्त, एवं बलि देने का प्रावधान है। आदमी की बलि दिए बिना यह पर्व अधूरा माना जाता है। झारखण्ड के मुंडा, उराँव, संथाल समुदाय में 'सरहुल' पर्व भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है। यह पर्व चैत्र मास में शुक्ला तृतीया को मनाया जाता है, जिसमें 'सरना' (सखुओं का कुंज) की पूजा करके ईश्वर से रक्षा की भीख मांगी जाती है। शेरशाह सुरी ने जब रोहिताशगढ़ पर आक्रमण किया तो उराँव सरहुल का त्योहार मना रहे थे। सरहुल के त्योहार में किले के सारे पुरुष 'सरना' पूजा के धार्मिक अनुष्ठान में व्यस्त थे। फलत: रोहिताशगढ़ पर आक्रमण करके विजित कर लिया गया। 'करमा त्योहार' आदिवासियों का सबसे महत्त्वपूर्ण और प्रसिद्ध त्योहार है। यह पूरे झारखण्ड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसमें धर्म-कर्म दो भाइयों के संयोग की महत्ता है। इस अवसर पर कर्मावृक्ष की पूजा करके शांति का अनुभव करते हैं, यथा -**'कर्मा के व्रत में पवित्र वृक्ष की तीन शाखाओं की पूजा का विधान है, जिसे जंगल से भाई ही लाते हैं। भाइयों द्वारा लाई गई कर्मा की डालियों को अपने-अपने आंगन में उसकी पूजा करती है बहनें।'**[6]

इस अवसर पर घरों की लिपाई-पुताई करके मांडना बनाए जाते हैं। चबूतरे पर बीज डालकर महिलाएं नित्य बीजों को सींचती है। चौबीस घंटे का व्रत रखा जाता है।

कर्मावृक्ष मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में अपनी पहचान आदिवासी समुदाय के अंतर्गत बनाए हुए हैं। पशुओं के आतंक से रक्षा, स्वस्थ और योग्य संतान की प्राप्ति, सुख-समृद्धि, जीवनसाथी का चुनाव आदि सभी कार्यों को संपन्न करने में कर्मा की उपादेयता को विस्मृत नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार के भावों को आत्मसात किए हुए 'खरजितिया पर्व' भी झारखंड के मुंडा आदिवासियों में मनाया जाता है। झारखंड के संथाल आदिवासियों में 'सोहराई पर्व' जो एक पशु को श्रद्धा अर्पित करने का त्योहार है। कार्तिक मास में मनाया जाता है। इसे रिश्तेदारों के मान-सम्मान का पर्व भी कहा जाता है। 'कुंआरी पूजा' पर्व में खासी समुदाय में अपनी शील की रक्षा हेतु गौरी की पूजा की जाती है, यह पूजा शील, सदाचार, सत्यता, ईमानदारी, आदि सद्गुणों का पाठ पढ़ाती है। इस प्रकार आदिवासी समुदाय में विभिन्न त्योहारों को मनाने के पीछे कोई न कोई औचित्य निहित है, जिसमें कल्याण की भावना छिपी हुई है।

लोकधर्म :

धर्म का मतलब है। कोई अलौकिक शक्ति, जो मनुष्य से श्रेष्ठ है और मनुष्य को निर्देशित, नियन्त्रित और संचालित करती है। धर्म मानसिक तनावों एवं संघर्षों से मुक्ति, सामाजिक मूल्य एवं मान्यताओं के संरक्षण, सद्गुणों का विकास, सामाजिक नियंत्रण, सुरक्षा की भावना एवं विश्वबंधुता का भाव कायम करने में अहं भूमिका निभाता है। 'मगरी मानगढ़ गोविन्द गिरि' उपन्यास में धर्म क्या है? कि स्पष्ट व्याख्या की है -'**धर्म वह है, जो हृदय से सत्य कर्तव्य का पालन करता है। वो करो जिससे भय, शंका, लज्जा आदि न हो। स्मरण रखें अग्नि में ईंधन और घी डालने से अग्नि बढ़ती जाती है। वैसे ही कामवासना के उपयोग से कामवासना कभी शांत नहीं होती, उल्टे बढ़ती जाती है। पूरा समाज अपने कर्मों का फल पा रहा है।**'[7]

आदिवासियों में धार्मिक आडंबर, अंधविश्वास एवं रूढ़ियाँ पिछड़ेपन का मुख्य कारण है। उपन्यासकार ने धर्म के इस विकृत रूप से बाहर निकालने के लिए ही धर्म की सार्थक व्याख्या की है। 'पठार पर कोहरा' उपन्यास में फादर संजीव को बताते हैं कि रूढ़ियों ने धर्म पर

'संस्कृति' मानव के बाह्य एवं आत्मीय जीवन की अभिव्यक्ति है। इसका प्रयोग हम निरन्तर दैनिक जीवन में इस रूप में करते हैं कि हमारी संस्कृति में यह उल्लेखित है। इसी के अनुसार हमें व्यवहार की इजाजत एवं बन्धन है। 'संस्कृति' शब्द आचारगत व्यवहार का नाम है। जो सम्+कृ+क्तिन् प्रत्यय लगकर निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ- सुधार, परिष्कार, परिष्करण व परिमार्जन होता है। सामान्यत: संस्कृति शब्द धार्मिक क्रियाओं एवं व्यक्ति के मानसिक, बौद्धिक और स्वभावगत परिष्करण के साथ-साथ प्रवृत्तियों एवं इच्छाओं के सामंजस्य एवं राग-द्वेष आदि के परिमार्जन के रूप में प्रयुक्त होता है। जिन कार्यों से हमारे आचार-विचार बनते एवं निखरते हैं, जिससे हमारी रुचि परिमार्जित होती है। उन सब का सम्बन्ध संस्कृति से है। मानव व्यवहार को संस्कारित करने वाले तत्त्व जिनमें - नैतिकता, सच्चाई, ईमानदारी, सद्गुण, सत्यम् शिवम् सुंदरम् आदि सभी संस्कृति के अंग हैं।

प्रहार किया है और आडंबर उसकी नींव को खोखला कर रहे हैं। धर्म को शाखाओं में विभक्त करके कट्टरता का भाव भी धर्म की जड़े काट रहा है। फादर समझाते हैं कि धर्म में जितनी उदारता, दया, करुणा, त्याग, तपस्या का संचार होगा, वही समाज का पालक व पोषक बन सकता है। धर्म का मर्म है - दूसरों की भावनाओं को समझना, दूसरों के प्रति आस्था, दूसरे के विश्वासों का सम्मान, अपने विश्वासों में दृढ़ता एवं हृदय में पवित्रता

का भाव आदि बाकी सब कर्मकांड है। धर्म की ओर मोड़ने के उपाधान मात्र है। मानवधर्म सत्य, अहिंसा, करुणा, आत्मसंयम, समर्पण, त्याग, ईमानदारी से ही शोभा पाता है। असहाय की सहायता करना कर्म बंधन से मुक्ति का मार्ग है। ईमानदारी से बढ़कर कोई नीति नहीं है। ईश्वर का निवास स्थान मंदिर, मस्जिद, चर्च, न होकर मनुष्य का हृदय है। इस प्रकार हमारे सद्‌गुणों का चरम विकास ही धर्म है, जो समाज को सन्मार्ग दिखाकर नियंत्रित, विनियमित, निर्देशित एवं व्यवस्थित रखता है। उपन्यास में लेखक धार्मिक कट्टरता, असहिष्णुता को धर्मान्धता की संज्ञा देकर उससे बचने की प्रेरणा दी हैं। 'मगरी मानगढ़ गोविन्द गिरि' उपन्यास में गोविन्द गिरि आदिवासी समाज को संगठित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए मानवधर्म को ही सर्वोपरि मानते हैं और हक की लड़ाई अहिंसात्मक शस्त्रों से लड़ने की सलाह देते हैं। 'धूणी तपे तीर' में मानवीय धर्म के सभी पहलुओं जैसे परछिद्रान्वेषण से बचना, किसी के दिल को ठेस न पहुँचाना, भलाई करना, असत्य भाषण से परे आदि को धारण करने को ही व्यक्ति और समाज की उन्नति का मूल मानते है। वे परोपकार को सबसे बड़ा धर्म और पर पीड़ा को सबसे बड़े पाप की संज्ञा देते हैं। सम्पसभा का उद्देश्य ही समाज को सन्मार्ग पर लाना था ईश्वर तक पहुँचने के मार्ग की ओर संकेत करते हुए लिखते हैं कि – **'ईश्वर के निकट पहुँचने का मार्ग धर्म है। धर्म से ही ईश्वर के प्रति आस्था पैदा होती है। धर्म से ही मनुष्य में नैतिक गुणों का विकास होता है और दंभ, पाखंड, व हिंसा की प्रवृत्तियों का विनाश होता है। धर्म का मूल सन्तों ने 'दया' बताया है। दया के भाव को अपनाना अनिवार्य है। हरे दरख्तों को नहीं काटना पेड़-पौधों के प्रति दया-भाव है। अपने मन, वाणी और कर्म से किसी मनुष्य को नहीं सताना मानव के प्रति दया भाव है। किसी प्रकार का कष्ट नहीं पहुँचाना, जीवों के प्रति दयाभाव है। इससे मनुष्य का मन निर्मल होता है। बिना दयाभाव के धर्म की बात करना बेमानी है।'**[8]

यज्ञ एवं ऋण :

ऋण एवं यज्ञ का विधान भी आदिवासी समाज की विशिष्टता है। हिंदूशास्त्रों के अनुसार ऋणों से उऋण होने पर ही व्यक्ति को संकटों से छुटकारा मिल सकता है। तीनों तापों – दैहिक, दैविक और भौतिक से मुक्ति का साधन भी ऋणों से उऋण होना है। आदिवासी समाज में ऋणग्रस्तता सबसे बड़ी चुनौती है। इससे उबरने के लिए बैठ-बेगार, बंधुआ बनना एवं अन्य सभी दासता भी सहर्ष स्वीकार है। 'परजा' उपन्यास में शुक्रजानी का परिवार गोती प्रथा के अभिशाप से अभिशप्त है। उसे यह चिंता सताती है कि साहूकार के ब्याज की ऋण शृंखला से मुक्ति कैसे मिलेगी ? इस हेतु वह कुछ भी करने को तैयार है। 'बाजत अनहद ढोल' उपन्यास में देवऋण से मुक्ति को संघर्षों से छुटकारा पाने का उपाय बताया है। मनुष्य देवताओं का भी ऋणी होता है। पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, वनस्पति, आदि संसाधन मानव जीवन में सहायक होते हैं। इसलिए वह उनका भी ऋणी होता है। यह ऋण दान और यज्ञ करने से चुकता है, ऐसी उनकी धारणा है। इसलिए वे दो जून की रोटी के लिए मोहताज होने पर भी यज्ञ, बलि, दान एवं सामूहिक भोज आदि का आयोजन करते हैं। उक्त रस्मों को संपन्न करने के लिए बंधुआ भी बन जाते हैं। यहां हर संकट का उपाय पूर्वजों एवं देवताओं को संतुष्ट करना है। 'आदिभूमि' उपन्यास की निम्न पंक्तियां दृष्टव्य है – **'सोमा ने सोचा अब पोते के मंगल के लिए सारे बिरु (पूजा) कर ले, जैसे डूँबा, – डायनों, देवता किसी की अशुभ दृष्टि, कोप, शाप, न पड़े। तब वह ढेरों दिन जी सकेगा। ढेरों बाल-बच्चे होंगे, धरती पर खूब फसल होगी। वंश भी लता की तरह फैल जाएगा। बोंडा पहाड़ पर इस छोर से उस छोर तक।'**[9]

'धूणी तपे तीर' व 'मगरी मानगढ़ गोविन्द गिरि' उपन्यासों में गोविन्द गिरि द्वारा धूणी धामों की स्थापना करके समाज को यज्ञ के लिए प्रेरित करने के प्रयास में यही धारणा अंतर्निहित है। वे गुरु के उपदेशानुसार धूणी में नारियल, घी, मिठाई डालकर हवन करते हैं। संध्यावंदन, चंदन का तिलक लगाना, स्नान करना, आरती, भक्तिगीत, पशु-पक्षियों की सेवा, अहिंसा आदि की शिक्षा देकर समाज को ऋणों से मुक्त होने के अनेक उपायों से अवगत कराते हैं। स्वयं के कर्मों का फल पिता, भाई-बहन आदि को मिलता है। पितृ-ऋण के सम्बन्ध में ऐसी धारणा है, जिसे उतारने के लिए धर्म के अनुसार

कुल परम्परा का पालन श्राद्ध करना, पितृपक्ष में तर्पण, संतान उत्पत्ति, व्रतों का पालन, दान, यज्ञ, पर्यावरण संरक्षण, आदि को करने का प्रावधान है। 'आदिभूमि' में अपने पूर्वजों को डूमा की संज्ञा दी है और उनकी संतुष्टि के लिए पूजा-पाठ का प्रावधान है। वे अपने पूर्वजों की स्मृति में पत्थर गाड़ते हैं, उसकी पूजा करते हैं, जिसके पीछे यह धारणा है कि पूर्वजों की आत्मा उसका मार्गदर्शन करती रहेगी। साथ ही इधर-उधर भटकने से भी बच जाएगी। पितृ ऋण का उदाहरण है - **'चार पीढ़ी का आदमी सोमा मुदली के बेटे, पोते, पड़पोते का पूर्व पुरुष है। मगर उनके डूमा का पूर्व पुरुष नहीं हो सका, क्योंकि वह खुद अब तक डूमा नहीं बना। अब अपनी पैदा की गई संतानों के डूमा से डरेगा, भाग देगा, संतुष्ट रखेगा, वरना वे विपद खड़ी करेंगे। अत: उसके घर के बीच में खंभे पर बाप दादों, परदादों के साथ बेटे-पोते-पड़पोते के डूमा भी मिलकर उसकी कदम-कदम पर चौकसी करेंगे।'** [10]

मांडना एवं भित्तिचित्र :

आदिवासियों में मांडना एवं भित्तिचित्र की लोककला काफी मशहूर है। लोककला में समाज की विभिन्न मान्यताओं, प्रथाओं, रस्मों. धार्मिक विश्वासों एवं प्रकृति की प्रस्तुति की जाती है। ये आदिवासी जीवन की उमंग उल्लास को अभिव्यक्त करते हैं। संथाल जनजाति में चित्रों की रचना करने वाले को 'जादो' कहा जाता है। आदिवासी तो हर स्त्री कलाकार की उपाधि धारण किए हुए हैं। संथाल भित्ति चित्र में लाल, काले, सफेद रंगों का प्रयोग करते हैं। ये अपनी दीवारों और घरों में फूल, पत्ती, पौधे, मछली एवं स्वास्तिक आदि के चित्र उकेरते हैं। आज उनकी यह कला व्यापार की दृष्टि से वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बना चुकी है। मैंने उनसे साक्षात्कार में पाया कि उन्हें यह कला पूर्वजों से विरासत में मिली है और वे विभिन्न उत्सवों पर इन्हें विशेष रूप से चित्रित करती हैं। गोपीनाथ महांती के 'परजा' उपन्यास में उड़ीसा के कटापुरा जंगल में रहने वाले आदिवासी समाज की पौष पर्व पर मांडना एवं भित्ति चित्रकला का निर्वहन करती आदिवासी महिलाओं की छटा दर्शनीय है- **'जल्दी उठकर मूँह पर बासी पानी छींटते न छींटते गांव की बहू-बेटियाँ लाल माटी लाने चल पड़ी है। घर में लिपाई-पुताई होगी काम लग गया है। भींत पर सफेद माटी, लाल माटी, बरामदे में काली माटी, पीली माटी, इनके बाद माँडना माँडेंगे। घर की लिपाई हुई। पट्टी-पट्टी पर कई रंग के चित्र माटी से बने, कोयला पीसकर अलसी के तेल में मिलाकर किवाड़ पर एवं चौखट पर काला रँग दिया, घर चमक उठा।'** [11]

अतिथि सत्कार :

अतिथि सत्कार तो इनके खून में ही रचा बसा है। कई जगह तो अश्रुजल से अतिथि के पैर धोने के प्रमाण भी मिले हैं। अतिथि को देवता के समान मानते हैं, जिसके पीछे उनकी धारणा है। कि अतिथि अपने आतिथ्य के ग्रहण से संचित पुण्यों को घर में छोड़ जाते हैं। आदिवासी अपनी इच्छाओं की पूर्ति त्याग भावना से करके, अतिथि की सेवा को परम धर्म मानते हैं, जिसे एक यज्ञ की संज्ञा देते हैं। अतिथि को खिलाने के बाद ही बचे हुए अन्न का सेवन करते हैं, यदि नहीं बचा तो बिना जलपान के भी सो जाते हैं। अतिथि की इच्छानुसार हुक्का, भोजन, जलपान एवं दान-दक्षिणा अर्पण करते हैं। **'अरण्य में सूरज' उपन्यास की निम्न पंक्तियाँ इसका ज्वलंत उदाहरण है -'अतिथि देवो भव:' आज भी इनके खून में बसा हुआ है। कोई भी शहर से आ जाए उसका सत्कार करने में स्वयं भूखे रह जाते हैं, परमानंदजी सोच रहे हैं कि मैं यहां आया तो किसी ने भी मुझे दुत्कारा नहीं, सभी ने मेरा सम्मान किया और मुझे रहने को जगह दी थी।'** [12]

मेले :

आदिवासियों में मेलों का विशेष महत्त्व है। उनमें मेले और त्योहारों की जैसी अनुपम छटा देखने को मिलती है। वैसी अन्य समाजों में दुर्लभ है। अधिकांश मेलों का संबंध किसी देवी-देवता या अन्य धार्मिक भावना से जुड़ा होता है। इसलिए मेलों में संपूर्ण लोकजीवन

पूरी सक्रियता एवं निष्ठा से सम्मिलित होता है। इन मेले के अलग-अलग क्षेत्रों में अपने गोत्र एवं अपनी अलग संस्कृति होती है, जिससे इनके प्रति जनसमाज की गहरी भावात्मक आस्था, श्रद्धा, समर्पण की भावना पाई जाती है। वर्षों बीत जाने के बाद भी लोकआस्था के ये स्थल अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आदिवासी युवक-युवतियाँ, बच्चे, वृद्ध सभी में मेलों की उमंग, चाह, श्रद्धा एवं विश्वास देखने को मिलता हैं। गांव के लोग उमंग से भरे हुए झुंड के झुंड पैदल या अन्य किसी यातायात के साधन में बैठकर मेला देखने जाते हैं। 'अरण्य में सूरज' उपन्यास में चित्रित मेले में, सोहना के परिवार के सभी लोग एवं गांव के अन्य परिवारों में भी मेला देखने का उत्साह, उमंग का मार्मिक चित्रण हुआ है। ये मेले आदिवासियों के लिए मेल-मिलाप के स्थल भी होते हैं। राजुड़ा सोहना को बताता है। कि दादा, सोहणी, रमेश जीजा, लक्ष्मी, गंगा भाभी आदि सभी मेले में सम्मिलित होने के लिए आ रहे हैं। बरसात संतुलित मात्रा में होने के कारण मेले के उत्साह में चार चाँद लग गए। इन मेलों से जरूरत की आवश्यक चीजें जैसे - चूड़ी, शृंगार-प्रसाधन के साधन, गुड़, शक्कर, घी, तेल, नमक, मिर्ची, हल्दी, सब्जियां, फल, कपड़े, आभूषण एवं अन्य सभी चीजें क्रय करके लाने का दृश्य बहुत मनोहारी लगता है। गृहस्थी के भार से मुक्त होकर मेले में व्यक्ति स्वछन्दता का अनुभव करते है। मेले का दृश्य दृष्टव्य है - **'तालाब किनारे मेला लगा था, डोलर झूले से लेकर चकरी झूला, हवाई झूला सभी वहां थे। खाने-पीने का सामान भी खूब बिक रहा था। मेले में गांव वाले अधिक थे, गंगा ने पीले रंग की साड़ी पहनी थी और सोहनी ने भी अच्छे कपड़े पहन रखे थे। गंगा के आज भी घुंघट था। अभी कुछ दिन पहले ही सोहना मँजरी के कारण आहत हुआ था तो उसे गंगा को देखने की ललक बढ़ गई थी। गांव वालों के लिए चूड़ी, बिंदी, लाली, रिबन आदि सामानों की बहुत सारी दुकानें सजी थी।'**[13]

'जो इतिहास में नहीं है' उपन्यास में हथियादह के चैत्री मेले की विशिष्टता अंकित है। इसमें तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसके विजेता को पुरस्कार एवं समाज में उचित स्थान दिया जाता है। सगोत्रीय यौन संबंध भी निसिद्ध होने पर भी विजेता के लिए शिथिल हो जाते हैं। यह मेला आदिवासी समाज में एकजुटता, प्रेम व भाईचारे के भावों का संचार करता है। हथियादह के चैत्री मेले में सम्मिलित होने के लिए आदिवासी युवक पूरे साल धनुर्विद्या का अभ्यास करते थे। हर युवक का सपना होता था कि वह भी विजित हो, एक ही विजेता के रूप में चुना जाता है, बाकी के निराशा ही हाथ लगती है। वे पराजय को ईश्वर का प्रसाद मानते हैं, मेले के दृश्य बहुत ही अद्‌भुत है। जैसे कहीं अलाव जल रहे, कहीं रोटियां सीक रही, कहीं-कहीं तंबुओं को ठीक किया जा रहा है। कहीं गुड़, नमक, तेल, मुर्गे का भाव किया जा रहा तो कहीं पशुओं की बोली लगाई जा रही आदि दृश्य परवश ही ग्राहकों का ध्यान अपनी और आकर्षित कर लेते हैं। ये मेले युवक-युवतियों के कटाक्ष और प्रेम पूर्ण वार्तालाप के अखाड़े होते हैं। हारिल मुरमू का तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रतियोगी बनने का मूल उद्देश्य लाली को पाना था और वह इसमें विजित भी हो जाता है। हारिल मुरमू सोचता है कि - **'क्या चावल, धोती और रुपए के लिए ही अपने मान प्रतिष्ठा की बाजी लगाकर तीर खेलने का उतरा था, हारिल मुरमू इतने छोटे पुरस्कार, जिन्हें हाट से खरीदा जा सकता था, के लिए कठिन अभ्यास करता रहा था हारिल मुरमू। हारिल की अभीप्सा थी लाली जो उसे रूईदास गढ़ की महारानी से भी सुंदर लगती थी। लाली की बोली- बानी ....जैसे बारिश की बूंदों का पत्तियों से झरता संगीत ....। हारिल मुरमू के लिए तो लाली की नेह भरी आंखों में ही था उसका गाँव। अपना जंगल सारी दुनिया। लाली की कत्थई आंखें ही थी बाधामुंडी के उस युवक धनुर्धर के जीने-मरने का निमित्त .....।**[14]

प्रतियोगिता जीतने पर हारिल का स्वागत सत्कार किया गया। महतो हारिल मुरमू को बिना गांव, गोत्र, माता-पिता आदि का परिचय जाने उसके सत्कार में

कोई कमी नहीं रखता है। अनेक प्रकार के व्यंजन बनाकर उन्हें खिलाकर विदा करता है।

हर साल राजस्थान के डूंगरपुर में माघ पूर्णिमा पर बैणेश्वर मेला लगता है। एकादशी से शुरू होकर पूर्णिमा को समाप्त होता है। इस मेले को आदिवासियों के महाकुंभ की संज्ञा दी गई है। इसमें राजस्थान के अलावा मालवा और गुजरात के आदिवासी भी भाग लेते हैं यह सोम, माही और जाखम नदियों के संगम स्थल पर भरता है। 'धूणी तपे तीर' एवं 'मगरी मानगढ़ गोविन्द गिरि' उपन्यास में इस मेले की विशिष्टता दर्शनीय है। यह मेला आदिवासियों में आस्था, विश्वास, उमंग, उत्साह एवं सरसता का संचार करता है। इस मेले में आदिवासियों के गांव के गांव उमड़ पड़ते हैं। और वे विभिन्न पूजाओं के माध्यम से पूर्वजों की मुक्ति की कामना करते हैं।

निष्कर्ष :

समकालीन हिन्दी उपन्यासों में वर्णित आदिवासी संस्कृति के विभिन्न तत्त्वों का अध्ययन, विश्लेषण करने के पश्चात् सारांशत: कहा जा सकता है कि ये उपन्यास आदिवासी लोक जीवन, मूल्यों, त्योहारों, संस्कार, वर्णाश्रम, धर्म, कर्म, लोकाचार, अतिथि-सत्कार, लोक-कला, लोकगीत, सामाजिक प्रतिमान, ज्ञान, यज्ञ, प्रथागत कानून एवं जल जंगल, जमीन, से जुड़ाव आदि संस्कृति के विविध आयामों के प्रामाणिक दस्तावेज है। इनमें आदिवासी संस्कृति की विशिष्टता विवेचित एवं संरक्षित है। भारतीय संस्कृति के मूलभूत तत्त्वों को तो संरक्षण मिला ही है, साथ ही सनातन धर्म के उज्वल रूप को भी विवेचित किया गया है, इन्हें आदिवासी सांस्कृतिक तत्त्वों का महासागर कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. प्रो एम. एल. गुप्ता एवं डॉ. डी. डी. शर्मा : 'समाजशास्त्र', साहित्यभवन प्रकाशन, आगरा, पृष्ठ सं. 188
2. प्रो एम. एल. गुप्ता एवं डॉ. डी. डी. शर्मा : 'समाजशास्त्र', साहित्यभवन प्रकाशन, आगरा, पृष्ठ सं. 189
3. महुआ माजी : 'मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ', राजकमल प्रकाशन, 2012, पृष्ठ 39
4. महुआ माजी : 'मरंग गोंडा नीलकंठ हुआ', राजकमल प्रकाशन, 2012, पृष्ठ 32
5. प्रतिभा राय : 'आदिभूमि', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2019
6. राकेश कुमार सिंह : 'जो इतिहास में नहीं है', पृष्ठ सं. 379
7. राजेंद्र मोहन भटनागर : 'मगरी मानगढ़ गोविन्द गिरि', वाणी-प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2011, पृष्ठ 85
8. हरिराम मीणा : 'धूणी तपे तीर', साहित्य उपक्रम, प्रथम संस्करण, जनवरी 2008, पृष्ठ 228
9. प्रतिभा राय : 'आदिभूमि', पृष्ठ 96
10. प्रतिभा राय : 'आदिभूमि', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2019, पृष्ठ सं 123
11. गोपीनाथ महान्ती : 'परजा', भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 57
12. अजित गुप्ता : 'अरण्य में सूरज', सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009
13. अजित गुप्ता : 'अरण्य में सूरज', सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009 पृष्ठ 120
14. राकेश कुमार सिंह : 'जो इतिहास में नहीं है', पृष्ठ सं. 7

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

প্রবন্ধ

প্রেমচন্দৰ অমৰ সৃষ্টি ‘কফন’

ড° নবকান্ত শর্মা

সহকাৰী অধ্যাপক, হিন্দী বিভাগ
কন্যা মহাবিদ্যালয়, গুৱাহাটী, অসম
ম'বাইল ঃ ৮৬৩৮২৮১০৫২

০১ ভূমিকা ঃ

